खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम :21°C

मुरादाबाद, मंगलवार 12 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 266 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 24 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मंत्रिमंडल विस्तार का सकारात्मक असर आमजन के जीवन पर पड़े, तो बेहतर: माया पेज 2



अश्लील भाषा के इस्तेमाल पर आरसीबी के कोच एंडी फ्लावर पर लगा जुर्माना खेल टाइम्स



दयालुता मानवता का सबसे बड़ा सौंदर्य, इसे बनाए रखें सम्पादकीय



ईरान ने अमेरिकी योजना को किया खारिज पेज 12

# टीएमसी 31 सीटों के नतीजों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि बंगाल में सीटों पर जीत का अंतर एसआईआर में कटे वोटों से कम मामले में ममता बनर्जी और अन्य लोग नई याचिकाएं दाखिल कर सकते हैं।'

टीएमसी ने दावा किया है कि हालिया विधानसभा चुनाव में 31 सीटों पर जीत का अंतर, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान हटाए गए वोटों की संख्या से कम था। दरअसल, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच बंगाल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान टीएमसी सांसद और वकील कल्याण बनर्जी ने बागची की उस टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि अगर जीत का अंतर हटाए गए वोटों से कम है, तो अदालत शिकायतों पर विचार कर सकती है। चुनाव आयोग अधिवक्ता डीएस नायडू ने कहा कि इसका उपाय चुनाव याचिका है। एसआईआर से जुड़े मुद्दों और मतदाता सूची संशोधन के दौरान वोट जोड़ने या हटाने के खिलाफ अपीलों के लिए ही चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। टीएमसी के वकील कल्याण बनर्जी ने कहा कि मेरे एक उम्मीदवार 862 वोटों से हारे, जबकि दिलचस्प बात यह है कि उस निर्वाचन क्षेत्र में एसआईआर के दौरान 5,550 वोट हटा दिए गए थे। ऐसी 31 सीटें हैं, जहां जीत का अंतर हटाए गए वोटों से कम था। हालांकि लिस्ट नहीं दी। टीएमसी और भाजपा के बीच कुल वोटों का अंतर करीब 32 लाख था और वोट डिलीशन के खिलाफ 35 अपीलें अभी भी पेंडिंग हैं। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि परिणामों, वोट हटाने आदि के बारे में जो भी कहना है, उसके लिए अलग अंतरिम आवेदन दाखिल करना होगा। चुनाव आयोग जो यह कह रहा है कि चुनाव याचिका ही उपाय है, वह अपनी जवाबी हलफनामे में यह बात रख सकता है।

**दीदी की दलील**

- यहां जीत का अंतर एसआईआर में कटे वोटों से कम
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा नई याचिकाएं लगाएं



### हाईकोर्ट में पेंडिंग जमानत अर्जियों पर शीर्ष कोर्ट चिंतित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश के अलग-अलग हाईकोर्ट में जमानत याचिकाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि जमानत मामलों की जल्दी सुनवाई और फैसला करने के लिए मजबूत व्यवस्था बनानी जरूरी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि इसके लिए पेंडिंग बेल याचिकाओं की ऑटोमैटिक लिस्टिंग का सिस्टम तैयार किया जाए और मामलों के निपटारे की तय समय सीमा भी होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट, राज्य सरकारें और जांच एजेंसियां मिलकर ऐसा सिस्टम तैयार करें, जिससे जमानत मामलों का समय पर फैसला हो सके।

**जल्द सुनवाई के लिए आटोमैटिक लिस्टिंग सिस्टम बने, तय समय में हो फैसला**



# देश पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए है पीएम की अपील

## देश में सभी तरह के ईंधन व ऊर्जा का पर्याप्त भंडार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर लोगों से ईंधन बचाने, सोना न खरीदने और विदेश यात्रा न करने की अपील के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अपील देश पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए की गई है और देश में कच्चा तेल, रसोई गैस या अन्य किसी भी तरह के ईंधन की कमी नहीं हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सुश्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया है कि इस कठिन समय में वे ऊर्जा संरक्षण के सभी कदम उठाएं और इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाएं जिससे कि देश पर निरंतर बढ़ रहे आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में कच्चे तेल सहित सभी तरह के ईंधन का पर्याप्त स्टॉक है और किसी भी पेट्रोल पंप या गैस वितरण कंपनी से किसी भी तरह की कमी की जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट का बंद होना दुनिया का सबसे बड़ा व्यवधान है। इस रास्ते से दुनिया की 20 प्रतिशत ऊर्जा आपूर्ति की जाती है, जिससे भारत भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए अनेक प्रभावशाली कदम उठाए हैं और घरेलू उपभोक्ता को गैस आपूर्ति सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि भारत में 40 प्रतिशत कच्चा तेल और 90 प्रतिशत एलपीजी आयात की जाती है। सरकार ने सभी रिफाइनरी को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया हुआ है।



- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दी सफाई

### प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर भड़के राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने पीएम मोदी के हालिया संबोधन पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता को त्याग और बचत की सलाह देना सरकार की विफलता को दर्शाता है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा कि मोदी जी ने रविवार को जनता से त्याग मांगे, सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो और घर से काम करो। ये उपदेश नहीं, बल्कि सरकार की नाकामी के सबूत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था और आम लोगों की स्थिति ऐसी हो गई है कि अब सरकार जनता को यह बताने लगी है कि क्या खरीदना है और क्या नहीं। राहुल गांधी ने कहा कि हर बार जिम्मेदारी जनता पर डाल दी जाती है ताकि सरकार खुद जवाबदेही से बच सके।

# बीएसएफ को बांग्लादेश बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन मिलेगी

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने भारत- बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए बीएसएफ को जमीन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध घुसपैठ से निपटने के लिए 45 दिन के भीतर यह जमीन गृह मंत्रालय को सौंप दी जाएगी।

हावड़ा के नाबन्ना में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई। सीएम अधिकारी ने कहा कि यह फैसला बैठक में लिए गए मुख्य प्रस्तावों में से एक था। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने राज्य में पुराने आईपीसी और सीआरपीसी की जगह नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को लागू नहीं किया था। राज्य में अब बीएनएस लागू करने की आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है। केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत और जन आरोग्य योजना भी पश्चिम बंगाल में भी लागू की जाएंगी। पहली कैबिनेट बैठक में मंत्री दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निषिथ प्रमाणिक, क्षुदीराम और अशोक कीर्तनिया मौजूद थे। चुनावी हिंसा में मारे गए 321 भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवारों की जिम्मेदारी राज्य सरकार उठाएगी। भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को जमीन ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसे 45 दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना समेत केंद्र की सभी योजनाएं जल्द ही लागू होंगी। उज्ज्वला योजना से जुड़ी सभी लंबित याचिकाएं केंद्र के पास भेजी गई हैं।



- सुवेंदु सरकार का फैसला, नए आपराधिक कानून लागू होंगे, आयुष्मान पर भी काम शुरू

### सुवेंदु कैबिनेट के विभागों का बंटवारा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने अपने मंत्रिमंडल के विभागों का बंटवारा कर दिया है। सोमवार को हुई इस अहम घोषणा में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस बंटवारे में दिलीप घोष और अग्निमित्रा पॉल जैसे बड़े चेहरों को महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं, जिससे राज्य के विकास की रूपरेखा तय होगी।

**दिलीप घोष बने पंचायत मंत्री, अग्निमित्रा को भी अहम मंत्रालय**

## संक्षिप्त समाचार

### बाड़मेर देश में सबसे गर्म, पारा 46.8 डिग्री

**नई दिल्ली।** राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव जारी है। रविवार को चारों राज्यों के 9 शहरों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। राजस्थान का बाड़मेर 46.8 डिग्री सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म शहर रहा। जैसलमेर में तापमान 46.3डिग्री सेल्सियस और फलोदी में 46 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मध्य प्रदेश के रतलाम में 45.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। भोपाल में 40.4 डिग्री सेल्सियस में 42 डिग्री सेल्सियस जैसी झुलसाने वाली गर्मी महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार 11 और 12 मई को तापमान 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ेगा। भोपाल में पारा 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। इधर, गुजरात के राजकोट में 44.3 डिग्री सेल्सियस और अमरेली में 44.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के कारण हीटवेव चली।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' की याद में 88 घंटे दौड़े सैनिक

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ के अवसर पर वायु सेना ने यहां 88 घंटे की ऑपरेशन सिंदूर यादगार दौड़ का आयोजन किया। इस दौड़ के माध्यम से भारतीय वायु सेना के 88 घंटों के सफल हवाई अभियानों की पहली वर्षगांठ मनाई गई, जिसने निर्णायक और सटीक हमले की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना की सभी कमानों से कुल 600 धावकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौड़ को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के समय 6 मई को देर रात एक बजकर पांच मिनट पर इंडिया गेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और इसका समापन ऑपरेशन सिंदूर रोके जाने के समय 10 मई शाम पांच बजे एयर फोर्स स्टेशन, नई दिल्ली में हुआ।

### यूएई से भारतीयों की वापसी पर बात नहीं की : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने मीडिया में आई इन खबरों का खंडन किया है जिनमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लाखों भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए एक समझौते पर विचार विमर्श का दावा किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अपने फैक्ट चैक हैंडल पर कहा है कि इस तरह की रिपोर्ट निराधार है और अभी भारतीय नागरिकों को यूएई से निकालने की कोई योजना नहीं है। उल्लेखनीय है कि कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत और यूएई फुजैरा के रास्ते लाखों भारतीय नागरिकों को निकालने के समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

### भारत-श्रीलंका के संबंध सदियों पुराने : ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध हैं, जो आज भी दोनों देशों की मित्रता की मजबूत नींव बने हुए हैं। बिरला ने संसद भवन में सोमवार को श्रीलंका के 'महिला सांसद कॉकस' के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

# वैज्ञानिक देश के गौरव व स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों को देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी बताते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री ने 18 वर्ष पहले किए गए परमाणु परीक्षणों को भारत के सामर्थ्य का प्रतीक बताया है। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि वर्ष 1998 में आज के दिन पोखरण में हुए परमाणु परीक्षण ने दुनिया को भारत के अद्‌भुत सामर्थ्य से परिचित कराया। हमारे वैज्ञानिक देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी हैं।

- पीएम ने 18 वर्ष पहले किए गए परमाणु परीक्षणों को भारत के सामर्थ्य का प्रतीक बताया

### प्रियंका ने नीट यूजी परीक्षा में कथित गड़बड़ी पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक बार फिर नीट यूजी 2026 परीक्षा में कथित गड़बड़ी और पेपर लीक की आशंकाओं को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा शासन में पिछले कई वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार देश के युवाओं से उनका भविष्य छीन रहा है।

# आजम खां को शत्रु संपत्ति मामले में राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को शत्रु संपत्ति मामले में अदालत से बड़ी कानूनी राहत मिली है। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने मुकदमे में बाद में जोड़ी गई धाराओं में उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली है।

हालांकि, इसके बावजूद आजम खां फिलहाल जेल से रिहा नहीं हो सकेंगे, क्योंकि वह अन्य मामले में सजा काट रहे हैं। जानकारी के अनुसार यह मामला जौहर यूनिवर्सिटी के आसपास स्थित शत्रु संपत्ति से जुड़ा हुआ है। वर्ष 2020 में कलक्ट्रेट रिकॉर्ड रूम में तैनात सहायक अभिलेखपाल मोहम्मद फरीद की ओर से सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जांच में आरोप लगाया गया कि विभाजन के दौरान पाकिस्तान चले गए इमामुद्दीन कुरैशी की संपत्ति को राजस्व अभिलेखों में शत्रु संपत्ति घोषित किया गया था, लेकिन बाद में कथित रूप से रिकॉर्ड में फर्जीवाड़ा कर अन्य नाम दर्ज कर दिए गए। मामले की जांच के दौरान रिकॉर्ड रूम के दस्तावेजों में छेड़छाड़ और कई पन्ने फटे मिलने की बात भी सामने आई।



- अदालत से बढ़ी हुई धाराओं में मिली जमानत

### बंगाल सीएम सुवेंदु के पीए हत्याकांड में तीन गिरफ्तार-

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में बिहार और यूपी से 3 संदिग्ध गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को तीनों को नॉर्थ 24 परगना के बारासात कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। इनमें दो युवक- मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य को बिहार के बक्सर, जबकि राज सिंह को उत्तर प्रदेश के अयोध्या से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को शक है कि राज एक शार्प शूटर है। जांच में सामने आया कि आरोपियों तक पहुंचने में टोल प्लाजा पर किया गया एक यूपीआई पेमेंट और सीसीटीवी फुटेज सबसे बड़ा सुराग बना। ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से जुड़े मोबाइल नंबर के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंची। बंगाल चुनाव नतीजों के दो दिन बाद, 6 मई को नॉर्थ 24 परगना के मध्यमग्राम में 42 साल के चंद्रनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर ने उनकी कार रोककर कई राउंड फायरिंग की, जिसमें उन्हें सीने और पेट में तीन गोलियां लगीं।

# एक जुलाई से मनरेगा का स्थान लेगा जी राम जी

शाह टाइम्स ब्यूरो

### भारत -जी राम जी अधिनियम की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** सरकार ने विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम को सोमवार को अधिसूचित कर दिया है और इसे एक जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू किया जाएगा।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि ग्रामीण विकास और रोजगार को नई दिशा देते हुए सरकार ने सोमवार को विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) 2025 को अधिसूचित कर दिया है। यह अधिनियम 1 जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम लागू होने के साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (महात्मा गांधी मनरेगा), 2005 उसी तिथि से निरस्त माना जाएगा। यह भारत के ग्रामीण विकास ढांचे में एक ऐतिहासिक परिवर्तन है, जो विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एक समेकित (इंटीग्रेटेड), भविष्य उन्मुख एवं उत्पादकता (प्रोडक्टिविटी) आधारित ग्रामीण परिवर्तन के नए युग की शुरुआत करेगा। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, उन्हें प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी आधारित रोजगार की वैधानिक गारंटी प्राप्त होगी। यह बढ़ी हुई गारंटी आजीविका सुरक्षा को मजबूत करने, ग्रामीण आय में वृद्धि करने तथा ग्राम स्तर पर सतत विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से लाई गई है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार श्रमिकों को उनकी रोजगार मांग के अनुसार निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसा न होने की स्थिति में श्रमिक बेरोजगारी भत्ता पाने के हकदार होंगे। यह अधिनियम समयबद्ध और पारदर्शी मजदूरी भुगतान पर विशेष बल देता है। मजदूरी का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे श्रमिकों के बैंक अथवा डाकघर खातों में किया जाता रहेगा। मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा मस्टर रोल बंद होने के पंद्रह दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि ऐसा नहीं होता है, तो श्रमिक विलंब क्षतिपूर्ति (मुआवजा) पाने के पात्र होंगे। सरकार ने विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्यापक वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित किए हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने 95,692.31 करोड़ का बजटीय आवंटन किया है, जो ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के लिए बजट अनुमान चरण में अब तक का सर्वाधिक आवंटन है। राज्यों के संभावित राज्यांश सहित इस कार्यक्रम का कुल परिव्यय 1.51 लाख करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यह आवंटन ग्रामीण अवसंरचना विकास, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन तथा ग्रामीण आय में वृद्धि को नई गति प्रदान करेगा।

# फरार गोकश बाबू कुरैशी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** गोकशी कांड में फरार बाबू कुरैशी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

गौरतलब है कि बीते दिनों हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम तिगरी के जंगल में पुलिस को गो. कशी की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृत गोवंश को कब्जे में लेकर दफना दिया था। वहीं आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। सूत्र बताते हैं कि दो दिनों तक हल्का प्रभारी दरोगा व सिपाहियों ने इस मामले को गोल रखा। जिसकी भनक लगते ही एसपी ने दरोगा व सिपाहियों को निलंबित कर दिया। जिसके बाद स्थानीय पुलिस एक्टिव हो गई और घटना में शामिल राजवीर उर्फ राजू पुत्र रमेश सिंह व मनोज पुत्र राजवीर निवासीगण ग्राम लादुपुरा थाना हीमपुर दीपा को घटना में प्रयुक्त सेंट्रो कार में गौवध के उपकरणों सहित गिरफ्तार कर लिया था।

इस गौकशी कांड में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया था कि वह आवारा गोवंशों को पकड़कर ग्राम सबलपुर निवासी बाबू कुरैशी पुत्र अब्दुल हमीद को बेच देते थे, जो जंगल में ही उनका वध कर मांस बेच देते थे।

इस पूरे मामले में गिरफ्तार दोनों अभियुक्त का संबंधित धाराओं में चालान कर बाबू कुरैशी की तलाश तेज कर दी गई थी। जिसमें सफलता पाते हुए आज हीमपुर दीपा पुलिस ने बाबू कुरैशी पुत्र अब्दुल हमीद को स्याऊ-छाछरी टीप रोड पर ग्राम पिपली जट के निकट चैकिंग के दौरान मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है।

# जानलेवा हमले के दो आरोपी दबोचे

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पुलिस ने जानलेवा हमला एवं मारपीट के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार दस मई को ग्राम जागीर निवासी वादी मनीष कुमार पुत्र राजेश सिंह द्वारा थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने उसपर तथा उसके मित्र अंकुर राणा पर जान से मारने की नीयत से हमला किया। आरोपियों ने लोहे के पाइप से मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल किया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। विवेचना के दौरान घटना में शामिल अन्य आरोपी का नाम भी प्रकाश में आया। पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी। पुलिस ने सक्रिय कार्रवाई करते हुए आज अभियुक्त अमन उर्फ सलमान अख्तर पुत्र अख्तर जलील निवासी मौहल्ला मिल्कियान कस्बा, स्योहारा तथा दानिश पुत्र फुरकान अहमद निवासी मौहल्ला मिल्कियान को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और इनके विरुद्ध थाना स्योहारा में विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

# दरगाहे आलिया में 23 मई को निकलेगा जुलूस-ए-अलम

## अकीदतमंदों में विशेष उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम छजुपुरा सादात स्थित देशभर में प्रसिद्ध अंजुमन इरफान-ए-अजा रजिस्टर्ड की ओर से विश्व प्रसिद्ध दरगाहे आलिया नज्फ-ए-हिन्द जोगीपुरा में आयोजित चार दिवसीय सालाना मजलिसों के तहत 23 मई को पारंपरिक जुलूस-ए-अलम निकाला जाएगा। आयोजन को लेकर अंजुमन पदाधिकारियों एवं अकीदतमंदों में विशेष उत्साह बना हुआ है। अंजुमन के मीडिया प्रभारी शाही वास्ती ने बताया कि तीसरे दिन दोपहर दो बजे अंजुमन अपने टैंट से कदीमी रिवायत के अनुसार जुलूस-ए-अलम, शबीहे जुल्जनाह, शबीहे ताबूत हजरत इमाम हुसैन तथा शबीहे गहवारा हजरत अली असगर बरामद करेगी। जुलूस में शामिल अकीदतमंद नोहाखानी, सीना जनी, जंजीर जनी एवं कमा जनी कर अहलेबैत की बारगाह में नजराना-ए-अकीदत और पुरसा पेश करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मौलाना सैय्यद अहमद रजा जैदी बिजनौरी खिताब करेंगे और कर्बला के पैगाम पर रोशनी डालेंगे। जुलूस रोजा हजरत इमाम हुसैन एवं मजार दादा सैयद राजू से गुजरते हुए रोजा-ए-हजरत अली पर पहुंचकर संपन्न होगा। आयोजन को लेकर अंजुमन की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

# सुवेंदु के सीएम बनने पर ब्राह्मण समाज में हर्ष

## जश्न मना कर प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री का जताया आभार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मौहल्ला साहूवान स्थित पंडित गुरु नेतराम के मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह द्वारा ब्राह्मण समाज को मान सम्मान देते हुए ब्राह्मण समाज के सुवेंदु अधिकारी को बंगाल का मुख्यमंत्री बनाने पर खुशी जाहिर की।

गौरतलब है कि लम्बे समय बाद बंगाल में सत्ता परिवर्तन हुआ है। जिसकी कमान सुवेंदु अधिकारी के हाथों में दी गई है। कार्यक्रम में बिजनौर से पहुंची ब्राह्मण समाज की महिला नेता शोभा शर्मा ने ब्राह्मण समाज से अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाकर योग्य बनाने का आह्वान किया। भाजपा नेता नीरज शर्मा ने कहा कि आज ब्राह्मण समाज जागरूक हो चुका है।

कार्यक्रम में मीनू शर्मा, नीरज सभासद, विभोर कौशिक, शोभित, गौरांग शर्मा, मोहित शर्मा, शशि शर्मा, गीता शर्मा, नरेश बाला, महेंद्र शर्मा ननुपुरा, विशाल शर्मा बिजनौर, मुकेश मोहन शर्मा, नमन कौशिक, जीतू शर्मा, अनिल शर्मा, जगत शर्मा, संदीप कौशिक, विश्वेश शर्मा, अशोक ठेकेदार, प्रमोद शर्मा, योगेश शर्मा, दिनेश शर्मा, दीपक कौशिक आदि रहे। कार्यक्रम के संयोजक निर्मल पांडे रहे।

संचालन अजय कुमार कौशिक व अनिल शर्मा ने किया।

## एक नजर

### तीन बकरे व तीन बकरियां चोरी

**नहटौर।** ग्राम इलाहाबास में छह बकरियां और बकरे चोरी हो गए। पीड़ित अतीक अहमद ने बताया कि उनकी मां बकरियां पालती हैं। घर के पास बंधे उनके तीन बकरे और तीन बकरियां गायब थे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने ग्राम इलाहाबास का दौरा किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार व आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने चोरों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि जांच कराई जाएगी।

### विजय कुमार गोयल को श्रद्धांजलि दी



**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल के संस्थापक एवं चेयरमैन कुंवर विजय कुमार गोयल की स्मृति में आज गेस्ट हाउस के सामने स्थित पार्क में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में बड़ी संख्या में किसान, मिल कर्मचारी, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग तथा राजनीतिक हस्तियां मौजूद रहीं। सभी ने नम आंखों से दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वक्ताओं ने विजय कुमार गोयल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने केवल एक उद्योग की स्थापना नहीं की, बल्कि क्षेत्र के हजारों परिवारों को रोजगार और सहारा देने का कार्य किया। उनके सामाजिक और मानवीय व्यवहार को भी लोगों ने भावुक होकर याद किया। सभा में मौजूद लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान कई लोगों की आंखें नम दिखाई दीं। कार्यक्रम में मिल प्रशासन, किसान संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मदर्स-डे पर कपड़े वितरित



**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान की संस्थापिका सविता अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने अपनी मां जैसी बड़ी बहन के साथ, हरिद्वार में मदर्स डे मनाया। उनके साथ मिलकर गरीबों को कपड़े भी बांटे। उन्होंने हम सबको, मां की तरह आशीर्वाद प्रदान किया। श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि बड़ी बहन भी मां से ज्यादा होती है। आज मैंने देखा मां का प्यार क्या होता है, बड़ी बहन भी इतना बीमार होने के बाद भी, हमारे जाते ही ऐसे हो गई जैसे उन्हें कुछ हुआ ही नहीं। इसे कहते हैं बड़ी बहन का मां जैसा प्यार, जैसे इतनी तबीयत खराब होने के बावजूद इतना नाश्ता तैयार कर दिया। कहते हैं मां अपनी संतान के जरा से दुख को सुनते ही परेशान हो जाती हैं, न तो वह अपने बच्चों का दुखी देख सकती और न ही अपनी छोटी बहनों का दुख। जबरदस्ती खाना खिलाना, जबरदस्ती पढ़ाई कराना, अच्छे कामों में हाथ बंटवाने को कहना, घर का काम सीखाना, स्कूल के लिए तैयार करना, स्कूल से आने के बाद बैग देखना, उसे कहते हैं मां। आज मैं बहुत साल बाद अपनी बड़ी बहन के रूप में अपनी मां को मातृ दिवस के अवसर पर देखा और उनके साथ खुशियां मनाई। आज श्रीमती अग्रवाल के साथ सर्वेश अग्रवाल, पूनम गुप्ता, शारदा अग्रवाल, नितिन गोयल, प्रियंका गोयल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, सात्विक गोयल, आद्या गोयल भी सम्मिलित रहे।

# सपा के किसान मजदूर सम्मेलन के बाद चर्चाओं का दौर तेज

## स्थानीय जिला अध्यक्ष का न पहुंचना हॉट टॉपिक बना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित किसान मजदूर सम्मेलन के बाद चर्चाओं का दौर शुरू हो गया, जब मंच पर तीन जनपदों के जिलाध्यक्ष और कई कद्दावर नेता तो नजर आए, लेकिन बिजनौर जिलाध्यक्ष कार्यक्रम से नदारद रहे। इस अनुपस्थिति को लेकर कार्यक्रम स्थल से लेकर सोशल मीडिया तक राजनीतिक कयासबाजी तेज हो गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर मार्ग स्थित एक फार्म में चार मई को सपा नेता और पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह प्रधान के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के किसान मजदूर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरदार तेजिंदर सिंह और प्रखर किसान नेता हरेंद्र ताऊ तथा प्रोफेसर महेंद्र प्रताप राणा सहित पार्टी के कई नेताओं ने शिरकत की थी। सम्मेलन की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सम्मेलन में तीन जनपदों के जिलाध्यक्ष विशेष रूप से शामिल हुए थे। नेताओं ने किसानों और मजदूरों की समस्याओं को लेकर सरकार की नीतियों पर जमकर प्रहार किया था और आगामी चुनावी रणनीति पर जोर दिया था। जहां एक ओर मंच पर बाहर से आए नेताओं का स्वागत हुआ, वहीं दूसरी ओर स्थानीय जिला अध्यक्ष का न पहुंचना क्षेत्र में हॉट टॉपिक बना रहा। कार्यकर्ताओं के बीच दबी जुबान में चर्चा रही कि जब तीन अन्य जनपदों के जिला अध्यक्ष पहुंच सकते हैं, तो स्थानीय जिलाध्यक्ष की दूरी के क्या मायने हैं। क्या यह संगठन के भीतर किसी अंदरूनी खींचतान का संकेत है, या फिर स्थानीय स्तर पर सामंजस्य की कोई कमी रही। बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि स्थानीय नेतृत्व की मौजूदगी में वे अपनी बात प्रमुखता से रख पाएंगे। हालांकि, मुख्य अतिथियों ने सम्मेलन को संबोधित कर कार्यकर्ताओं में जोश भरने की कोशिश की, लेकिन मेजबान जनपद के मुखिया की गैरमौजूदगी ने कार्यक्रम के प्रबंधन और एकजुटता पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। नहटौर के किसान मजदूर सम्मेलन में उमड़ी भीड़ के बीच बिजनौर जिलाध्यक्ष की गैर-हाजिरी राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। तीन जिलों के जिलाध्यक्षों की उपस्थिति ने इस कमी को और भी स्पष्ट कर दिया, जिससे क्षेत्र में तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

# ग्राम समाज की भूमि पर चला बुलडोजर

## 50 वर्गमीटर जमीन कराई कब्जामुक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** प्रशासन ने ग्राम समाज की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 50 वर्गमीटर जमीन को कब्जामुक्त कराया।

प्राप्त समाचार के अनुसार एसडीएम स्मृति मिश्रा के निर्देश पर राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम आज ग्राम हाफिजाबाद पहुंची और जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुटी रही।

राजस्व विभाग के अनुसार गांव में तालाब के निकट स्थित ग्राम समाज की भूमि पर सोमपाल सैनी द्वारा अवैध रूप से निर्माण कर कब्जा कर लिया गया था। मामले की शिकायत मिलने पर राजस्व टीम ने जांच की थी, जिसमें कब्जा अवैध पाया गया। इसके बाद करीब एक वर्ष पूर्व संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी कर कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समय के बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया। आज प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की।

राजस्व निरीक्षक गोबिंद सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम ने पुलिस की मौजूदगी में पूरे क्षेत्र को खाली कराया और जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण गिरा दिया। कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का विरोध नहीं हुआ और प्रशासन ने शांतिपूर्ण ढंग से सरकारी भूमि को मुक्त करा लिया। लेखपाल संदीप कुमार ने बताया कि ग्राम समाज और सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की ओर से लगातार ऐसे मामलों की निगरानी की जा रही है और जहां भी अवैध कब्जे पाए जाएंगे, वहां कार्रवाई जारी रहेगी।

कार्रवाई में लेखपाल रविंद्र कुमार, जगमोहन, पप्पू कुमार शाह सहित राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई से गांव में अवैध कब्जाधारकों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

# गैस एजेंसी संचालक पर गाली-गलौज व अभद्रता का आरोप

## मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** गैस उपभोक्ता ने भारत गैस एजेंसी संचालक पर अभद्र व्यवहार व गाली-गलौच कर मोबाइल तोड़ने का आरोप लगाते हुए आपूर्ति विभाग से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला समना सराय निवासी रणजीत सिंह पुत्र स्व. मुकंदी सिंह ने आपूर्ति विभाग को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनका उज्ज्वला योजना के अंतर्गत भारत गैस एजेंसी में गैस कनेक्शन है। आरोप है कि उनका भाई करन सिंह गैस पर्ची कटवाने के लिए एजेंसी कार्यालय पहुंचा था।

इसी दौरान किसी बात को लेकर एजेंसी संचालक से कहासुनी हो गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि एजेंसी संचालक ने करन सिंह के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौच की तथा उसका मोबाइल फोन जमीन पर पटककर तोड़ दिया। विरोध करने पर एजेंसी कर्मियों द्वारा भी दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया गया है।

रणजीत सिंह का कहना है कि जब उन्होंने फोन कर मामले की जानकारी करनी चाही, तो उनके साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और कथित रूप से धमकी दी गई। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस सम्बंध में आपूर्ति विभाग के अधिकारी विनीत कुमार ने बताया कि मामले में शिकायत पत्र प्राप्त हुई है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उधर गैस एजेंसी संचालक से बात करनी चाही, तो सम्पर्क नहीं हो सका।

# चुनाव खत्म, ज्ञान देने लगे पीएम मोदी

## पेट्रोल-डीजल का कम करने के लिए आप ने बोला हमला

**नई दिल्ली, वार्ता**



आम आदमी पार्टी ने देशभक्ति के नाम पर लोगों को पेट्रोल, डीजल, खाने का तेल, गैस काम इस्तेमाल कम करने की सलाह देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि चुनाव खत्म होते ही वह लोगों को पेट्रोल, डीजल, गैस, तेल का इस्तेमाल कम करने और सोना नहीं खरीदने का ज्ञान देने लगे हैं।

आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने आज कहा कि रविवार को प्रधानमंत्री ने कहा कि दो महीने से सरकार जनता का बोझ उठा रही थी लेकिन अब चुनाव खत्म हो गया है तो अब वे बोझ नहीं उठाएंगे। पांच राज्यों का चुनाव जब तक हो रहा था, तब तक उन्होंने जनता का बोझ उठा लिया। अब वह कह रहे हैं कि पेट्रोल, डीजल और गैस का इस्तेमाल कम कीजिए। एक साल तक कोई भी शादी या समारोह हो तो सोना न खरीदिए और खाने के तेल का भी इस्तेमाल कम कीजिए। यह सारा ज्ञान चुनाव भर प्रधानमंत्री को याद नहीं आया। तब वह कह रहे थे कि कोई कमी नहीं है, पूरा भंडार भरा हुआ है और कोई समस्या नहीं है। लेकिन जैसे ही पांच राज्यों के चुनाव खत्म हुए, नरेन्द्र मोदी के कंधे झुक गए। श्री सिंह ने कहा कि चुनाव खत्म होने के बाद श्री मोदी ने व्यवसायिक सिलेंडर का दाम 993 रुपये बघ दिया, जिसे रेहघी वाले, चाय वाले और छोटी-छोटी दुकान वाले इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर का दाम भी 261 रुपये बघ दिया गया, जिसे छात्र, मजदूर और झुग्गियों में रहने वाले गरीब लोग इस्तेमाल करते हैं। प्रधानमंत्री लगातार जनता पर इस तरह से महंगाई का बोझ डालते जा रहे हैं। देश को सोचना होगा कि उसे कब होश आएगा और वह कब इन सवालों पर सरकार से जवाब मांगेगा? आप नेता ने कहा कि चुनाव भर जनता का इस्तेमाल किया जाता है।

# फर्जी पुलिस अफसरों के गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस ने फर्जी पुलिस अधिकारियों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिन्होंने कथित तौर पर यहां के पुलिसकर्मी बनकर राजस्थान के एक व्यक्ति से पैसे ठगे। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि विनय उर्फ मोंटी और कुलदीप सहित दो आरोपियों को एक नाबालिग के साथ हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है जबकि 33-50 लाख रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, एक बैग और अपराध में इस्तेमाल की गई एक बाइक बरामद की गई है। आरोपियों ने पीतमपुरा के पास शिकायतकर्ता को पुलिस अधिकारी होने का नाटक करते हुए रोका, बैग की जांच के बहाने उससे नकदी छीन ली और बाद में मोटरसाइकिल से फरार हो गए।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा हरदोई स्टेशन पर एम. पी. एस., योग नगरी ऋषिकेश पर कैटरिंग स्टाल (स्पे० माइनर यूनिट्स) एवं बलामाऊ, हरदोई, शाहजहांपुर, हापुड़, नजीबाबाद, योग नगरी ऋषिकेश, रूड़की, लक्सर, चंदौसी तथा देहरादून स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन, के कार्य को IREPS के माध्यम से मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 29.05.2026 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

1567/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय जिला पंचायत, सम्भल।**

पत्रांक: 159/जि.पं.स./सम्पत्ति/पं.रा.वि./2026-27 दिनांक: 11/05/2026

**नीलाम स्थगन सूचना**

कार्यालय जिला पंचायत, सम्भल के पत्र संख्या 77/जि.पं.स./सम्पत्ति/पं.रा.वि./2026-27 दिनांक 22.04.2026 द्वारा संयुक्त चिकित्सालय, चन्दौसी स्थित रिक्त दुकान संख्या-7 को किराये पर उच्चतम प्रीमियम के आधार पर कार्यालय सभागार जिला पंचायत, सम्भल (बहजोई) में नीलाम किये जाने हेतु दिनांक 15.05.2026 को समय 12:30 बजे निर्धारित की गयी है।

अतः मा. अध्यक्ष महोदया के आदेशों के क्रम में उक्त नीलामी को अपिहार्य कारणोंवश, अग्रिम आदेशों तक स्थगित किया जाता है।

**अभियन्ता**
**जिला पंचायत, सम्भल।**

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, सम्भल।**

# पुलिस को चकमा देकर लगाया जाम

## मजिस्ट्रेट की निगरानी में तीन सदस्यीय पैनल ने किया दीपक का पोस्टमार्टम





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कल जिला कारागार में हुई दीपक की संदिग्ध मौत के मामले में आज भी पुलिस को परिजनों व ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ा। परिजन मुआवजा सहित कई मांगों को लेकर अड़े रहे। पुलिस की निगरानी के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाएं अचानक जजी चौराहे पर पहुंची और सड़क पर जाम लगाकर बैठ गई। इस दौरान पुलिस और महिलाओं के बीच जमकर नोंकझोंक हुई।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दीपक के शव का पोस्टमार्टम होने से पूर्व परिजनों व ग्रामीणों ने कई बार हंगामा किया। महिलाए जजी चौक पर जाम लगाने की बात कह पोस्टमार्टम हाउस से जाने लगी। जिस पर पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। जिससे दोनों ओर से धक्का-मुक्की व हंगामा की स्थिति बन गई। पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों का समझाकर रोक लिया। इस दौरान कुछ महिलाएं पुलिस को चकमा देकर पोस्टमार्टम हाउस से निकल गई और जजी चौराहे पर पहुंचकर जाम लगाकर बैठ गई। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने सड़क पर बैठकर और वाहनों के आगे लेटकर यातायात रोक दिया। जाम के चलते जजी चौराहे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर एएसपी सिटी डा. केजी सिंह, सीओ सिटी संग्राम सिंह, सीओ नजीबाबाद अंजनी चतुर्वेदी, सीओ नितेप प्रताप सिंह सहित कई थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ चौक पर पहुंचे और उन्हे समझाकर हटाने का प्रयास किया। स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब महिला पुलिसकर्मियों द्वारा प्रदर्शनकारियों को हटाने का प्रयास किया गया। इस दौरान महिलाओं और महिला पुलिसकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। मौके पर एएसपी सिटी डा. केजी सिंह, एसडीएम सदर रितु रानी महिलाओं को समझाने का प्रयास करते रहे। अधिकारियों ने महिलाओं से शांति बनाए रखने और जाम समाप्त करने की अपील की, लेकिन महिलाएं दीपक की मौत की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग पर अड़ी रहीं।

काफी देर तक चले हंगामे के बाद एसडीएम सदर और एएसपी सिटी ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद महिलाएं किसी तरह शांत हुईं और जाम खोला गया।

उधर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मृतक दीपक के शव का पोस्टमार्टम मजिस्ट्रेट की निगरानी में कराया गया। पोस्टमार्टम के लिए तीन सदस्यीय डॉक्टरों का पैनल गठित किया गया था। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

घटना के बाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया और जजी चौराहे से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक भारी पुलिस बल तैनात रहा। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

## जाम लगाने और हंगामे पर 50 पर मुकदमा दर्ज

**बिजनौर।** जिला कारागार में बंद दीपक की मौत के बाद जजी चौराहे पर जाम लगाकर हंगामा करने के मामले में पुलिस ने नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर यातायात बाधित किया और सरकारी कार्य में अवरोध उत्पन्न किया। कोतवाली शहर में तैनात उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 10 मई को वह पुलिस टीम के साथ ड्यूटी पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि जिला जेल में फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक दीपक के परिजन और अन्य लोग जजी चौराहे पर सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां करीब 40 से 50 लोग सड़क पर जाम लगाए हुए मिले। आरोप है कि प्रदर्शनकारी यातायात पुलिस के कार्य में बाधा डाल रहे थे और लगातार हंगामा कर रहे थे। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर प्रदर्शनकारियों ने बताया कि जिला जेल में बंद दीपक पुत्र चंद्रपाल निवासी पृथ्वीपुर की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी करीब 20 से 25 मिनट तक सड़क पर डटे रहे। जाम के कारण आम लोगों, सरकारी वाहनों और एंबुलेंस को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस के अनुसार इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कई वाहन चालकों को रास्ता बदलकर निकलना पड़ा। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया गया। पुलिस ने मौके पर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई। इसके आधार पर 12 लोगों को नामजद करते हुए करीब 30 से 40 अज्ञात महिला-पुरुषों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। नामजद आरोपियों में रामचंद्र, अंकित, नवनीत, मिथुन, नितिन, यशपाल, बिट्टू, रूपचंद्र, रनजीत, विमला, गुड्डी और गीता निवासी ग्राम पृथ्वीपुर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं और सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एक नजर

## पूर्व सांसद दानिश अली ने जताया शोक



**बिजनौर।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री, नगीना लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री श्रद्धेय श्रीमती ओमवती के निधन पर शोक व्यक्त करने अमरोहा के पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुंवर दानिश अली खान बिजनौर स्थित उनके आवास पर पहुंचे तथा परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय श्रीमती ओमवती के पति आरके सिंह (पूर्व आईएएस) एवं उनकी पुत्रवधू जिला कांग्रेस कमेटी बिजनौर की अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह से भेंट कर शोक संवेदनाएं प्रकट की। कुंवर दानिश अली खान ने कहा कि स्वर्गीय श्रीमती ओमवती ने अपने लंबे राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में दलित, वंचित एवं कमजोर वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया। उनका सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, जनसेवा के प्रति समर्पण एवं संघर्षशील जीवन सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि श्रीमती ओमवती का निधन कांग्रेस परिवार एवं सामाजिक न्याय की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है।

## 27 वाहनों का चालान

**रेहड़।** एसपी के आदेश पर पुलिस ने क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने आज बादीगढ़ चौराहा, कल्लूवाला, अल्हेपुर बार्डर, रायपुरी बार्डर पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्धों की तलाशी भी ली गई। चेकिंग के दौरान जरूरी कागजात पूरे नहीं होने पर 27 दोपहिया वाहनों का चालान किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा के अलावा रहीसपाल सिंह, सोनू कुमार अधाना, राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। वाहन चेकिंग के कारण दोपहिया वाहन चालक मेन रोड छोड़कर लिंक रोड तलाशते नजर आए।

## ट्रक की टक्कर से कार दुर्घटनाग्रस्त

**शेरकोट।** एक ट्रक की टक्कर से कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें कार चालक मामूली रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हल्द्वानी निवासी कृपाल चंद तिवारी ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ कार से ऋषिकेश जा रहे थे। जैसे ही वह चुंगी नंबर पांच के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार में साइड मार दी। टक्कर लगते ही कार अनियंत्रित होकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कृपाल चंद तिवारी को मामूली चोटें आईं, जबकि उनकी पत्नी सुरक्षित रहीं। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# झोलाछाप से इलाज कराकर औरत को गवाने पड़े दांत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में मौजूद धोखाधड़ी करने वाली झोलाछाप डेंटल चिकित्सकों की फौज ने मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रखा है। ऐसे ही एक मामले में महिला मरीज को अपने दांतों से हाथ धोना पड़ा है। साथ ही जान पर भी खतरा बन आया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पैसे कमाने के लालच में अवैध रूप से चिकित्सा कार्य कर रहे झोलाछाप न केवल अनावश्यक और गलत इलाज कर रहे हैं, बल्कि लोगों के दांत बुरी तरह खराब कर रहे हैं। मरीजों को ठगा जा रहा है, जो हर दिन अपनी कीमती सेहत और पैसे गंवा रहे हैं। अब प्रशासन को कदम उठाने होंगे, ताकि इन गिरोहों को रोका जा सके और जनता को सुरक्षित रखा जा सके। ऐसे ही एक मामले में झोलाछाप चिकित्सक ने गलत ढंग से इलाज कर महिला मरीज के दांत ही खराब कर दिए। महिला मरीज की जान पर बन आई है। उसके परिजनों ने जब हंगामा करते हुए शिकायत दर्ज कराई, तो झोलाछाप चिकित्सक उनके पैरों में पड़ गया। इस मामले में दोनों पक्षों के बीच समझौते की बात चल रही है। क्षेत्र में वैसे तो बड़ी संख्या में झोलाछाप चिकित्सक मौजूद है। लेकिन अब दांतों के भी झोलाछाप चिकित्सक बढ़ते जा रहे है।

सूत्रों का कहना है कि इनसे महीने के पांच-पांच हजार रुपए वसूले जा रहे हैं। नोडल अधिकारी के द्वारा इनके यहां छापा मार कर कार्यवाही नहीं की जाती है। शेरकोट, नींदडू व स्योहारा में भी झोलाछाप दंत चिकित्सक मौजूद है। स्योहारा में तो झोलाछाप दंत चिकित्सक ने पूरा नर्सिंग होम बना रखा है।

इसके यहां अशिक्षित युवक भी मरीजों की दहाड़ व दांत निकाल लेते है। यहां पर कई बार मरीजों की हालत बिगड़ चुकी है। शिकायत करने के बाद भी कार्यवाही नहीं होती है। अगर स्योहारा में झोलाछाप दंत चिकित्सक के यहां अचानक छापा मारा जाए, तो आयकर की चोरी सहित फर्जीबाड़े का बड़ा खुलासा हो सकता है।

### स्योहारा, शेरकोट व नींदडू में भी झोलाछापों की भरमार, महीने के दे रहे पांच हजार

# लाइफ लाइन हॉस्पिटल के डॉक्टर पर फायरिंग

## आरोपी डा. सौरभ त्यागी हिरासत में, लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर रोड स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल के संचालक डा. अशोक चहल पर एक युवक ने लाइसेंसी रिवॉल्वर गोली चला दी। जिसमें डा. अशोक चहल बाल-बाल बच गए। भीड़ ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने डाक्टर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंडावर रोड स्थित डा. अशोक चहल का लाइफ लाइन हॉस्पिटल है। आरोपी डा. सौरभ त्यागी पुत्र गोपाल त्यागी निवासी महादेवपुरम करीब पांच वर्ष पूर्व अस्पताल के डायलिसिस विभाग में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत था। किसी विवाद के चलते उसने अस्पताल छोड़ दिया था। अस्पताल में कार्यरत डा. अंकित ढाका ने बताया कि बीती रात सौरभ त्यागी का फोन आया था। उसने अस्पताल में भर्ती एक मरीज का ध्यान रखने की बात कही और डा. अशोक चहल से बात कराने को कहा। आरोप है कि फोन पर ही उसने अभद्र भाषा का प्रयोग शुरू कर दिया और डा. चहल को अस्पताल के बाहर आने के लिए कहा। बताया गया कि जैसे ही डा. अशोक चहल अस्पताल के बाहर पहुंचे, आरोपी ने उन पर लाइसेंसी रिवॉल्वर से फायर कर दिया। गोली निशाने पर नहीं लगी और डा. चहल बाल-बाल बच गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद अस्पताल कर्मचारियों और लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया। उसके कब्जे से रिवॉल्वर भी बरामद कर ली गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। डा. अशोक चहल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी डा. सौरभ त्यागी के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने हमले में प्रयुक्त लाइसेंसी रिवाल्वर भी बरामद कर लिया है। एसएसआई सुभाष राना ने बताया कि डा. चहल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। रिवाल्वर बरामद कर लिया है।

उधर मामले में आज नया मोड़ सामने आ गया। आरोपी सौरभ त्यागी की पत्नी ने दावा किया कि तीन लाख रुपए के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। उनके अनुसार सौरभ पहले डा. अशोक चहल के अस्पताल में कार्यरत था। पत्नी का आरोप है कि डा. अशोक चहल ने स्वंय फोनकर सौरभ को अस्पताल बुलाया, जहां डॉक्टर, उनके भाई और स्टाफ ने उसके साथ मारपीट की। उनका कहना है कि इसी दौरान आत्मरक्षा में सौरभ से गोली चल गई। डा. सौरभ की पत्नी ने आरोप लगाया कि जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने सौरभ की हालत गंभीर बताते हुए उसे मेरठ रेफर करने की सलाह दी थी, लेकिन पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। इसी बात को लेकर करणी सेना पदाधिकारियों और परिजनों ने हंगामा किया। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आरोप लगाया कि पुलिस ने जल्दबाजी में कार्रवाई की है।

### विवादों से रहा है पुराना नाता

स्थानीय लोगों के अनुसार मंडावर रोड स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल पहले भी विवादों को लेकर चर्चा में रह चुका है। कुछ माह पहले लाइफ लाइन अस्पताल नजीबाबाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें अस्पताल स्टाफ कुछ लोगों के साथ मारपीट कर रहा था। लोगों को मुताबिक अन्य मामलों को लेकर समय-समय पर चर्चाएं होती रही हैं।

## आम के पेड़ पर बैठे गुलदार को सुरक्षित रेस्क्यू किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** आम के पेड़ पर बैठे गुलदार को वन विभाग की टीम सुरक्षित रेस्क्यू कर अपने साथ ले गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला फराश टोली निवासी अजमल ने बिजनौर रोड पर आम का बाग ठेके पर ले रखा है। अजमल आज सुबह बाग में पानी चल रहा था। इस दौरान अजमल को एक आम के पेड़ के नीचे कुछ कुत्ते भोंकते नजर आए, कुत्तों को भोंकता देख जब अजमल ने पेड़ पर देखा, तो उसे पेड़ पर गुलदार बैठा दिखाई दिया। गुलदार देख उसके होश उड़ गए। उसने तुरंत सूचना 112 व वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद दोपहर साढ़े बारह बजे के करीब पेड़ की डाली को कटवाकर गुलदार को रेस्क्यू कर लिया।

वन क्षेत्राधिकारी महेश गौतम ने बताया कि गुलदार देखे जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर गुलदार का रेस्क्यू किया गया है। गुलदार की आयु लगभग डेढ़ वर्ष है।

# नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत

## कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा जिला कार्यालय पर नवमनोनीत पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार धनंजय यादव को जिला महासचिव, दिलशाद अल्वी को अल्पसंख्यक सभा का राष्ट्रीय सचिव एवं मजदूर सभा के राष्ट्रीय सचिव अशोक गहलोत का कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष हनी फैसल की अध्यक्षता में फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि सपा का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ता को सम्मान देकर बड़े पदों से नवाजते हैं। इसी उम्मीद के साथ प्रदेश में 2027 के चुनाव में पूर्ण बहुमत से सपा पीडीए सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी संगठन एवं बूथों को मजबूत करने का आह्वान किया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, मदन लाल सैनी, महमूद कस्सार, प्रभा चौधरी, अहमद खिजर खान, नमन कुमार, सुहेल बाकर, कृपारानी प्रजापति, दिलशाद अंसारी, कमलेश भुईयार, अफजाल उल हक, राधा सैनी, ठा.योगेंद्र सिंह, प्रमोद प्रधान, वक्कार राईनं, सेफुल्ला मलिक, आबिद खां, सिराज जैदी, सोम काम्बोज, बिमलेश चौधरी, सुरेंद्र वाल्मीकि, जेनुद्दीन चौधरी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता अखलाक पप्पू ने किया।

## तेज रफ्तार मैक्स ने ई-रिक्शा को रौंदा

**नजीबाबाद।** कोतवाली रोड पर बीती रात तेज रफ्तार मैक्स वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना आकाशवाणी केंद्र के सामने हुई, जहां सामने से आ रही मैक्स गाड़ी ने ई-रिक्शा को सीधी टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मैक्स वाहन तेज रफ्तार में था, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा सड़क पर पलटने जैसी स्थिति में पहुंच गया। हादसे में आरसी पुरम निवासी राजेंद्र सिंह की पत्नी गुड्डी देवी (51) गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें आनन-फानन में निजी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गुड्डी देवी के पति राजेंद्र सिंह सहित तीन अन्य लोग भी हादसे में घायल हुए हैं। सभी घायलों को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार दो अन्य घायलों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। चिकित्सकों ने कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### लावारिस पशुओं की देखभाल पड़ी भारी

**मंडावर।** स्थानीय मौहल्ला झंडा पार्क निवासी विजय सैनी, शिब्बू और शाकिर के खेत में सात माह पहले भैंस की कटिए खेत में घुस कर नुकसान करती मिली थी। तब तीनों ने पांच कटिये अपने-अपने घर ले जाकर यह सोचते हुए बांधी थी कि उनके मालिक आएगा, तो उससे अपने खेत में हुए नुकसान की भरपाई कराएंगे और पकड़ी गई कटिए उसके हवाले करेंगे। सात माह तक कोई उन कटियों की कोई सुध लेने नहीं आया, तो विजय सैनी, सिब्बू, शाकिर ने दो-दो कटियों को अपने घर पर ले जा कर चारा खिलाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे इस बात को बीतकर सात महीने हो गए। अब छोटी छोटी सी कटिये खा पी कर बड़ी हो गई और झूठिया बन गई। विजय सैनी बताता है कि उसकी जवान झुटिया के 70 हजार रुपए लग रहे थे। लेकिन उसने नहीं बेची। चार दिन पहले वन गुर्जर उनके घर पहुंचे और उन झूटियों को अपना बताने लगे। तब विजय, शिब्बू और जाकिर ने अपने खेत में किए गए नुकसान की भरपाई करने और चारे पर हुए खर्चा देने की मांग की इसके बाद यह मामला चेयरमैन मौहम्मद आसिफ उर्फ शान ने निपटा दिया और वन गुर्जरों की झूठिये उन्हें वापस दिला दी। इसके बाद वन गुर्जर अपनी जुटीये लेकर अपने घर चले गए किंतु वे इससे खुश नहीं हुए। इसलिए उन्होंने थाना श्यामपुर में उक्त लोगों के खिलाफ तहरीर दे दी और आठ कटियों के चोरी करने का आरोप लगाया। आज थाना श्यामपुर (उत्तराखंड) पुलिस मंडावर पहुंची और विजय के एक लड़के को उठाकर ले गई। जिससे लावारिस कटियों को सात महीने से घर में रख चारा खिलाने का सिला ये मिला कि सात महीने से खामोश बैठे वन गुर्जर उनसे पांच की जगह 8 भैंस वसूलना चाहते हैं। विजय सैनी ने बताया कि उन्होंने वन गुर्जरों से अपनी फसल का बिना हर्जाना लिए उन्हें जवान झुटिया बनाकर वापस किया है, लेकिन श्यामपुर थाने की पुलिस उसके निर्दोष लड़के को उठाकर ले गई है, जबकि ये मामला मंडावर थाना क्षेत्र का था और थाना श्यामपुर का कोई अपराध नहीं बनता हैं। इसके बाद भी पुलिस उसके लड़के को उठा ले, तो यह कानून गलत हैं। इसमें उनका कोई अपराध नहीं है।

### पंचायत चुनाव में देरी पर भड़के

**नजीबाबाद।** पंचायत प्रतिनिधियों ने पंचायत चुनाव में हो रही देरी को लेकर सरकार के सामने बड़ी मांग रख दी है। सोमवार को ग्राम प्रधानों, बीडीसी और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर मांग की कि जब तक त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं होती, तब तक वर्तमान पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशासक के रूप में कार्य करने की अनुमति दी जाए। इस मांग को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों में खासा उत्साह और एकजुटता दिखाई दी। ज्ञापन में कहा गया कि पंचायत प्रतिनिधियों का वर्तमान कार्यकाल समाप्ति की ओर है, लेकिन अभी तक त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की अधिसूचना जारी नहीं की गई है। प्रतिनिधियों ने आशंका जताई कि यदि बीच में प्रशासनिक व्यवस्था स्पष्ट नहीं हुई तो गांवों में चल रहे विकास कार्य और शासन की कई महत्वपूर्ण योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं। इससे ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने सरकार से मांग की कि चुनाव संपन्न होने तक मौजूदा पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशासक के रूप में कार्य करने दिया जाए। उनका कहना है कि वर्तमान जनप्रतिनिधि गांवों की जरूरतों और समस्याओं से भलीभांति परिचित हैं, इसलिए योजनाओं का संचालन बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इससे विकास कार्यों की रफ्तार भी बनी रहेगी। प्रतिनिधियों का कहना है कि यदि पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशासक बनाया जाता है तो जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद बना रहेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई योजनाएं पंचायतों के माध्यम से संचालित होती हैं।

# शादी समारोह में हिंसक झड़प

## एक युवक ने तमंचा लहरा कर फैला दी दहशत, मची भगदड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** एक शादी समारोह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जयमाला से ठीक पहले दो पक्षों के युवकों के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। एक युवक ने तमंचा लहराकर दहशत फैला दी और मारपीट शुरू कर दी। जिससे शादी समारोह में भगदड़ मच गई। घटना में दो युवक घायल हो गए। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गए।



प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम बूढ़पुर नैनसिंह निवासी सोम सिंह के पुत्र अनिकेत की बारात रविवार को ग्राम ज्वाला चंडी गई थी। बारात चढ़त के दौरान बाराती डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए खुशी का इजहार कर रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी नीतीश कुमार पुत्र गोपाल सिंह का गांव के ही दो भाइयों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बताया जाता है कि बारात दुल्हन पक्ष के दरवाजे पर पहुंचने के बाद जब जयमाला की तैयारियां चल रही थीं, तभी आरोपित पक्ष के दो युवक अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचे और नीतीश कुमार के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए उसके दोस्त गौतम निवासी मोहल्ला अंबेडकर नगर, किरतपुर के साथ भी मारपीट की गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इसी दौरान एक अज्ञात युवक ने अवैध तमंचा लहराते हुए लोगों को धमकाना शुरू कर दिया, जिससे बारातियों और ग्रामीणों में दहशत फैल गई तथा मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। झगड़े में नीतीश कुमार और गौतम घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक तमंचा लहराने वाला युवक अपने साथियों सहित फरार हो चुका था। मामले में अनिकेत पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर गांव के दो युवकों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# छत से गिरकर युवक की मौत

## रात में सोते समय बिगड़ा संतुलन, अस्पताल में टूटी जिंदगी की डोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मौहल्ला मियाजी मोखा में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। 19 वर्षीय मौहम्मद आरिश उर्फ राजा की छत से गिरकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक रोज की तरह घर की दो मंजिला छत पर सोने गया था, लेकिन रात में अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे सड़क पर जा गिरा। गंभीर हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे मौहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।



परिजनों के मुताबिक मोहम्मद आरिश रोजाना की तरह सोमवार रात भी घर की छत पर सोने गया था। देर रात वह किसी कारणवश नींद से उठा और नीचे आने लगा। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे छत से नीचे सड़क पर जा गिरा। गिरने की तेज आवाज सुनकर परिवार के लोग और आसपास के निवासी बाहर दौड़े तो युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला। हादसे के तुरंत बाद परिजनों ने मौहम्मद आरिश को आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर बताई और इलाज शुरू किया, लेकिन सिर और शरीर में आई गंभीर चोटों के कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक आरिश, मोहम्मद अकरम का पुत्र था। परिवार में उसकी चार बहनें और दो भाई हैं। बताया गया कि उसका एक भाई विदेश में नौकरी करता है, जबकि पिता मोहल्ले में किराना स्टोर चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बेटे की अचानक मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि आरिश मिलनसार और शांत स्वभाव का युवक था। असर की नमाज के बाद मौहम्मद आरिश को स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उसके जनाजे में बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी, रिश्तेदार और गणमान्य लोग शामिल हुए। हर आंख नम नजर आई और लोगों ने परिवार को ढांढस बंधाया। युवक की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद मौहल्ला मियाजी मोखा में सन्नाटा पसरा हुआ है। लोग इस हादसे को लेकर दुख जताते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के दिनों में अधिकांश लोग छतों पर सोते हैं, लेकिन ऐसे हादसे यह याद दिलाते हैं कि रात में छतों पर सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। परिवार के घर पर सांत्वना देने वालों का लगातार तांता लगा हुआ है।

## एक नजर

### शीबा परवीन ने बाजी मारी



**किरतपुर।** मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट का एमए तृतीय सेमेस्टर (उर्दू) वर्ष 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जो शत-प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। घोषित परिणाम के अनुसार शीबा परवीन ने 76.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। शायबा ने 74.33 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा हुमा परवीन ने 73.83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधक जनाब मौहम्मद साईम राजा ने सभी सफल विद्यार्थियों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि विद्यार्थी आगे भी इसी मेहनत और लगन के साथ प्रगति करते रहें तथा देश और समाज का नाम रोशन करें। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मोहित बंसल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी इसी प्रकार परिश्रम और समर्पण के साथ अपने कैरियर को संवारें। उर्दू विभाग की प्रवक्ता उजमा परवीन ने भी विद्यार्थियों को मुबारकबाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### तमंचा और कारतूस के साथ दबोचा

**नजीबाबाद।** गश्त और चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम को बंद पड़े ईंट भट्टे के पास एक युवक संदिग्ध हालत में दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक घबराने लगा, जिसके बाद उसे रोककर पूछताछ की गई। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। गिरफ्तार युवक की पहचान ग्राम कामराजपुर निवासी नासिर पुत्र सगीर के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपी लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियों में शामिल रहा है। पूछताछ के दौरान आरोपी हथियार रखने का कोई वैध लाइसेंस या संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिसके बाद उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। नांगल थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ ने बताया कि नासिर का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पहले भी गौवध अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम सहित कई धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों के कारण पहले भी चर्चा में रह चुका है।

**नीलामी सूचना**

ग्राम पंचायत तेलीपाड़ा, तहसील नगीना में उचित दर की दुकान के लिए 30.05.2026 की अपराह्न 2 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। दिनांक 06.06.2026 को अपराह्न 2 बजे तहसील स्तरीय चयन समिति की बैठक में उपस्थित आवेदकों के समक्ष लॉटरी पद्धति से शासनादेश के क्रम में चयन की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। सभी शर्तें उपजिलाधिकारी कार्यालय, नगीना में उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक इस संबंध में समस्त शर्तों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शिवम कुमार व पुत्रवधू प्रीति निहायत ही चालाक व धूर्त किस्म के है और मेरा कहना नहीं मानते है। हर समय गलत कार्यों में लिप्त रहते है। मेरे व परिवार वालों के साथ गाली-गलौच, मारपीट व जान से मारने की धमकी देते रहते है। प्रीति मेरे परिवार वालों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धौंस देती रहती है। हमारा इन लोगों ने जीना मुश्किल कर दिया है। समाज में छवि धूमिल कर दी है। मैं काफी तंग व परेशान हूं। अब मैंने पुत्र शिवम कुमार व पुत्रवधू प्रीति को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना-देना नहीं होगा। अपने कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **अशोक कुमार पुत्र शेर सिंह निवासी मिर्गीपुर गोपालपुर, पोस्ट बालावाली, थाना मण्डावर, जिला बिजनौर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम राबिया परवीन से बदलकर राबिया खातून रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**राबिया खातून पत्नी मौ. असलम, निवासी मौहल्ला सत्तीयान, कस्बा व थाना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर**

# भनेड़ा के टोल प्लाजा पर गरजे किसान नेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** किसानों के साथ कथित अभद्र व्यवहार की शिकायतों को लेकर भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतेजार मूसा अपने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ भनेड़ा टोल प्लाजा पहुंचे।

यहां उन्होंने टोल कर्मचारियों के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि किसानों का सम्मान सर्वोपरि है और उनके साथ किसी भी तरह की बदसलूकी स्वीकार नहीं की जाएगी। संगठन के पहुंचने से टोल प्लाजा पर हलचल का माहौल बन गया और काफी देर तक किसानों व टोल प्रबंधन के बीच बातचीत चली।

## अन्नदाता का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा

राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतेजार मूसा ने बताया कि पिछले कुछ समय से किसानों द्वारा लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि टोल प्लाजा पर उन्हें अनावश्यक रूप से रोका जाता है और कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संगठन के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।



टोल प्लाजा पर बातचीत के दौरान इंतेजार मूसा ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और उसके सम्मान से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि किसान सड़क पर उतरने को मजबूर हुआ तो इसका असर बड़े स्तर पर दिखाई देगा। संगठन ने टोल प्रबंधन से कर्मचारियों के व्यवहार में सुधार लाने की मांग की। मामले को बढ़ता देख टोल प्लाजा प्रभारी आमिर ने संगठन के पदाधिकारियों से बातचीत की और उन्हें आश्वासन दिया कि भविष्य में किसानों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि टोल कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएंगे कि वे सभी लोगों, विशेषकर किसानों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतेजार मूसा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में किसानों के उत्पीड़न या अभद्रता की कोई शिकायत दोबारा सामने आई तो भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और टोल प्रबंधन की होगी। भनेड़ा टोल प्लाजा पर पहुंचे किसानों और कार्यकर्ताओं ने संगठन की इस पहल का समर्थन किया। किसानों का कहना था कि अक्सर टोल प्लाजा पर उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब संगठन उनके सम्मान और अधिकारों की आवाज मजबूती से उठा रहा है। पूरे घटनाक्रम के दौरान टोल प्लाजा पर काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा।

**अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर**
परिवाद सं.-140/2024
**अफसाना बनाम इमरान**
धारा-125 सी.आर.पी.सी.
थाना- किरतपुर

अफसाना आयु 34 वर्ष पत्नी इमरान पुत्री लतीफ निवासी ग्राम ब्रह्मजीतपुर चन्दपुर उर्फ चन्दापुरा, पोस्ट, परगना व थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर हाल निवासी ग्राम गोविन्दपुर, पोस्ट, परगना व थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर पिन कोड-246731
मो.नं.-8941935505

**बनाम**

इमरान आयु 40 वर्ष पुत्र इरफान निवासी ग्राम ब्रह्मजीतपुर चन्दपुर उर्फ चन्दापुरा, पोस्ट, परगना व थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर, पिन कोड-246731

चूंकि उपरिनामांकित से इस बअदालत से यह आवेदन किया है कि अतः एवं आपको एतद्द्वारा - चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्षित करने के लिए 25.05.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

**नियत दिनांक:- 25-05-2026**
**प्रबन्धक**
**अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर (उ.प्र.)**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद-बिजनौर)**
पत्रांक : 01/न.पा.परि.बि. /2026-27, दिनांक: 05.05.2026

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-307 मौहल्ला जाटान बी-03, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री विजय कु., संजय कु. व राज कुमार पुत्रगण स्व. रमेश चन्द्र अग्रवाल के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में आवेदक श्री संजय कुमार अग्रवाल स्व. रमेश चन्द अग्रवाल निवासी मौ. जाटान, बी-03, बिजनौर के द्वारा दानपत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद-बिजनौर)**
पत्रांक : 09/न.पा.परि.बि. /2026-27, दिनांक: 07.05.2026

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-198/49 मौहल्ला सिविल लाईन प्रथम, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री अमरपाल सिंह पुत्र श्राम मुकुट शर्मा के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में आवेदक श्री डॉ. दीपक गौड़ पुत्र राधेश्याम गौड़ निवासी मौ. सिविल लाईन प्रथम, बिजनौर के द्वारा बैनामे व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद-बिजनौर)**
पत्रांक : 05/न.पा.परि.बि. /2026-27, दिनांक: 05.05.2026

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-124 मौहल्ला सिविल लाईन प्रथम, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री विजय कु., संजय कु. व राज कुमार पुत्रगण स्व. रमेश चन्द्र अग्रवाल के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में आवेदक श्री राज कुमार अग्रवाल स्व. रमेश चन्द अग्रवाल निवासी मौ. जाटान बी-03, बिजनौर के द्वारा दानपत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद-बिजनौर)**
पत्रांक : 13/न.पा.परि.बि. /2026-27, दिनांक: 07.05.2026

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-307 मौहल्ला जाटान बी-03, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री विजय कु., संजय कु. व राज कुमार पुत्रगण स्व. रमेश चन्द्र अग्रवाल के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में आवेदक श्री राज कुमार अग्रवाल स्व. रमेश चन्द अग्रवाल निवासी मौ. जाटान बी-03, बिजनौर के द्वारा दानपत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद-बिजनौर)**
पत्रांक : /न.पा.परि.बि. /2026-27, दिनांक: 05.05.2026

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-181 मौहल्ला जाटान बी-03, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री विजय कु., संजय कु. व राज कुमार पुत्रगण स्व. रमेश चन्द्र अग्रवाल के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में आवेदक श्री राज कुमार अग्रवाल स्व. रमेश चन्द अग्रवाल निवासी मौ. जाटान बी-03, बिजनौर के द्वारा दानपत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद-बिजनौर)**
पत्रांक : 04/न.पा.परि.बि. /2026-27, दिनांक: 05.05.2026

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-334 मौहल्ला राघड़ान, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री विजय कु., संजय कु. व राज कुमार पुत्रगण स्व. रमेश चन्द्र अग्रवाल के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में आवेदक श्री विजय अग्रवाल स्व. रमेश चन्द अग्रवाल निवासी मौ. जाटान, बिजनौर के द्वारा दानपत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद-बिजनौर)**
पत्रांक : 02/न.पा.परि.बि. /2026-27, दिनांक: 05.05.2026

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-334 मौहल्ला राघड़ान, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री विजय कु., संजय कु. व राज कुमार पुत्रगण स्व. रमेश चन्द्र अग्रवाल के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में आवेदक श्री विजय अग्रवाल स्व. रमेश चन्द अग्रवाल निवासी मौ. जाटान, बिजनौर के द्वारा दानपत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# सांसद चंद्रशेखर के आवास का घेराव

## भाजपा महिला मोर्चा का विपक्षी दलों की नीतियों और कार्यशैली पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भाजपा धामपुर मंडल द्वारा आयोजित महिला आक्रोश सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम जनता इंटर कॉलेज जैतरा के निकट गांधी आश्रम के पीछे आयोजित किया गया। जहां से महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने सांसद चंद्रशेखर आजाद के आवास की ओर बढ़कर विरोध प्रदर्शन किया।




सम्मेलन का आयोजन नारी शक्ति और नारी स्वाभिमान के मुद्दों को लेकर किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की महिला प्रदेश महामंत्री रश्मि रावल मुख्य संयोजक तथा जिला महामंत्री दिनेश सैनी सह-संयोजक के रूप में मौजूद रहे। सम्मेलन में मंडल, जिला और सेक्टर स्तर के पदाधिकारियों के अलावा बूथ अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी, सभासद और बड़ी संख्या में समर्थक शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों को गिनाते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। साथ ही विपक्षी दलों की नीतियों और कार्यशैली पर भी तीखा हमला बोला गया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए लगातार कार्य कर रही है।

इस दौरान नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन राजू गुप्ता, लीना सिंघल, महेंद्र धनोरिया, सुभाष चौहान, मनोज चौहान, दीपक अग्रवाल और पुरुषोत्तम अग्रवाल सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल और आसपास सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। सम्मेलन में मौजूद नेताओं ने अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने और आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# भाकियू की महापंचायत बागड़पुर में 15 मई को



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भाकियू (अराजनैतिक) की महा पंचायत 15 मई को ग्राम बागड़पुर में होगी।

## मुख्य अतिथ रहेंगे दिगंबर सिंह

यह जानकारी देते हुए एडवोकेट मौहम्मद फैज कुरैशी ने बताया कि 15 मई को बागड़पुर स्थित बैंकट हॉल में होने वाली महापंचायत में मुख्य अतिथि युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह रहेंगे। उन्होंने बताया कि पंचायत को सफल बनाने के लिए आज ब्लॉक जलीलपुर में आयोजित बैठक में जिला महासचिव नितेंद्र प्रधान, बिजनौर तहसील अध्यक्ष उदयवीर सिंह उपस्थित उपस्थित रहे। बैठक अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने की। संचालन महिपाल सिंह भाटी ने किया। बैठक में जिला संरक्षक बाबा रामफल मुखिया, ब्लॉक महासचिव अरविंद कुमार, तहसील उपाध्यक्ष महबूब प्रधान, उस्मान अहमद, फरमान अहमद, कुलदीप सिंह, अनुज त्यागी, सोनू, विनीत कुमार, नगर अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी, किसान सेवक फैज कुरैशी भूपेंद्र सिंह, धर्मवीर वीर सिंह, मतलूब प्रधान आदि सैकड़ों किसान ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### गैस न मिलने पर नाराजगी

**धामपुर।** कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडरों की लगातार बढ़ रही कीमतों और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध न होने को लेकर व्यापारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में व्यापारिक संगठन की ओर से राष्ट्रपति को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से ज्ञापन भेजकर गैस कीमतों में राहत देने की मांग की गई है। संगठन पदाधिकारियों का कहना है कि महंगी कमर्शियल गैस के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है। होटल, रेस्टोरेंट और खाद्य सामग्री से जुड़े कारोबारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है, जिसका असर आम लोगों पर भी दिखाई दे रहा है। संगठन के अध्यक्ष मनोज धनोरिया ने कहा कि यदि कमर्शियल गैस पुराने दामों पर उपलब्ध कराई जाए और इसकी आपूर्ति सुचारु हो, तो बाजार में महंगाई पर भी नियंत्रण पाया जा सकता है। ज्ञापन पर महामंत्री विपुल जैन, उपाध्यक्ष अजय कुमार पिंटू और नमन अग्रवाल समेत कई व्यापारियों के हस्ताक्षर मौजूद रहे।

### प्रचार वाहन रवाना



**धामपुर।** चीनी मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, सहायक उपाध्यक्ष गन्ना संजीव कुमार, विभागाध्यक्ष गन्ना विकास करुण अग्रवाल ने गन्ने की फसल को रोगों एवं कीटों से बचाव हेतु चीनी मिल द्वारा पेस्टिसाइड, कृषि यंत्रों पर दिए जा रहे अनुदान एवं किए जा रहे विकास कार्यों से संबंधित प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन मिल क्षेत्र में आने वाले समस्त गांव में जाकर चीनी मिल द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में प्रचार-प्रसार करेगा। इस मौके पर मनोज चौहान वरिष्ठ प्रबंधक, दिनेश राजपूत उप प्रबंधक, राजेश कुमार सहायक प्रबंधक, लविश कुमार, संजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक



**धामपुर।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक पंजाबी कालोनी स्थित सनातन धर्म सभा शिव मंदिर में हुई। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक सारंगादेश असीम एवं रामअवतार ने की। राकेश चमोली एवं अन्य वरिष्ठ नागरिकों ने नगर की स्वच्छता पर जोर दिया। खजान सिंह व राम सिंह ने देशभक्ति का गीत सुनाया। रामअवतार ने बताया हमारा परिवार भक्ति से ओत प्रोत रहे। हनुमान चालीसा व ईश्वर की भक्ति पर जोर दिया। जिससे वरिष्ठ नागरिकों द्वारा समाज में ईश्वर भक्ति का संदेश पहुंचे। नगर अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने बताया कि हमारा पास पड़ोस वरिष्ठ नागरिकों के मार्ग दर्शन से स्वस्थ समृद्ध रहे। बैठक देश भक्ति से ओत प्रोत रही। बैठक की अध्यक्षता रामअवतार ने की। बैठक में, श्यामलाल, खजान सिंह, स्वतंत्र कुमार, रामअवतार, वीरेंद्र सिंह, कुसुम देवी, विजयपाल सिंह, राकेश चमोली, राम सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन श्यामलाल आचार्य ने किया।

### श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ



**धामपुर।** नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी में आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। धार्मिक माहौल और भक्ति गीतों के बीच निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा सिद्धपीठ श्री नवदुर्गा खाटू श्याम मंदिर से प्रारंभ हुई। कथा व्यास आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ महाराज सुसज्जित बग्गी पर विराजमान रहे। मुख्य यजमान नखलेश कुमार चौहान ने सिर पर श्रीमद्भागवत ग्रंथ धारण किया, जबकि उनकी पत्नी रीना देवी चौहान मंगल कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित सुमित कुमार वशिष्ठ और पंडित अमित कुमार वशिष्ठ ने संपन्न कराया। कार्यक्रम में समाजसेवी कुंवर निहाल सिंह राजपूत, शोभा रानी राजपूत, अशोक कुमार सिंह राजपूत, लता रानी राजपूत, अनिल कुमार सिंह राजपूत, रेनू रानी राजपूत, आशीष कुमार सिंह राजपूत और सुप्रिया रानी राजपूत परिवार सहित मौजूद रहे। कलश यात्रा के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में डा. अनुज कुमार वर्मा, रीना वर्मा, ध्रुव वर्मा, हर्ष शर्मा, नितिन शर्मा और सोनू शर्मा आदि का सहयोग रहा।

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार, चालान



**नांगल सोती।** पुलिस ने एक युवक को एक अवैध तमंचे से साथ गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद आरोपी का संबंधित मामले में चालान कर दिया। चैकिंग के दौरान नांगल पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम कमराजपुर निवासी नासिर पुत्र सगीर को एक अवैध तमंचा 315 बोर और 2 जिंदा कारतूस के साथ पकड़ लिया। जिसके बाद पुलिस ने उसके वरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर चालान कर दिया।

## एक नजर

### संस्थागत प्रसव व टीकाकरण पर जोर



**स्योहारा।** सीएचसी स्योहारा में एएनएम की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डा. बीके स्नेही ने करते हुए संस्थागत प्रसव बढ़ाने, नियमित टीकाकरण एवं स्वास्थ्य योजनाओं के डाटा को समय से अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा यू-विन आरसीएच और एचएमआईएस पोर्टल पर समय से डाटा फीडिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में जनपद के मैटरनल हेल्थ कंसल्टेंट शमीम ने उच्च जोखिम गर्भावस्था व मातृ मृत्यु रोकथाम पर जानकारी देते हुए संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान हेल्थ एआरओ आलोक कुमार, सुपरवाइजर वीर सिंह, राजेश कुमार, डा. राकेश, बीपीएम शालिनी विश्नोई, डीईओ राशि, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर मौहम्मद मुस्तकीम, सौरव आर्या सहित एएनएम व अन्य स्वास्थ्य स्टाफ मौजूद रहे।

### पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित



**हल्दौर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की ब्लॉक हल्दौर इकाई का त्रिवार्षिक अधिवेशन आज संपन्न हुआ। अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिला उपाध्यक्ष पर्यवेक्षक नजमा खातून नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष चुनाव अधिकारी हितेश कुमार की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराई गई। चुनाव परिणाम में रणजीत कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष तथा सचिन राजपूत को ब्लॉक मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसके अलावा राहुल कुमार को कोषाध्यक्ष, अतीक अहमद अंसारी, नवनीत कुमार, कुमुद रानी व बृजेश कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया। संयुक्त मंत्री पद पर मनीष कुमार, डॉ. सरस्वती, वंदना कुमारी एवं अंजिता रानी निर्वाचित घोषित हुए। कंचन कुमार को लेखाकार तथा रीना चौहान को ऑडिटर चुना गया। परिणाम घोषित होने के बाद जिला अध्यक्ष सुधीर यादव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष रणजीत कुमार एवं ब्लॉक मंत्री सचिन राजपूत ने शिक्षक साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। अधिवेशन में मंडल महामंत्री हिरेंद्र यादव, जिला मंत्री राहुल राठी, जिला उपाध्यक्ष तारिक अलीम, तरुण गुप्ता, जिला संयुक्त मंत्री अल्फिया जावेद, खूब सिंह, चंद्रपाल सिंह, भूपेंद्र, विक्रांत, प्रमेंद्र रायसन, अर्चना सिंह, मीनाक्षी शर्मा, आलिमा, रेशमा, ऋतु सिंह, शाहजहां, नगमा अफजाल, हेमलता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

### पदाधिकारी छात्रों ने ली शपथ



**हल्दौर।** डा.फकीरचंद सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज छात्र संसद के पदाधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के प्रमुखों को शपथ दिलाई गई। छात्र संसद में शुभम लोईवाल को प्रधानमंत्री, धैर्य को उपप्रधानमंत्री, राज चौहान को सेनापति, विवेक कुमार को उपसेनापति, आयुष को मंत्री तथा माधव नागर को उपमंत्री नियुक्त किया गया। वहीं कशिश, विशू कुमार, आशी चौहान, अक्षा, उदित, यशमीत, मनीष, शबा, निशांत, हर्ष राजपूत, अंशिका, विनायक, वेदांश लोईवाल, शुभ, भूम्याक्षी, संजू, कृष्णा, रोहन, एकाग्र एवं प्रणीत को विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने सभी पदाधिकारियों एवं विभाग प्रमुखों को शपथ दिलाते हुए कहा कि छात्र संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व एवं संगठनात्मक कौशल विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

# नगीना चौक पर सघन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के व्यस्त नगीना चौक पर आज पुलिस द्वारा सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 20 वाहनों के चालान किए गए। अचानक हुई पुलिस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और कई लोग रास्ता बदल कर निकलते दिखाई दिए।



## नियम तोड़ने वालों के कटे चालान

चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की। बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले युवकों, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले कार चालकों तथा वाहन के आवश्यक दस्तावेज पूरे न होने पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। कई वाहन चालकों को मौके पर रोककर यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत भी दी गई।

अभियान का नेतृत्व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि एसपी अभिषेक झा के निर्देशन में जनपद भर में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है और लापरवाही करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

चैकिंग के दौरान नगीना चौक और आसपास के क्षेत्रों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस की मौजूदगी देखकर कई वाहन चालक वैकल्पिक मार्गों से निकलते नजर आए। अभियान में ट्रैफिक पुलिस उपनिरीक्षक सुनील कुमार, सोनू रावत, सौरभ चौधरी, अपर्ण कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# संगठित होकर शिक्षक-कर्मचारी करेंगे संघर्ष

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए सिंचाई संघ के बैनर तले विभिन्न संगठनों की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सिंचाई संघ उ.प्र. बिजनौर शाखा के बैनर तले विभिन्न विभागीय संगठनों की संयुक्त बैठक उ.प्र. राज्य कर्मचारी परिषद जिला संरक्षक देशराज सिंह की अध्यक्षता एवं सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह के संचालन में हुई।



बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है। जिसके लिए संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिलाध्यक्ष धीरज कुमार एवं जिला मंत्री क्रांति कुमार शर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष में संगठित है। पुरानी पेंशन बहाली सहित कर्मचारियों के प्रत्येक हक के लिए परिषद तत्पर तैयार है। संयुक्त राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि संगठित होकर यदि संघर्ष करेंगे, तो निश्चित सुखद परिणाम मिलेंगे। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि एवं सेवानिवृत्ति पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला मंत्री योगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि सरकार एनपीएस केवल पूंजीपतियों का षडयंत्र है, जिसका कर्मचारी निरंतर मुख्य रूप से विरोध कर रहे हैं। भांडारपाल कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार दिवाकर, ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष उमेश कुमार रवि, आईटीआई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिला मंत्री अजय कुमार, अटेवा जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव एवं सिंचाई संघ के जिला मंत्री आशीष कुमार ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संगठित रहने का आह्वान किया।

बैठक में ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील कुमार त्यागी, शूरवीर सिंह, देवेंद्र कुमार शर्मा, हरेंद्र कुमार, राकेश कुमार, निशांत, रामबहादुर, जगमोहन सिंह, राजकुमार, अभिनय राजपूत, गगन गुप्ता, मो. हत कुमार, रामगोपाल, चंद्रपाल सिंह, दिलीप सिंह, सुनील कुमार, कृष्ण कुमार, विकास विश्नोई, सौरभ कुमार, उमेश कुमार रवि, अजय कुमार, अमित कुमार, सतीश कुमार वर्मा, रविंद्र कुमार, बृजपाल सिंह, महेंद्र सिंह, वीर सिंह, अजय प्रताप, तुषार सिंह, रवीश कुमार आदि ने संबोधित किया।

# मादक पदार्थ के साथ युवक गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**धामपुर।** क्षेत्र में चलाए जा रहे मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक युवक को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 230 ग्राम चरस बरामद होने का दावा किया गया है। पुलिस के अनुसार ग्राम सुहागपुर मार्ग स्थित कब्रिस्तान के समीप संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस ने मौहल्ला साहूवान निवासी नौशाद पुत्र अब्दुल रशीद को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है और जल्द ही उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# सफाई कर्मचारियों के चुनाव में जोरदार मुकाबला

## लाखन सिंह ब्लॉक अध्यक्ष और राजकुमार सिंह महामंत्री निर्वाचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में उ.प्र.पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए। इन चुनावों में लाखन सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष और राजकुमार सिंह को महामंत्री निर्वाचित किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए लाखन सिंह और नो सिंह के बीच सीधा मुकाबला था। लाखन सिंह को कुल 107 वोट मिले, जबकि नो सिंह को 96 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार, लाखन सिंह ने 11 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। इस पद के लिए कुल पांच मत निरस्त किए गए। महामंत्री पद के लिए भी कड़ा संघर्ष देखने को मिला। इसमें राजकुमार सिंह ने मुकेश कुमार को हराया। राजकुमार सिंह को 105 वोट मिले, जबकि मुकेश कुमार को 95 वोट प्राप्त हुए। राज. कुमार सिंह 10 वोटों से विजयी रहे। इस पद के लिए 9 मत निरस्त हुए। कार्यकारिणी के अन्य महत्वपूर्ण पदों पर निर्विरोध और सर्वसम्मति से नियुक्तियां की गई। महेंद्र सिंह को संगठन मंत्री, वीरेंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष और अमर सिंह को संप्रेक्षक निर्वाचित किया गया। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने में मुख्य निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार के साथ निर्वाचन अधिकारी नित्तल कुमार, नवल किशोर और राकेश कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मतदान के दौरान सुरक्षा और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। परिणामों की घोषणा होते ही ब्लॉक परिसर जयकारों से गूंज उठा। समर्थकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल-मालाओं से लाद दिया और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। नवनियुक्त अध्यक्ष लाखन सिंह ने सभी सफाई कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत मेरी नहीं, बल्कि हर उस कर्मचारी की है जो ब्लॉक की स्वच्छता के लिए समर्पित है। मैं कर्मचारियों की समस्याओं को शासन स्तर पर उठाने और उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।

# विद्यालय में धार्मिक उन्माद फैलाने के आरोप में प्रधानाध्यापक व शिक्षक पर एफआईआर

**०विद्यालय में दूसरे समुदाय के बच्चों को टोपी पहनाने और लड़कियों को हिजाब बांधवाने का आरोप**
**०वायरल वीडियो पर लिया गया संज्ञान**
**०पदीय दायित्व का निर्वहन न करने के आरोप में प्रधानाध्यापक बालेश कुमार भी निलम्बित**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पीएम श्री विद्यालय के वायरल वीडियो में प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक पर धार्मिक उन्माद फैलाने और अवांछित गतिविधियों के आरोप पर दोनों के विरूद्व विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर दोनों को निलम्बित कर दिया जबकि प्रधानाध्यापक पर अपने पदीय दायित्व का निर्वहन न करने पर निलम्बित किया गया।

खंड विकास सम्भल व नखासा थाना क्षेत्र के ग्राम जालब सराय के पीएमश्री विद्यालय के वायरल वीडियो जिसमें प्रधानाध्यापक मौहम्मद अंजार अहमद तथा सहायक अध्यापक मौहम्मद गुल एजाज द्वारा विद्यालय परिसर में धार्मिक उन्माद फैलाने से संबंधित अवांछित गतिविधियां की जा रही हैं। जिसको लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारी सम्भल द्वारा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया और विद्यालय के बच्चों से वार्ता की गई। जबकि जांच और वार्ता में संज्ञान में आया कि प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक द्वारा विद्यालय में अवांछित गतिविधियां कर विद्यालय परिसर में मजहबी क्रियाकलापों को बढ़ावा दिया जा रहा है। शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा अपने कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन न कर मजहबी शिक्षा को बढ़ावा देकर विद्यालय में धार्मिक उन्माद पैदा धर्म एवं भाषा के आधार पर विच्छेदित करने तथा जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को आहत करने तथा अन्य धर्म के बारे में अनावश्यक टिप्पणी करने, धार्मिक असहिष्णुता जैसे कृत्य तथा विद्यालयी वातावरण एवं बच्चों अबोध मन पर कुठाराघात, निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 17 एवं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 28 के साथ उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 में निहित प्राविधानों के उल्लंघन करने का दोषी माना गया। इसके अलावा प्रभारी प्रधानाध्यापक वर्तमान में चिकित्सा अवकाश पर होने के कारण वालेश कुमार को अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन न करते हुए तथा इस तरह के कृत्यों को रोकने का प्रयास नहीं करने पर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशानुसार तीनों को निलंबित कर दिया गया। जबकि खंड शिक्षा अधिकारी विकास क्षेत्र सम्भल की ओर से मौहम्मद अंजार अहमद प्रधानाध्यापक एवं मौहम्मद गुल एजाज सहायक अध्यापक के विरुद्व थाना नखासा में बीएनएस की धारा 353(2)/61(2) के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज की गयी।



सम्भल। सांसद आवास पर जाने से रोकी महिलाएं धरना देकर नारेबाजी करती।

## डीएम ने त्रिसदस्यीय समिति को सौंपी जांच

**सम्भल।** विद्यालय में हिजाब और टोपी पहनवाने के आरोपों को गम्भीरता से लेते हुए डीएम अंकित खंडेलवाल ने मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में त्रिसदस्यीय समिति का गठन करते हुए विस्तृत जांच कराने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि जांच के उपरांत जो भी अधिकारी या कर्मचारी संलिप्त पाया जाएगा। उनके विरुद्व विधिक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि विद्यालयों के शिक्षा के स्तर में वृद्धि हो और जो भी इस दिशा में कार्य नहीं करेगा उसके खिलाफ कार्यवाही संज्ञान में लायी जाएगी।

# कैमरे के सामने आए बच्चों ने किया इन्कार

**०वीडियो में टोपी पहने छात्र अनमोल बोला खुशी में पहनी थी टोपी**
**०छात्रा नंदनी ने भी हिजाब बंधवाने से किया इन्कार स्वयं बांधना किया स्वीकार**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पीमश्री विद्यालय में धार्मिक उन्माद फैलाने और अवांछित गतिविधियां करने का वीडियो वायरल होने पर हड़कम्प मचा हुआ है। जबकि टी वी चैनलों और समाचार पत्रों के कैमरों का रूख जालब सराय स्थित पीएमश्री विद्यालय की ओर हो गया है।मामला सुर्खियां बनते ही सोमवार को जालाब सराय स्थित विद्यालय पहुंचे मीडिया कर्मियों ने जिन बच्चों को हिजाब और टोपी पहनाकर धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप सामने आया उन्ही बच्चों ने कैमरों के सामने आकर इस मामले से साफ इंकार किया है। मीडिया कर्मियों ने जब बच्चों से मामले की सच्चायी जाननी चाही। स्कूल के छात्र अनमोल से मीडिया कर्मी ने पूछा कि वायरल वीडियों में वह टोपी पहने हुए दिखायी दे रहा है। इस पर छात्र ने कहा कि टोपी हमने खुशी में स्वयं लगा ली थी लेकिन अब नहीं लगायेंगे। जबकि पूर्व में लब पै आती हे दुआ प्रेयर होती थी। लेकिन अब इतनी शक्ति हमें देना दाता हो रही है। लब पै आती है दुआ किसके कहने पर होती थी इस बारे में भी छात्र ने कोई जानकारी होने से साफ इंकार किया। इसी के साथ छात्रा नंदनी ने कहा कि इस्लामिक कल्चरल की प्रेयर वारयल हो रही है पर छात्रा ने कहा कि अब प्रेयर इतनी शक्ति हमें देना दाता होती है। जबकि हिजाब बांधने वाले वायरल वीडियो को लेकर उसने कहा कि हिजाब तो हमने स्वयं बांधा था। स्कूली छात्र और छात्रा के हिजाब स्वयं बांधने और टोपी खुशी में पहनने के बयानों ने मामले को दूसरा मोड़ दे दिया है। बहरहाल सच और झूठ क्या है समिति की जांच के बाद ही दूध का दूध और पानी का पानी होगा और कौन सच्चा व कोन झूठा इसका पर्दाफाश होगा। फिलहाल बच्चों के बयानों से मामले में दूसरा मोड़ आने लगा है।

# सपा सांसद आवास पर धरना देने जा रही महिलाओं को पुलिस ने रोका

**०महिला आरक्षण बिल को लेकर धरने में मुस्लिम महिलाएं भी रहीं शामिल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** महिला आरक्षण बिल संसद में पास न होने पर विपक्षी दलों विशेषकर सपा पर हमलावर भाजप की जनआक्रोश अभियान में जिलाध्यक्ष और पूर्व प्रत्याशी के नेतृत्व में महिलाओं को पुलिस ने सांसद आवास जाने से रोक दिया। महिलाओं ने सांसद आवास से दूर खग्गू सराय में धरना देकर सांसद के खिलाफ नारेबाजी की और महिला बिल का सर्मथन नहीं करने के आरोप लगाया।

भाजपा के जनाक्रोश अभियान में शामिल महिलाएं जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के संयुक्त नेतृत्व में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के निवास पर धरना देने पहुंची। लेकिन पहले से मौजूद पुलिस ने महिलाओं को रोक दिया। महिलाएं खग्गू सराय स्थित मंदिर के पास एकत्र हो गयी और धरने पर बैठ गयी। महिलाओं ने सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने सांसद पर महिला आरक्षण बिल का समर्थन न करने का आरोप लगाया। कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई था। पुलिस ने इलाके में जगह-जगह बैरिकेडिंग कर दी थी। एएसपी कुलदीप सिंह सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। महिलाओं ने सांसद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि महिला सम्मान और भागीदारी के मुद्दे पर विपक्ष ने महिलाओं को निराश किया है। भाजपा जिला महामंत्री शिल्पी गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को पंचायत से संसद तक पहुंचाने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है, लेकिन महिला आरक्षण बिल पास न होने से महिलाओं के सपनों को झटका लगा है। धरने में शामिल मुस्लिम महिलाओं ने भी महिला आरक्षण बिल का समर्थन करते हुए कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने और राजनीति में भागीदारी दिलाने के लिए बिल का पास होना जरूरी है। महिलाओं ने कहा कि वे सांसद से अपील करने जा रही थीं, लेकिन रास्ते में पुलिस ने रोक दिया। प्रदर्शन के दौरान पूरे इलाके में पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही।

# हड़ताल नहीं समस्या का समाधान: पंकज आर्य

**०कैमिस्टों से बीस मई को हड़ताल नहीं करने का आहवान**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश के जिला



अध्यक्ष पंकज आर्य ने कहा कि 20 मई को मेडिकल स्टोर बंद नहीं रखे जायेंगे बल्कि प्रतिदिन की तरह खोले जायेंगे।

वह नगर तिरंगा मार्केट में स्थित शर्मा मेडिकोज पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। जिसमें उन्होंने किसी संगठन द्वारा 20 मई को मेडिकल बंद रखने की बात पर अपने संगठन के विचार स्पष्ट किये। उन्होंने कहा कि केमिस्टस एंड ड्रगिस्ट्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश प्रांत के 1लाख 40 हजार लाइसेंस धारी मेडिकल स्टोर और फार्मासिस्टों का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने 20 मई को किसी संगठन द्वारा प्रस्तावित हड़ताल में भाग न लेने, मेडिकल स्टोर प्रतिदिन की भांति खोलने, जनता की सेवा जारी रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि फार्मासिस्टों केमिस्टों की ऑनलाइन बिक्री सहित अनेक समस्याएं हैं। उनका समाधान विभाग एवं शासन स्तर पर आपसी संवाद या अन्य दूसरे तरीकों से संभव है। लेकिन मेडिकल स्टोर बंद करना इसका विकल्प नहीं है। उन्होंने मेडिकल स्टोर बंद रखने के नुकसान के बारे में अपना स्पष्ट पक्ष रखा और कहा कि अनियमित जगह/ऑनलाइन से दवाइयां खरीदने से गलत दवा लेने का खतरा बढ़ेगा। अनियमित चैनलों से नकली मिलावटी या घटिया दवाइयां मिलने का जोखिम बढ़ेगा। एंटीबायोटिक का गलत उपयोग, नशे वाली दवाओं की आदत की संभावना बढ़ेगी, मरीजों की जान का खतरा रहेगा। इसलिए मेडिकल स्टोर बंद करना सही समाधान नहीं है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था सी डी एफ यू पी का भी यही मानना है कि मेडिकल बंद रखकर हमें हड़ताल नहीं करनी चाहिए। जिला अध्यक्ष पंकज आर्य ने कहा कि मेडिकल कोई साधारण दुकान प्रतिष्ठान नहीं है कि जब चाहे बंद करके हड़ताल कर दी जाए। यह आवश्यक सेवा अधिनियम के अंतर्गत आता है। जिसके आधार पर मेडिकल की सेवाएं बंद करना गैरकानूनी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सी डी एफ यू पी के आहवान पर केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश तथा केमिस्ट एसोसिएशन संभल सभी मेडिकल स्वामियों, केमिस्ट बंधुओ से 20 मई को मेडिकल बंद की अपील का संज्ञान ना लेकर अपना मेडिकल यथावत खोलने का आहवान किया। क्योंकि यह दुकानदारी नहीं जनता की सेवा है। प्रेस वार्ता में राहिल भारतीय, मोहम्मद शाहनवाज, अनिल कुमार अग्रवाल, दिनेश कुमार, रवि कुमार, मोहम्मद नसीम, हेमंत वार्ष्णेय, अभिजीत पॉल, प्रियरत्न आर्य, सुबोध पाल आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उच्चा शिक्षा ही बनाती है हमें चेतनावान: डा. इमरान



सम्भल- अल कदीर इंटर कॉलेज में उच्च शिक्षा के महत्व की जानकारी देते शिक्षक।

**०एमजीएम पीजी कॉलेज की समिति ने किया जागरूक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उच्च शिक्षा के महत्व एवं उसके प्रचार-प्रसार के लिए चल रही में छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के महत्व पर विचार व्यक्त किये गए।

अल कदीर इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में एमजीएम पीजी कॉलेज की टीम डा. निलेश कुमार ने उच्च शिक्षा के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को बताया कि शिक्षा हमें संस्कारवान बनाती है। उच्च शिक्षा सफलता के नए द्वार खोलती है। डाक्टर, इंजीनियर जैसे प्रोफेशन या अन्य सामाजिक सेवा के क्षेत्र सिविल सेवा आदि के लिए द्वार उच्च शिक्षा के बाद ही खुलते हैं। उच्च शिक्षित व्यक्ति व्यापार, नौकरी से लेकर पारिवारिक जिम्मेदारियों का बहुत ही अच्छे ढंग से निर्वहन करता है। कार्यशाला में डा. मौ. इमरान खान ने कहा कि जब पढ़ोगे लिखोगे तो आगे बढ़ोगे। शिक्षा सिर्फ परीक्षा पास करने या विद्वानों अथवा विचारको के मतों को आत्मसात करना ही नहीं है बल्कि उच्च शिक्षा हमें चेतनावान बनाती है, हमें तर्क करना सिखाती है। उच्च शिक्षा नौकरी, व्यापार व अन्य कार्यों के साथ साथ हमारे व्यक्तित्व का निर्माण भी करती है। डा. मीनाक्षी गोयनका ने स्त्रियों के लिए शिक्षा के महत्व पर विचार रखते हुए कहा कि जब एक लड़की पढ़ती है तो समझ लो की एक पीढ़ी पढ़ रही है। यदि नारी पढ़ी लिखी होगी तो पारिवारिक दायित्वों को भी अच्छी तरह निभा पाएगी। कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह के निर्देशन में शहर के इंटर कॉलेजो में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य उच्च शिक्षा में नामांकन दर बढ़ाने के साथ-साथ एमजीएम महाविद्यालय में छात्र संख्या में अभिवृद्धि का भी है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा अल कदीर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शान मियां आदि भी मौजूद रहे।

## उफ गर्मी ने किया बेहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गर्मी का रौद्र रूप जारी है। सुबह से लेकर सांय तक भयंकर गर्मी से लोग बुरी तरह व्याकुल रहे। जबकि धूप में निकलने पर पसीने से तरबतर होना पड़ा। रात भी गर्मी ने अपना पूरा रौद्र रूप दिखाया।

## एक नज़र इधर भी

### डीएसएम के संस्थापक विजय गोयल के निधन पर शोक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** धामपुर शुगर मिल के संस्थापक और शुगर मिल के किंग और एक ऐसे शख्स जिसने अंजान व्यक्ति को अपनी किडनी दान कर दी, ऐसे महान व्यक्ति कुंवर विजय गोयल अब लोगों के बीच नहीं रहे। उनके अथक प्रयास ने मुरादाबाद में दो मिल जो बाद में सम्भल में आ गई असमोली, रजपुरा, बिजनौर जो कि सबसे पुराने मिल में है उसके अलावा मंसूरपुर में और बरेली में भी शुगर मिल की स्थापना कराई। लाखों परिवार का सहारा रहे हजारों गरीब बच्चों की पढ़ाई, साथ ही साथ तीन विद्यालय बच्चों की शिक्षा के लिए उन्होंने सम्भल में दिया था। उनके निधन से पूरा क्षेत्र दुखी है, कितनो के घर में चूल्हा तक नहीं जला। डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में शोक सभा का आयोजन पूरे कारखाने के कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित कर उनके आत्मा के शांति हेतु प्रार्थना की गई।

### समिति ने किया शोक व्यक्त

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** माँ गंगा जन कल्याण समिति बबराला ने धामपुर शुगर मिल समूह के स्वामी रहे कुंवर विजय कुमार गोयल के निधान पर शोक व्यक्त किया।

समिति अध्यक्ष अतुल गोयल ने कहा कि आप एक बड़े व्यवसायी थे, उन्होंने एक अखबार में पढ़ा कि हैदराबाद में किसी होनहार इंजीनियर की दोनों किडनी खराब हो गई हैं और उसको जीवन संकट आ गया है, घर-परिवार में बिना किसी को बताए हैदराबाद के अस्पताल में जाकर अपरिचित व्यद्रि को अपनी एक किडनी दान कर दी और उस योग्य अभियंता का जीवन सुरक्षित कर दिया । इनके लौटते हुए जब उस अभियंता ने कहा कि इसके बदले में आपकी क्या सेवा कर सकता हूँ तो विजय कुमार गोयल अपना विजिटिंग कार्ड देकर चले आए और बोले की जीवन में कभी कोई समस्या आये तो मुझे अवश्य याद करना ह। इतने शानदार व्यक्ति थे। गंगा समिति अधयक्ष अतुल गोयल ने समिति सदस्यों के साथ विनम्र श्रृद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान कार्तिक गोयल,गर्वित गोयल,विजय कुमार,सुरेश आदि रहे।

### करणी सेना के संगठन मंत्री ने किए दर्शन

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** महेंद्र सिंह सिकरवार राष्ट्रीय संरक्षक क्षत्रिय करणी सेना एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष में उनके साथ बड़ी संख्या में मध्य प्रदेश और राजस्थान से आए सहयोगियों ने महाराणा प्रताप पार्क हल्लू सराय स्थित महाराणा प्रताप पार्क एवं चामुंडा मंदिर एवं कोट पूर्वी में स्थित मनु श्रीकाल की विष्णु मंदिर में दर्शन किए एवं परिक्रमा समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने अपनी टीम के साथ उनको सम्मानित किया। जबकि महाराणा प्रताप शौर्य ट्रस्ट के अध्यक्ष इंजीनियर अमित पवार की टीम ने भी सम्मानित किया। तत्पश्चात16 से 17 अगस्त में कल्कि जयंती महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया। इस मौके पर राजा ठाकुर, चामुंडा मंदिर के महंत मुरली सिंह महाराज महावीर सुदर्शन चक्र अखाड़े के अशोक गुरुजी सिद्वांत ठाकुर विकास ठाकुर आदि प्रमुख रूप से रहे।

### जिलाधिकारी को क्षेत्र के कार्यों से अवगत कराया

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर पंचायत धर्मेंद्र प्रजापति ने नवागत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल से मुलाकात कर उनका पटका पहनाकर स्वागत किया और अपने नगर क्षेत्र के कार्य व नये कार्यो से भी अवगत कराया। धर्मेन्द्र प्रजापति ने बताया कि जिलाधिकारी से प्रेमपूर्ण वार्ता हुई। नगर पंचायत के बारे में भी अवगत कराया गया। नगर में कार्य प्रगति पर चल रहे हैं। इस दौरान महिपाल सिंह बघेल आदि मौजूद रहे।

### बच्चों को तालिबानी सज़ा का आरोपी का चालान

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** ग्राम रसूलपुर धतरा में तरबूज को लेकर बच्चों को बांधकर तालिबानी सजा देने के आरोपी पर पुलिस ने मुकदमार दर्ज कर हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मासूमों के साथ क्रूरता और वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपी का चालान कर दिया। बता दें कि आरोपी पर बच्चों के पास तरबूज रखकर बांध दिया था और उनके साथ मारपीट करने का आरोप है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर शिवालयों में आयोजित किए गए कार्यक्रम

**०जिलाधिकारी ने सादाबबाड़ी मंदिर में की पूजा अर्चना**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शिवालयों शिव मंदिर ग्राम सादातवाडी के प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर, खग्गु सराय स्थित कार्तिकेय मंदिर तथा सिद्वपीठ पातालेश्वर महादेव मंदिर आदि में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अन्तर्गत राज्य स्तरीय/ ज्योतिर्लिंग के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान शिवालयों में मंत्रोच्चार, ओंकार जाप, महा आरती, रुद्राभिषेक, दीपोत्सव, सोमनाथ संकल्प संवाद, प्रवचन आदि कार्यक्रम हुए। महिलाओं की व्यापक सहभागिता के साथ कलश यात्रा का भी आयोजन किया गया। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व गीत भी प्रमुखता से ध्वनित किया गया। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने श्री पातालेश्वर महादेव जी मंदिर सादातवाडी विकास खण्ड बहजोई पहुँच कर पूजा अर्चना करते हुए महादेव जी के दर्शन किये तथा शिवलिंग पर जलाभिषेक किया तथा महिलाओं द्वारा व्यापक सहभागिता के साथ निकाली जा रही कलश यात्रा को पूजा अर्चना कर रवाना किया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी तथा मंदिर पर उपस्थित ग्रामीणों और श्रृद्वालुओं द्वारा सोमनाथ से प्रधानमंत्री मौजूदगी में आयोजित ज्योतिर्लिंग कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा।

## अंर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एम. एन. आई. हायर सेकेंडरी विद्यालय, हातिम सराय, अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न आकर्षक प्रतिरूप तैयार कर प्रदर्शित किए गए। बच्चों ने अपनी रचनात्मक सोच, तकनीकी समझ और वैज्ञानिक प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह सिद्व कर दिया कि छोटे शहरों के छात्र भी किसी से कम नहीं हैं तथा उचित अवसर एवं सही मार्गदर्शन मिलने पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सौरमंडल, आधुनिक नगर, जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, आधुनिक यंत्रों एवं विज्ञान से जुड़े अनेक प्रतिरूप प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर उपस्थित शिक्षक एवं अभिभावक अत्यंत प्रभावित हुए।

# जनसुनवाई में शिकायतकर्ताओं को मिलने लगा लाभ

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**



सम्भल- कार्यालय में फरियादियों की समस्याओं का समाधान करते जिलाधिकारी।

**सम्भल।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने आज जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम गंगनैटा, थाना कैलादेवी, तहसील सम्भल निवासी दिव्यांगजन लाले गिरी पुत्र सौदान गिरी ने जिलाधिकारी को कराया कि वह गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं तथा उन्हें दिव्यांग पेंशन प्राप्त हो रही है, किन्तु उनके पास ट्राईसाइकिल उपलब्ध नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को पात्रता के अनुसारशीघ्र ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जबकि मुख्य चिकित्सा अधाकारी को उसका का नियमानुसार आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर पूरी करने के निर्देश दिया। इसके अलावा जनसुनवाई में तहसील गुन्नौर से संबंधित कुरेबंदी मामला आया। जिस पर डीएम ने उप जिलाधिकारी गुन्नौर को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आए अन्य प्रकरणों पर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को पूर्ण गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए उनका समयबद्व, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का प्रभावी लाभ प्राप्त हो सके।

# पुरूष आयोग का भी किया जाए गठन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**



सम्भल- पुरूष आयोग के गठन की मांग को नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते।

**सम्भल।** आजाद अधिकार सेना पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर पुरूष आयोग का गठन करने की मांग की।

प्रदेश महासचिव खिजर गौस उर्फ गौस भैया के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि देश में जहां महिलाओं से जुड़ी तमाम गंभीर समस्याएं और दिक्कतें हैं, वही बदलते हुए सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिवेश में अब कई बार पुरुषों के साथ भी अन्याय और अत्याचार के तथ्य सामने आ रहे हैं।इसलिए अब ऐसा नहीं है कि मात्र महिला वर्ग ही अनिवार्य रूप से शोषित और पीड़ित हो, बल्कि कई बार पुरुष वर्ग का व्यक्ति भी शोषित और पीड़ित होता है। आजाद अधिकार सेना ने केंद्रीय स्तर तथा विभिन्न राज्यों में महिला आयोग के साथ पुरुष आयोग का भी गठन की मांग की।जबकि आम नागरिकों को प्राय: पुलिस के खिलाफ तमाम शिकायतें होती हैं। इन सभी शिकायतों की जांच आरोपित पुलिस अफसर अथवा उनके वरिष्ठ अफसर द्वारा की जाती हैं, जो जानबूझकर मामले की रफा-दफा कर देते हैं।इसलिए पार्टी ने पुलिस के विरुद्व शिकायतों के संबंध में केंद्रीय और राज्य स्तरों पर पुलिस शिकायत आयोग के गठन की मांग की।

# समीक्षा में प्राचीन तीर्थों महाकूपों पर डीएम ने की चर्चा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में पर्यटन विभाग की क्रियान्वित परियोजनाओं तथा नगरीय निकायों में निर्माणाधीन कार्यों समीक्षा में जिलाधिकारी 14 तीर्थों की चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सम्भल में स्थित 68 तीर्थ एवं 19 महा कूपों में पर्यटन विभाग एवं नगर पालिका परिषद् सम्भल द्वारा कराये जाने वाले कार्यों पर चर्चा की गयी। जिला पर्यटन अधिकारी प्रदीप कुमार टम्टा ने पर्यटन विभाग के अन्तर्गत 9 तीर्थों पर कार्य की जानकारी दी। डीएम ने पर्यटन विकास निगम के तहत कुरुक्षेत्र तीर्थ में कराये जाने वाले कार्यों ओर कार्य को करने में कितना समय लगेगा इसकी जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी बैठक में किये गये कार्यों की भौतिक प्रगति एवं फोटोग्राफ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के संबंधित अधिकारी को मानसून के पूर्व एवं मानसून के समय तथा मानसून के बाद किये जाने वाले कार्य का प्लान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी बैठक में कार्यदायी संस्था, एवं पर्यटन विभाग तथा ठेकेदार शामिल रहें। पर्यटन विभाग के अन्तर्गत मनोकामना तीर्थ, कुरुक्षेत्र तीर्थ तथा नैमिषारण्य तीर्थ एवं प्राचीन कल्कि मंदिर में कार्यों को लेकर चर्चा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में नगर क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 14 तीर्थों और नगर पालिका परिषद सम्भल के द्वारा वंदन योजना एवं राज्य वित्त के अन्तर्गत प्राचीन तीर्थों एवं कूपों पर कराये जाने वाले कार्यों को लेकर चर्चा की गयी। इसके अलावा डीएम ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य के निविदा की तिथि तथा कार्य प्रारम्भ की तिथि तथा कब तक कार्य पूर्ण हो जाएगा।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मौहम्मद बिलाल व उसकी पत्नी जेबुन निशा उर्फ शिबली मुझसे व मेरी पत्नी से लड़ते-झगड़ते रहते हैं और खाना नहीं देते हैं। मेरा कहना भी नहीं मानते है। इस कारण मैने और मेरी पत्नी ने अपने पुत्र मौहम्मद बिलाल व उसकी पत्नी जेबुन निशा उर्फ शिबली से अपने सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। अब मेरा उक्त दोनों से कोई सम्बंध नहीं है। वह दोनो अपने अच्छे व बुरे के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**वाहिद हुसैन पुत्र गुलाम वारिस**
नि. पुरानी मस्जिद के पास हिंदूपुरा खेड़ा थाना नखासा जनपद-सम्भल

## भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ता आज तहसील पहुंचे और एसडीएम संतदास पवार को ज्ञापन सोपा ज्ञापन में आवारा पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने खाद और बीज की कमी को लेकर फसलों की पैदावार में नुकसान होने बिजली आपूर्ति निजी नलकूपों के लिए समय पर न दिए जाने गन्ना भुगतान समर्थन मूल्य और फसलों का सही एमएसपी सुनिश्चित किए जाने किसानों का कृषि कर्ज माफ किए जाने और फसल बीमा के क्लेम का वितरण कराने बे मौसम बारिश और सूखे से हुए नुकसान का सर्वे करा कर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की गई। और कहा कि अगर इन मांगों पर समय रहते ध्यान नहीं दिया तो भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति आंदोलन करेगी। इस मौके पर कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## तहसीलदार ने अधिवक्ताओं से जनगणना में मांगा सहयोग

**कांठ( शाह टाइम्स )** तहसीलदार राजकुमार सिंह ने तहसील सभागार में अधिवक्ताओं की बैठक बुलाई और उनसे जनगणना में सहयोग मांगा बैठक के दौरान बुलाए गए दो ट्रेनरो द्वारा अधिवक्ताओं को जनगणना की ट्रेनिंग दी गई और कहा कि अपनी जनगणना वह स्वयं करें और अपने साथ-साथ कुछ लोगों को जागरूक करने का काम भी करें। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग स्व गणना करके इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दें। इस मौके पर डॉक्टर विनीत नैन दीप सिंह दीपक बिश्नोई प्रमोद शर्मा महकार सिंह बीजयबीर सिंह सीपी सिंह यशवीर सिंह महावीर सिंह सहित काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।



## बिजली के खंभे से बना हुआ है हादसे का खतरा शिकायत के बाद भी नहीं लिया जा रहा संज्ञान

कांठ(शाह टाइम्स) गल चुके बिजली के खंभे के गिर जाने से निरंतर खतरा बना हुआ है शिकायत के बाद भी बिजली विभाग इस और ध्यान नहीं दे रहा है जबकि सेवानिवृत निदेशक डॉक्टर ओमराज सिंह द्वारा संबंधित अधिकारियों को अवगत भी कराया जा चुका है। मामला मोहल्ला पट्टी वाला का है वहां बिश्नोई धर्मशाला के निकट डॉक्टर ओमराज सिंह बिश्नोई का आवास है उनके मकान के पास एक खंभा जीर्ण शीर्ण हालत में खड़ा हुआ है जो की एक तरफ को झुक गया है बिजली का खंबा किसी भी समय गिर सकता है और इससे आने-जाने वाले लोगों को जान के लाले भी पड सकते हैं। डॉक्टर ओमराज सिंह ने बताया कि उन्होंने संबंधित जेई और एसडीओ को इस मामले से अवगत कराते हुए खम्बा तुरंत बदलवाए जाने की मांग की है लेकिन अभी तक बिजली विभाग ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया है इससे लगता है शायद विभाग को किसी बड़ी घटना का इंतजार है।। डॉक्टर ओमराज सिंह ने बिजली विभाग से खंभा तुरंत बदलवाए जाने की मांग उठाई है।



## दुर्घटना में सफाई नायक की मौत होने के मामले में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** नगर पालिका में तैनात सफाई नायक की दुर्घटना में हुई मौत के मामले में तहरीर के बाद पुलिस ने मुक. दमा दर्ज किया है।

बिलारी के मोहल्ला कोरियान बाल्मीकि बस्ती के अमरदीप सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसके पिता प्रदीप कुमार सफाई नायक के पद पर नगर पालिका में तैनात थे। 20 मई को मोहल्ला बाजार बाल्मीकि बस्ती निवासी ऋषिपाल सिंह के साथ नगर पालिका में सफाई कर्मियों को चेक करने के लिए जा रहे थे। उनकी स्कूटी शाहबाद रोड पर स्टार मैरिज हॉल के पास पहुंची। यहां पर सुबह 10:30 बजे एक मोटरसाइकिल चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। मुरादाबाद में इलाज के दौरान स्वस्थ ना होने पर दिल्ली रेफर किया गया। जहां उनकी मृत्यु हो गई तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के विरुध्द मुकदमा दर्ज किया है।

# पीएम श्री विद्यालय के तीन शिक्षक निलंबित

### मजहबी कट्टरपंथी विचारधारा से विद्यालय का वातावरण प्रभावित करने का प्रयास

> जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित हुई त्रिसदस्यीय जांच समिति, दो शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विकास क्षेत्र सम्भल के पीएम श्री विद्यालय जालब सराय में विद्यालय परिसर के भीतर कथित अवांछित एवं धार्मिक गतिविधियों के आरोपों को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देश पर प्रधानाध्यापक मौहम्मद अंजार अहमद, सहायक अध्यापक मौहम्मद गुल एजाज तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक वालेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

प्रशासन के अनुसार कुछ वीडियो एवं फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आए थे, जिनमें विद्यालय परिसर में मजहबी कठ्ठरपंथी गतिविधियां संचालित होने तथा छात्रों को प्रभावित करने संबंधी आरोप लगाए गए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सम्भल ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया और छात्रों से बात. चीत की। जांच के दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर प्रधानाध्यापक मौहम्मद अंजार अहमद एवं सहायक अध्यापक मौहम्मद गुल एजाज पर विद्यालय में मजहबी गतिविधियों को बढ़ावा देने, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को प्रभावित करने का प्रयास किया गया।

प्रशासनिक रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि संबंधित शिक्षकों द्वारा कथित रूप से धार्मिक आधार पर टिप्पणियां किए जाने एवं विद्यालय के वातावरण को प्रभावित करने जैसी शिकायतें मिली हैं। इन आरोपों को प्रथम दृष्टया गंभीर मानते हुए दोनों शिक्षकों को उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली 1956, नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 17 तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 28 के उल्लंघन का दोषी मानते हुए निलंबित किया गया। वहीं, प्रभारी प्रधानाध्यापक वालेश कुमार पर अपने पदीय दायित्वों का समुचित निर्वहन न करने तथा कथित गति. विधियों को रोकने के लिए प्रभावी कदम न उठाने का आरोप लगाया गया, जिसके चलते उन्हें भी निलंबित कर दिया गया। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने मामले की विस्तृत जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में त्रिसदस्यीय समिति गठित की है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच में जो भी अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। उधर, खंड शिक्षा अधिकारी विकास क्षेत्र सम्भल की ओर से थाना नखासा में मौहम्मद अंजार अहमद एवं मौहम्मद गुल एजाज के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 92/2026, धारा 353(2)/61(2) बीएनएस के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रशासन का कहना है कि विद्यालय शिक्षा का केंद्र होते हैं, जहां बच्चों को समानता, संविधान और सामाजिक सौहार्द की शिक्षा दी जानी चाहिए। किसी भी प्रकार की मजहबी कट्टरता, वैमनस्य फैलाने वाली मानसिकता या शिक्षा के वातावरण को प्रभावित करने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 64वीं अर्न्तजनपदीय पुलिस तैराकी व क्रॉसकंट्री प्रतियोगिता का एसपी ग्रामीण ने किया शुभारम्भ

**मुरादाबाद।** बरेली जोन की 64वीं अन्तर जनपदीय पुलिस तैराकी एवं महिला/पुरुष क्रॉसकंट्री प्रतियोगिता का शुभारम्भ सोमवार को 9वीं वाहिनी पीएसी के तरणताल पर उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन तथा प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।प्रतियोगिता में बरेली जोन के विभिन्न जनपदों बरेली, पीलीभीत, बदायूं, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, शाहजहांपुर, अमरोहा एवं बिजनौर की टीमों के कुल 148 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों की सराहना प्राप्त की।प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित 100 मीटर फ्री स्टाइल इवेंट में बरेली के खिलाड़ी अवधेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बदायूं के सुमित बंसल द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं 50 मीटर फ्री स्टाइल प्रतियोगिता की प्रथम हीट में मुरादाबाद के कपिल अत्री ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि द्वितीय हीट में बरेली के अवधेश कुमार ने बाजी मारी।प्रतियोगिता के सफल संचालन में निर्णायक मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। निर्णायक के रूप में रूपेश कौशिक, सतीश आर्य, रवि शर्मा, शुभम कुमार, सुधीर शर्मा एवं रविन्द्र कसाना ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अधिकारियों ने खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों की सराहना की।प्रतियोगिता के शुभारम्भ के साथ ही पुलिस विभाग में खेलों को बढ़ावा देने तथा जवानों की शारीरिक दक्षता और मनोबल को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक संदेश देखने को मिला।

## गैंगस्टर एक्ट में दोषी को तीन वर्ष की सजा

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट)/अपर सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी के न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। मामला थाना कोतवाली संभल जनपद संभल में दर्ज अपराध संख्या 752/2007 से संबंधित है। अभियुक्त सगीर पुत्र सद्दीक निवासी मोहल्ला पंजू सराय, थाना कोतवाली संभल, जिला संभल के विरुद्ध धारा 2/3(1) गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने अभियुक्त सगीर को दोषसिद्ध पाते हुए तीन वर्ष के कारावास तथा पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा।

## आश्वासन समिति की बैठक में सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान बने मनोनीत सभापति

> राजस्व विभाग से जुड़े 21 प्रकरणों पर हुई समीक्षा, लंबित मामलों में शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की सरकारी आश्वा. सन संबंधी समिति की राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरणों पर बैठक आयोजित की गई। स्थायी सभापति के अस्वस्थ होने के कारण समिति की बैठक में समा. जवादी पार्टी के विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान को मना. नीत सभापति बनाया गया। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से जुड़े राजस्व विभाग के 21 आश्वा. सन प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कई मामलों का निस्तारण भी किया गया। मनोनीत सभापति हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि उन्हें यह दायित्व मिलना संसदीय परंपरा के अनुरूप होने के साथ-साथ व्यक्तिगत रूप से भी गौरव का विषय है। बैठक के दौरान उन्होंने आरिल नदी के किनारे वृक्षारोपण एवं सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए। बैठक में सदस्यों द्वारा



तालाबों पर अवैध कब्जे, अवैध निर्माण, नदी कटान से प्रभावित परिवारों को दैवीय आपदा मद से आवास उपलब्ध कराने तथा जनपद सहारनपुर के शिवालिक क्षेत्र में सेना के फायरिंग अभ्यास के दौरान गुर्जर समुदाय को होने वाले जान-माल के नुकसान से बचाव एवं पुनर्वास व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। सभापति हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने गंभीर अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने कई मामलों को लंबे समय तक लंबित रखने पर अधिकारियों के प्रति नाराजगी भी व्यक्त की। बैठक में समिति के सदस्य केतकी सिंह, रामखिलाड़ी सिंह, इकबाल महमूद, राजीव गुंबर, महेंद्र पाल सिंह, तेजपाल सिंह, रेखा वर्मा, डॉ. मनोज कुमार प्रजापति, राजेंद्र कुमार, नागेंद्र सिंह राठौर सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शेरूआ चौराहे पर दोपहर को होगा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

**कांठ ( शाह टाइम्स )** शेरवा चौराहा पर श्री सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान के सौजन्य से दोपहर करीब 12:00 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन होगा उक्त जानकारी संस्थान के संस्थापक गुरु अरविंद चौधरी ने दी उन्होंने बताया कि ज्येष्ठ माह के दूसरे मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा इसके बाद भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इस पावन अवसर पर मौजूद रहकर धर्म लाभ उठाए जाने का आह्वान किया है।



### सड़कों पर ठेले खड़े करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने की कार्रवाई

**कांठ( शाह टाइम्स )।** सड़कों पर ठेले खड़े करने वालों के खिलाफ आज पुलिस ने अभियान चलाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की, टीएसआई रामकुमार सिंह ने साफ कहा की मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा उन्होंने ठेले वालों से कहा कि या तो चलते फिरते रहकर अपना सामान बेचे या फिर सड़क से उचित दूरी बनाकर ही ठेले खड़े करें उन्होंने सड़कों पर ठेले रिक्शा और अन्य वाहन खड़ा कर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी और कई के खिलाफ कार्यवाही भी की है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही से हालांकि अतिक्रमण करने वालों के चेहरों पर साफ नाराजगी दिखाई दे रही है लेकिन आम जनता इस कार्यवाही से संतुष्ट भी है।



### सोमनाथ स्वाभिमान उत्सव पर प्रशासन ने मंदिरों में कराई पूजा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** शासन के निर्देश पर सोमनाथ स्वाभिमान उत्सव को लेकर आज प्रशासन के सौजन्य से क्षेत्र के विशेष मंदिरों में पूजा अर्चना की गई एसडीएम संत दास पवार और नायब तहसीलदार नगर के प्रमुख मोहनी मंदिर पर पहुंचे और विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराई उन्होंने बताया कि इसके अलावा लाडलाबाद मंदिर एवं अन्य विशेष मंदिरों पर भी अलग-अलग अधिकारियों एवं कर्मचारियों के निर्देशन में पूजा अर्चना करते हुए सोमनाथ स्वाभिमान दिवस जगह-जगह मनाया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों ने भी हिस्सा लेकर धर्म लाभ उठाया।



### जुल्फिकार को पार्टी ने सौंपी प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )** ऑल इंडिया मजलिसे से इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के नेता जुल्फिकार ठेकेदार को अब प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी सौंपी गई है पार्टी द्वारा जारी मनोनीय पत्र में बताया गया की जुल्फिकार अहमद को प्रदेश सचिव मनोनीत किया जाता है और उनसे पार्टी की विचारधारा का व्यापक प्रचार एवं प्रसार करने और संपूर्ण प्रदेश से कर्मठ लोगों को पार्टी से जोड़ने पार्टी को शक्तिशाली बनाने और उसकी नीति और सिद्धांतों को जन्मानस तक फैलाने की अपेक्षा की गई है। पार्टी ने जुल्फिकार अहमद से पार्टी हित में कार्य किए जाने का भी आवाहन किया है।



### गोशाला में चारा डाल रहे ग्राम प्रधान को सांड ने उठाकर पटका, गम्भीर घायल

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ में सोमवार को शाम 04 बजे गौशाला में गौवंश पशुओं को चारा डालते समय एक सांड ने उठाकर पटक दिया। जिसमें ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह मौर्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। परिजन निजी वाहन से उपचार हेतु मुरादाबाद ले गए। रीठ स्थित गौशाला में दो सौ से अधिक गौवंश है जिनकी देखभाल के लिए पांच केयर टेकर है। सोमवार को गांव में साप्ताहिक बाजार होने के कारण तीन केयर टेकर नहीं आये थे इसलिए ग्राम प्रधान स्वयं गौशाला जाकर गौवंशीय पशुओं की देखरेख कर चारा डाल रहे थे।

चारा डालते समय रस्सी से बंध रहे सांड ने अचानक हमला कर दिया और अपने सींगों पर उठा लिया। चिल्लाने पर गौशाला में काम कर रहे केयर टेकर भाग कर आये और सांड से छुड़ाया। सांड के हमलें में सींग पेट में घुसने से ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह मौर्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। पेट से कपड़ा बांध कर परिजन निजी वाहन से उपचार हेतु मुरादाबाद ले गए।

## सीमेंट ईंट प्लांट से जनरेटर के कलपुर्जे खोलकर ले गए चोर

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव भगतपुर पहली में रविवार रात एक सीमेंट ईंट प्लांट से जेनरेटर के कलपुर्जे चोरी हो गए। अज्ञात चोरों ने प्लांट की पिछली दीवार में नकब लगाकर इस वारदात को अंजाम दिया। प्लांट संचालक पुष्प कुमार सिंह उर्फ बिल्लू, जो भगतपुर पहली के निवासी हैं, ने कुढ़फतेहगढ़ थाने में चोरी की तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि चोर प्लांट में खड़े जेनरेटर के कलपुर्जे खोलकर ले गए। चोरी की तहरीर पुष्प कुमार सिंह उर्फ बिल्लू निवासी भगतपुर पहली ने कुढफतेहगढ थाने में दी है। यह क्षेत्र में चोरी की पहली घटना नहीं है। इससे पहले, पांच अप्रैल की रात मिठनपुर मौजा स्थित श्री कृष्णा धर्म कांटा से भी जेनरेटर के कलपुर्जे और कमरे का ताला तोड़कर बीस हजार रुपये नकद चोरी हुए थे। क्षेत्र में बार-बार जेनरेटर के कलपुर्जे चोरी होने और चोरों के पकड़े न जाने से उनके हौसले बुलंद हैं।

## महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा महिलाओं ने सपा सांसद रुचि वीरा के आवास के बाहर दिया धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महिला आरक्षण बिल को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी की सांसद रुचि वीरा के आवास के बाहर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महिला आरक्षण बिल का विरोध करने पर सवाल उठाए।थाना सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित सांसद आवास के बाहर बड़ी संख्या में पहुंचीं भाजपा महिला नेताओं ने कहा कि एक महिला सांसद होकर महिला आरक्षण बिल का विरोध करना महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने सांसद से बाहर आकर महिलाओं को जवाब देने की मांग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के समर्थन में




नारे लगाए और महिला आरक्षण को महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया।भाजपा महिला पदाधिकारियों ने आवास के बाहर टेंट लगाकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया और ऐलान किया कि यह धरना लगातार तीन दिनों तक जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा।भाजपा नेत्री अल्पना रितेश गुप्ता ने कहा कि देश की महिलाओं को राजनीति में उचित भागीदारी दिलाने के लिए महिला आरक्षण बिल बेहद जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल केवल राजनीतिक कारणों से इसका विरोध कर रहे हैं, जबकि भाजपा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए लगातार काम कर रही है।

धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपा की कई महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहीं। प्रदर्शन को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गर्म बना रहा।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० )/फार्स्ट ट्रैक कोर्ट महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**विविध वाद सं०:** 226/2024
सम्बन्धित मूलवाद सं0: 15/2010
**तारीख पेशी:** 19.05.2026
**श्रीमती बबीता रानी बनाम राहुल कत्याल आदि।**
**बनाम**
1. अजब सिंह पुत्र स्व. श्योराज सिंह चौहान, 2. रणवीर पुत्र स्व. श्योराज सिंह चौहान, 3. राजू पुत्र स्व. हरद्वारी, 4. वीरपाल पुत्र स्व. हरद्वारी, 5. योगेश पुत्र स्व. हरद्वारी, 6. दिनेश पुत्र स्व. हरद्वारी, 7. विपिन पुत्र स्व. रामौतार, 8. विकास पुत्र स्व. रामौतार समस्त निवासीगण लाकड़ी फाजलपुर तहसील व जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतदद्वारा चेता. वनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 19.05.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो। यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 10.05.2026 दिवस को निकाली गई।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० )/फार्स्ट ट्रैक कोर्ट, मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी० डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**सिविल वाद संख्या :** 346/2024
**तारीख पेशी:** 16.07.2026
बनवारी **बनाम** समीर विद्यार्थी आदि
**बनाम**
1. समीर विद्यार्थी, 2. पीयूष विद्यार्थी पुत्रगण दिनेश चन्द्र निवासीगण मण्डी वास तहसील व जिला मुरादाबाद, हाल निवासी दीन दयाल नगर कांठ रोड तहसील व जिला मुरादाबाद, 3. श्रीमती ममता सक्सैना पत्नी स्व. विपिन कुमार निवासी डबल फाटक दस सराय तहसील व जिला मुरादाबाद
चूंकि उपर्रिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 07 के दिवस 16 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 11 को निकाली गयी है।
**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी० डि० ), मुरादाबाद।**

**यायालय सिविल जज ( सी0 डि0 )/ एफ.टी.सी. महोदय मुरादाबाद।**
कन्टेम्प्ट विविध वाद सं0- 07/2022
(सम्बन्धित मूलवाद संख्या-350/2013)
**( मोहन आदि- बनाम लोकमन आदि )**
1. मोहन आयु लगभग 65 वर्ष, 2. प्रेमपाल उर्फ प्रेम सिंह (वाद के विचारण काल में मृत्यु हो गयी है।), 3. घनश्याम सिंह आयु लगभग 61 वर्ष, 4. सतपाल आयु लगभग 55 वर्ष, 5. सोहन सिंह आयु लगभग 53 वर्ष, 6. तालेवर सिंह आयु लगभग 51 वर्ष, 7. अतर सिंह आयु लगभग 49 वर्ष पुत्रगण स्व० जागन सिंह निवासीगण ग्राम जैतिया सादुल्लापुर तह. व जि.मुरादाबाद।
**बनाम**
1. प्रेमपाल पुत्र रामचन्द्र, 2. हरपाल, 3. मित्रपाल, 4. तेजपाल, 5. राधेश्याम पुत्र शिवचरन समस्त निवासीगण ग्राम जैतिया सादुल्लापुर तहसील व जिला मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित आवेदक ने इस न्यायालय में यह आवेदन मोहन आदि निवासी ग्राम जैतिया सादुल्लापुर तहसील व जिला मुरादाबाद ने आवेदन मा० न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। आप उक्त वाद में जबावदेही करने के लिए दिनांक 3.07.2026 को प्रात: 11:00 बजे स्वंय या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित हों ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से सुनी जायेगी। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के 5 माह 11 दिवस को निकाली गयी।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० )/ एफ०टी०सी०, मुरादाबाद।**

# आईएफटीएम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) एवं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसईटी) के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस हर साल 11 मई को 1998 में हुए सफल पोखरण परमाणु परीक्षणों (ऑपरेशन शक्ति) की सफलता और भारत की तकनीकी निर्भरता की याद में मनाया जाता है। इस परमाणु परीक्षण ने भारत को परमाणु हथियार संपन्न देश के रूप में स्थापित किया। यह दिन स्वदेशी तकनीकी प्रगति को उजागर करता है, जिसमें 1998 में त्रिशूल मिसाइल का परीक्षण और हंसा-3 विमान की पहली उड़ान शामिल है। एसईटी के निदेशक व आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं में प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं युवाओं को विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतियोगिता आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि यह दिन 1998 के उस दिन को चिह्नित करता है जब भारत ने प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व एवं डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की देखरेख में जैसलमेर में सफल भूमिगत परमाणु परीक्षण किए थे।प्रतियोगिता का संचालन आईआईसी के समन्वयक डॉ. विनीत सिंह ने किया। अंत में आईआईसी के संयोजक डॉ. अतानु नाग ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही तथा 75 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# चौधरी भूपेंद्र सिंह के कैबिनेट मंत्री बनने पर जाट सभा ने बांटे लड्डू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबदा।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार में चौधरी भूपेंद्र सिंह को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की खुशी में रामगंगा विहार मंडल के जाट महासभा चौपाल पर लड्डू वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में रामगंगा विहार मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मिलकर राहगीरों को एवं सभी ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। कार्यकर्ताओं ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद चौधरी भूपेंद्र सिंह जिंदाबाद के नारे लगाते हुए खुशी मनाई।

कार्यक्रम में महानगर मंत्री दीपक चौधरी मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति विजेंद्र सिंह देवेंद्र चौधरी पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा,सैक्टर संयोजक राजीव गुप्ता, मयंक कश्यप अजय वर्मा, विजय वर्मा, पिंकू गुप्ता,ओ पी चौधरी,अनूप पंडित विद्याधर विशाल अग्रवाल अजय कुमार आदि मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण शामिल रहे।



## मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, तीन युवक घायल

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र मुरादाबाद आगरा नेशनल मार्ग पर कमालपुर के पास देर शाम तेज रफ्तार वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में तीन युवकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घायलों में दीपक (23 वर्ष) पुत्र राजा जेवर सिंह निवासी राजा मुंडिया थाना बिलारी, राजकुमार (28 वर्ष) पुत्र सोमपाल निवासी दौलतपुर थाना मुंडापांडे तथा राहुल (32 वर्ष) पुत्र अतर सिंह निवासी राजा मुंडिया शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर राहुल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा तेज रफ्तार और अचानक वाहन अनियंत्रित होने के कारण हुआ। दुर्घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारु कराया और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### अध्यक्ष पद पर अनिल पाल सिंह, महासचिव पद पर गोपाल कृष्ण निर्विरोध निर्वाचित




**मुरादाबाद।** जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में नामांकन वापसी की अंतिम तिथि पर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सोमपाल सिंह और महामंत्री पद के प्रत्याशी हर स्वरूप सिंह ने अपने नाम वापस ले लिए।नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद पर अनिल पाल सिंह एवं महासचिव पद पर गोपाल कृष्ण को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।एल्डर कमेटी के कार्यवाहक चेयरमैन ललित अरोड़ा, सदस्य जयवीर सिंह, सत्यप्रकाश भटनागर तथा निवर्तमान अध्यक्ष हर प्रसाद, महामंत्री सरदार प्रकाश वीर सिंह एवं डीजीसी सिविल अजय कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से दोनों के निर्वाचित होने की घोषणा की।एल्डर कमेटी ने बताया कि शेष पदों के लिए मतदान 15 मई 2026 को होगा। मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों को अधिवक्ताओं ने बधाई दी और उनसे बार की गरिमा बढ़ाने की अपेक्षा की।इस दौरान एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता और बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

### पेंदापुर डिलारी एवं सूरजनगर उपकेंद्रों पर सेफ्टी ड्रिल, कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**भोजपुर।** विद्युत विभाग द्वारा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सोमवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पेंदापुर, डिलारी, एवं सूरजनगर पर सेफ्टी ड्रिल का आयोजन किया गया, इस दौरान सभी (एसएसओ) व संविदा लाइनमैन कर्मचारियों को सेफ्टी ड्रिल का परीक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई, ड्रिल के दौरान कर्मचारियों को बताया गया कि लाइन पर कार्य करते समय सुरक्षा उपकरणों का उपयोग अनिवार्य रूप से करें, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके, अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हुए सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए, इस अवसर पर उपखंड अधिकारी पीपलसाना अंकित कुमार, प्रेम प्रकाश डिलारी अवर अभियंता, कलिका प्रसाद अवर अभियंता पेंदापुर, एवं समस्त संबंधित लाइनमैन व एसएसओ कर्मचारी मौजूद रहे।



### करनपुर चौराहा पर विशाल क्षेत्रीय निरंकारी संत समागम आयोजित

**डिलारी।** संत निरंकारी मिशन की शाखा करनपुर चौराहा पर विशाल क्षेत्रीय निरंकारी संत समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जयनगर ब्रांच के मुखी नरेश सिंह ने कहा कि विश्वभर में लाखों इंसान हैं, किंतु गुणातीत अवस्था में बहुत कम लोग होते हैं। अधिकांश मानव रजोगुण, तमोगुण और सतोगुण में बंधा रहता है, जिससे विचारधाराओं का टकराव और वैरभाव पैदा होता है। इंसानियत हैवानियत में बदलती है और अशांति फैलती है। उन्होंने कहा कि जब इन तीन गुणों के साथ ब्रह्मज्ञान जुड़ जाता है, तो इनका उपयोग परहित में होने लगता है, क्योंकि हम सब प्रभु की रचना हैं। बुरों के साथ भी सज्जन पुरुष नेकी करते हैं। फायर ब्रिगेड का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आग लगने पर उसकी महत्ता बढ़ जाती है, उसी प्रकार संसार में जब अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब कोई महान विभूति आकर भटके लोगों का मार्गदर्शन करती है। समागम में कवि दरबार भी हुआ, जिसमें रामवीर सिंह, अंकित कुमार, डॉ. किशन सिंह और कुमारी ज्योति ने काव्य रचनाएं प्रस्तुत कीं। मंच संचालन सुभाष सिंह ने किया। इस अवसर पर ब्रांच प्रभारी डॉ. बाबू सिंह, सेवादल प्रभारी कमल कुमार, महेंद्र सिंह, त्रिवेणी शंकर, होती सिंह, भजन सिंह, भारत सिंह, पप्पू सिंह, बत्तू सिंह, नन्हे सिंह, विशाल कुमार, विनोद कुमार, मुनेश कुमार, मुकेश कुमार, रामकुमार एडवोकेट, दीपक कुमार, राजकुमार, ग्राम प्रधान रेखा देवी, अनिता देवी, ज्योति सिंह, कमलेश देवी, रजनी देवी, सरला देवी, निशा गोला, पूनम, कामिनी, निधि, आस्था, वंशिका सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सत्संग के पश्चात सभी ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।



### विधायन समिति की बैठक में विधायक रामवीर सिंह ने समस्याओं को उठाया

**कुंदरकी।** विधानसभा में प्रतिनिहित विधायन समिति की बैठक सभापति राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राज्य कर विभाग और आवास एव शहरी नियोजन विभाग से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। विधायक कुंदरकी ठाकुर रामवीर सिंह ने कुंदरकी नगर पंचायत से सम्बंधित समस्याओं को बैठक में उठाया। विधायक ने बताया कि कुंदरकी नगर पंचायत में वार्ड संख्या 2 में बाल्मीकि बस्ती में प्राचीन तालाब जो कि वर्तमान में अत्यधिक गंदगी से पटा हुआ है, जिसके कारण जल निकासी की व्यवस्था भी बाधित हो रही है। उक्त प्राचीन तालाब के सौंदर्यकरण एवं संरक्षण हेतु 50 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत करने एवं कुंदरकी नगर अलग अलग वार्डों में 18 सीसी रोड निर्माण एवं मार्ग पथ प्रकाश निर्माण की मांग की। बैठक में राज्य कर विभाग से संबंधित मुद्दे उठाते हुए कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि व्यापारियों की सुविधा हेतु एक हेल्पलाइन नम्बर उपलब्ध कराया जाए। व्यापारियों से मिलने हेतु महीने में कोई एक निश्चित दिन व समय निर्धारित किया जाए। विभिन्न दुकानदारों द्वारा बिल में जीएसटी शो किया जाता है यह जीएसटी जमा होता है या नहीं, इसकी पुष्टि कैसे हो सकती है। ऐसा सॉफ्टवेयर या सिस्टम डेवलप करें जिससे इस बात की पुष्टि हो सके क्योंकि आम आदमी के पास से पैसा जा रहा है लेकिन सरकार को टैक्स नहीं मिल रहा है। सभापति राजीव कुमार सिंह ने समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश किया। बैठक में राज्य कर और आवास एव शहरी नियोजन विभाग के अधिकारी एवं समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



## शादी समारोह के दौरान बग्गी का पहिया पैर पर चढ़ने को लेकर बरात में खूनी संघर्ष, दो घायल

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामूवाला शेखू में रविवार रात एक शादी समारोह के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दूल्हे की बग्गी का पहिया एक ग्रामीण के पैर पर चढ़ गया। इस मामूली बात से शुरू हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें ग्रामीणों और बरातियों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस संघर्ष में दोनों पक्षों के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव मधुपुरी से रामूवाला शेखू में रविवार की रात बरात आई थी। रात करीब नौ बजे जब बरात की चढ़त हो रही थी, तभी दूल्हे की बग्गी का पहिया वहां खड़े स्थानीय निवासी धन सिंह के पैर पर चढ़ गया। पहिया चढ़ने से धन सिंह संतुलन खोकर गिर पड़े और बग्गी के नीचे आने से उन्हें गंभीर चोटें आईं। अपने साथी को घायल देख ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने बरातियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटना शुरू कर दिया।हंगामे और मारपीट के दौरान बरात में आए सफाई कर्मचारी परम सिंह (निवासी मधुपुरी) के सिर में भी गंभीर चोट आई है। घटना के बाद मौके पर भगदड़ मच गई।

## कुढ़फतेगगढ़ थाना अंतर्गत रीठ पुलिस चौकी का एसपी और डीएम ने किया उद्घाटन

**चन्दौसी।** तहसील अन्तर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ अन्तर्गत रीठ पुलिस चौकी को सोमवार की शाम जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल व पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई ने फीता काटकर किया। कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु रीठ, छावड़ा, रहोली व रतनपुर में चार पुलिस चौकियां बनाई गई हैं। सोमवार की शाम पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई व जिलाधिकारी ने रीठ पुलिस चौकी पहुंच कर वेदमन्त्रोचारण के साथ पूजन किया। नीरज शास्त्री द्वारा पूजन कार्य सम्पन्न कराया गया। उसके बाद एक छोटी सी कन्या जानवी सिरोही के करकमलों द्वारा चौकी का फीता कटवाकर उदघाटन किया। इस अवसर पर छाबड़ा, रहोली व रतनपुर चौकी का उद्घाटन भी रीठ चौकी से ही किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कुलदीप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी चन्दौसी दीपक तिवारी, थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार वर्मा, चौकी इंचार्ज कपिल कुमार, आकाश यादव, रघुराज सिंह, रामरतन सिंह तथा क्षेत्रीय सम्भ्रांत लोग सुमित कुमार सिंह, रामवीर सिंह यादव, योगेन्द्र सिरोही, बंटी गोस्वामी, रिंकू चौहान, राजपाल सिंह मौर्य आदि मौजूद रहे।



# यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट के प्रतिनिधि मंडल ने डीएम से की शिष्टाचार मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने नवनियुक्त जिला अधिकारी राजेंद्र पेंसिया से शिष्टाचार मुलाकात की और पत्रकारों की समस्याओं के संबंध में अवगत कराया। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन का प्रतिनिधिमंडल डिविजनल प्रेसिडेंट मोहम्मद जान तुर्की के नेतृत्व में जिला नवनियुक्त जिला अधिकारी राजेंद्र पेंसिया से मिलकर मुलाकात की। इस दौरान डी एम को यूनियन की ओर से एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जान तुर्की ने यूनियन के संबंध में जिलाधिकारी को जानकारी दी। प्रतिनिधि मंडल में शामिल सभी पत्रकार साथियों का जिलाधिकारी से परिचय कराया। यूनियन की ओर से जिला अधिकारी को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।



इस अवसर पर मुख्य रूप से यूनियन के जिला अध्यक्ष रईस शेख जाकिर अली बेग अब्दुल रहीम नफीस अहमद शहजेब अंसारी परवेज खान नईम चौधरी रामेन्द्र कुमार गुप्ता अनिल कुमार रामपाल सिंह मुअज्जम अली मुहम्मद नकी नासिर तुर्की मोहसिन सिद्दीकी आसिम खान मुहम्मद इमरान मुहम्मद जुबैर आदि मौजूद थे।

## भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, समाधान की मांग

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पंचायत की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष बलराम सिंह चौहान ने की। बैठक के बाद किसानों की ओर से उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग उठाई गई। किसानों ने कहा कि हो. लिका मंदिर से रामूवाला तक सड़क निर्माण कराया जाना बेहद जरूरी है, क्योंकि खराब सड़क के कारण ग्रामीणों और किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा किसानों ने बढ़ते बिजली बिलों और उनसे संबंधित समस्याओं को लेकर क्षेत्र में विशेष कैंप लगाए जाने की मांग की, ताकि उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर समाधान हो सके। ज्ञापन में मुंशीगंज साहबगंज क्षेत्र में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को तुरंत बदलवाने की भी मांग की गई। किसानों का कहना था कि ट्रांसफार्मर खराब होने से क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है और लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। तहसील अध्यक्ष बलराम सिंह चौहान ने कहा कि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करने को मजबूर होगा। इस दौरान अखिलेश चौहान धनवती कमलेश देवी महावीर सिंह पूरन सिंह प्रीतम सिंह देवेंद्र सिंह दीपक चौहान सद्दाम हुसैन दर्शन लाल मौजूद रहे।

## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती पर निकाली जाएगी शोभायात्रा तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**ठाकुरद्वारा।** ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ के बैनर तले लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती समारोह एवं प्रस्तावित शोभायात्रा को लेकर रविवार को सेंट मार्क्स स्कूल ठाकुरद्वारा में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधानसभा ठाकुरद्वारा तथा जनपद मुरादाबाद के विभिन्न पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में जयंती समारोह को भव्य और ऐतिहासिक रूप से मनाने पर चर्चा की गई। साथ ही शोभायात्रा की तैयारियों, व्यवस्थाओं और समाज के अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के समाज सेवा, न्यायप्रियता और जनकल्याणकारी कार्यों को प्रेरणादायी बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। बैठक सफलतापूर्वक संपन्न होने पर युवा जिला अध्यक्ष बन्चल कुमार धनगर एवं जिला सचिव धर्मेंद्र कुमार ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और सहयोग से जयंती समारोह को यादगार बनाया जाएगा।



## खेत में निकलने को लेकर गाली गलौज मारपीट, महिला सहित चार लोग घायल

**ठाकुरद्वारा।** खेत में निकलने को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के बाद जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्षी के महिला सहित चार लोग तुम भी रूप से घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पूर्वी माजरा निवासी जितेंद्र सिंह अपनी पत्नी पूनम उसका भाईसुभाष पत्नी रीतादेवी चारों लोग सोमवार को गांव के निकट अपने खेत में गाने की खुदाई कर रहे थे इसी दौरान उनकी एक बहन गांव के सत्य सिंह पुत्र बाबू सिंह के खेत में होकर अपने खेत में आ रही थी इसी दौरान सत्य सिंह उसके परी जिन्होंने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब गाली देने का विरोध किया तो आप है कि सत्य सिंह के परिजन लाठी डंडे में तेज धारदार हथियार लेकर मौके पर पहुंचे और चारों लोगों को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों की चीज पुकार पर जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक आरा.`पी मारपीट कर फरार हो गये। डायलॉग उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करा है।

आरोपियों के खिलाफ कानून कारवाई की मांग की।

# ठाकुरद्वारा में सैटेलाइट बस स्टैंड बनाने की मांग तेज

## परिवहन मंत्री से मिले पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान और डॉ. अमित चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में लंबे समय से बंद पड़े बस अड्डे की समस्या और बढ़ते ट्रैफिक जाम को देखते हुए अब सैटेलाइट बस स्टैंड बनाने की मांग तेज हो गई है। भाजपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान और लक्ष्य ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के अध्यक्ष डॉ. अमित चौहान ने लखनऊ पहुंचकर प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह से मुलाकात की और ठाकुरद्वारा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त सैटेलाइट बस स्टैंड बनवाने की मांग उठाई। इस दौरान उन्होंने प्रस्ताव रखा कि बनने वाले बस स्टैंड का नाम "पृथ्वीराज चौहान बस स्टैंड" रखा जाए। नेताओं ने कहा कि ठाकुरद्वारा तेजी से विकसित हो रहा नगर है, लेकिन यहां आज भी व्यवस्थित बस अड्डे की कमी बनी हुई है। इसका सीधा असर यात्रियों और आम जनता पर पड़ रहा है। उन्होंने परिवहन मंत्री को बताया कि यदि नगर में सैटेलाइट बस स्टैंड बनता है तो इससे नगर में रोजाना लगने वाले ट्रैफिक जाम से काफी राहत मिलेगी। साथ ही आसपास के ग्रामीण और उपनगरीय क्षेत्रों के लोगों को भी बेहतर परिवहन सुविधा मिल सकेगी। राजपाल सिंह चौहान और डॉ. अमित चौहान ने बताया कि मुंशीगंज रामूवाला गणेश बस स्टैंड काफी समय से बंद पड़ा हुआ है, जिसके कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर पूर्व में मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की गई थी और बस अड्डे की व्यवस्था सुचारु कराने की मांग रखी गई थी। इसके बाद ठाकुरद्वारा से दिल्ली और हरिद्वार के लिए दो नई बस सेवाएं शुरू कर दी गईं, लेकिन बस अड्डे की व्यवस्था अभी तक पूरी तरह से बहाल नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से एक बेहतर और आधुनिक बस अड्डे की मांग कर रही है। यदि सरकार जल्द इस प्रस्ताव को मंजूरी देती है तो इससे ठाकुरद्वारा की परिवहन व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा और यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी।



**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र अनेश कुमार व उसकी पत्नी पिंकी से गलत व्यवहार व गलत संगत में पड़ गए है। मेरी पुत्रवधू मुझे और मेरे अन्य पुत्रों को झूठे मुकदमें में फसाने की धमकी देती है। मैंने अपने पुत्र अनेश कुमार और पुत्रवधू पिंकी को गलत व्यवहार करने व आए दिन मारपीट पर उतारू होने और झूठे मुकदमें में फसाने की धमकी देने पर दोनों को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। उनके किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कृत्यों के साथ स्वयं जिम्मेदार होगें। लखपत सिंह पुत्र बाबू सिंह निवासी ग्राम मासूमपुर थाना डिलारी तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2009 अनुक्रमांक -0714536 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2011 अनुक्रमांक -0429494 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। अरविन्द कुमार पुत्र तेजपाल सिंह निवासी-ग्राम-नवादा तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पुराना नाम MARIYAM पुत्री YOUSUF KHAN था। अब मैने अपना नाम बदलकर MARYAM - YUSUF रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। मौहल्ला खुराड़ा, थाना शेरकोट, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर, उ.प्र.।

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र बबलू को उसके गलत आचरण व गलत संगत के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर समस्त सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। उसके किसी भी प्रकार के लेन-देन, व मुकदमेंबाजी आदि की समस्त जिम्मेदारी उक्त बबलू की होगी। मेरी व मेरे शेष परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। श्रीमति जर्मारूद निशा पत्नी श्री अमीरूददीन निवासी मौहल्ला अन्सारियान, निकट ड्रीम पैलेस बिलारी, जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र प्रिंस व पुत्रवधू श्रीमती रीनु को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **विजय पुत्र ठकरी निवासी रतनपुर कला थाना पाकबडा तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या:** 623/2025
**तारीख पेशी:** 25.05.2025
इन्तजार अली उम्र 62 वर्ष, पुत्र श्री मुमताज, निवासी ग्राम भोजपुर धर्मपुर, तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
1. चांदबाबू उम्र 35 वर्ष, 2. इमरान, उम्र 33 वर्ष, 3. गुड्डु उम्र 24 वर्ष, 4. मुन्ना उम्र 22 वर्ष पुत्रगण इन्तजार अली, 5. मौह० हनीफ पुत्र जनाव अली हुसैन, 6. जमशेद पुत्र श्री यूसुफ अली, 7. मुसर्रत अली पुत्र यूसुफ अली, 8. मौह० अयाज पुत्र यूसुफ अली, 9. मौह० इशरत अली पुत्र यूसुफ अली, 10. मौह० आजम पुत्र यूसुफ अली, 11. श्रीमती शाहजहां पत्नी यूसुफ अली समस्त निवासीगण ग्राम भोजपुर धर्मपुर, तहसील व जिला मुरादाबाद। **प्रतिवादीगण**
हरगाह इन्तजार अली ने आपके नाम एक नालिश बावत स्थायी निषेधाज्ञा के लिए दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25 मई सन् 2026 ई० ववक्त 11:00 बजे दिन के असालतान या फार्फत वकील के जो उमूर अहम मुताल्लके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे जिन पर आप बताइये अपनी जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इतला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको मनसूओ और फैसला होगा दरख्वास्त मेरे दस्तखवत और मोहर अदालत के आज बातारीख 11.05.2026 ई० जारी किया गया।
**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज (जू० डि०), मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## अश्लील भाषा के इस्तेमाल पर आरसीबी के कोच एंडी पर लगा जुर्माना




**रायपुर, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान आचार संहिता लेवल वन 'अश्लील भाााा' के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने कहा कि फ्लावर ने कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2-3 को तोड़ा, जो 'मैच के दौरान सुनाई देने वाली गाली-गलौज के इस्तेमाल' से जुड़ा है। यह घटना आरसीबी के रन-चेज के 17-2वें ओवर में हुई जब फ्लावर की चौथे अंपायर के साथ तीखी बहस हुई। यह विवाद क्रुणाल पांड्या से जुड़े एक विवादित बाउंड्री कॉल के बाद हुआ। ए एम गजनफर का सामना करते हुए, क्रुणाल ने गेंद को वाइड लॉन्ग-ऑन की ओर उछाला, जहां नमन धीर ने रस्सियों के पास कैच लिया और बाउंड्री लाइन पार करते हुए तिलक वर्मा की ओर पैरी किया। तिलक ने कैच पूरा नहीं किया और ऐसा लगा कि उन्होंने छक्के का इशारा किया।

# पंजाब ने दिल्ली को 211 रन का टारगेट दिया

**■ श्रेयस-प्रियांश के अर्धशतक, स्टार्क-माधव को 2-2 विकेट**

**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल में पंजाब किंग्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हो रहा है। दिल्ली ने धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया है। दिल्ली ने प्लेइंग-11 में पांच बदलाव किए हैं। वहीं पंजाब के लिए बेन ड्वारशुइस डेब्यू कर रहे हैं।

पंजाब ने 19 ओवर के बाद 5 विकेट के नुकसान पर 203 रन बना लिए हैं। श्रेयस अय्यर और सूर्यांश शेडगे क्रीज पर हैं। शशांक सिंह 0, मार्कस स्टोयनिस 1, कूपर कोनोली 38, प्रियांश आर्या 56 और प्रभसिमरन सिंह 18 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में मुकाबले ने जबरदस्त मोड़ लिया। मिचेल स्टार्क ने लगातार दो गेंदों पर मार्कस स्टोयनिस और शशांक सिंह को आउट किया। हालांकि हैट्रिक गेंद पर आए सूर्यांश शेडगे ने दबाव में शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले छक्का जड़ा, फिर चौका और ओवर की आखिरी गेंद पर एक और सिक्स लगाकर मैच का रुख फिर पंजाब की ओर मोड़ दिया। 19 ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 203/5 पहुंच गया। माधव तिवारी ने एक बार फिर दिल्ली को सफलता दिलाई। उन्होंने धीमी शार्ट गेंद से कूपर कोनोली को छकाया, जो बड़ा शाट लगाने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर कैच दे बैठे। वहां डेविड मिलर ने आसान कैच लपका। कानाली 27 गेंदों में 38 रन बनाकर पवेलियन लौटे। श्रेयस अय्यर ने 32 बाल में अर्धशतक पूरा किया। माधव तिवारी की शार्ट और वाइड गेंद को श्रेयस ने जोरदार तरीके से डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्के के लिए भेज दिया। इसी के साथ उन्होंने अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। 7 से 13 ओवर के बीच दिल्ली कैपिटल्स ने मैच में शानदार वापसी की और सिर्फ 61 रन देकर दो बड़े विकेट हासिल किए। मुकेश कुमार ने प्रभसिमरन सिंह को आउट किया, जबकि माधव तिवारी ने प्रियांश आर्या को अपना पहला आईपीएल विकेट बनाया। इसके बाद नंबर-3 पर आए श्रेयस अय्यर और कूपर कोनोली ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए पारी को आगे बढ़ाया। दिल्ली कैपिटल्स ने बीच के ओवरों में रन पर कुछ हद तक लगाम लगाई, लेकिन श्रेयस अय्यर एक छोर से तेजी बनाए हुए हैं। उन्होंने लुंगी एनगिडी की स्लोअर गेंद पर शानदार छक्का जड़कर दबाव कम किया। 12 ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर 125/2 पहुंच गया है। माधव तिवारी ने आईपीएल में अपना पहला विकेट हासिल करते हुए पंजाब को बड़ा झटका दिया। शानदार बल्लेबाजी कर रहे प्रियांश आर्या बड़ा शाट खेलने की कोशिश में डीप पाइंट पर कैच थमा बैठे। वहां साहिल परख ने अपना पहला आईपीएल कैच लपका। प्रियांश 33 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हुए, उनकी पारी में 2 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। मुक.ेश कुमार ने दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। तेजी से रन बनाने की कोशिश में प्रभसिमरन सिंह बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लग गई। डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग से दौड़ते हुए आकिब नबी ने शानदार कैच पकड़कर उनकी पारी खत्म की। प्रभसिमरन 15 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुए। प्रभसिमरन और प्रियांश के बीच पहले ओवर के लिए 78 रन की साझेदारी हुई।



**खेल विशेष**

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती

**बैंकॉक, वार्ता।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से निमिबुत्र स्टेडियम में शुरू होने वाले थाईलैंड ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन सात्विक-चिराग, जो पुरुषों की युगल बैडमिटन रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं, की थाईलैंड ओपन से अच्छी यादें जुड़ी हैं, उन्होंने 2019 और 2024 में दो बार बीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट जीता है। ब्रदर्स ऑफ डिस्ट्रक्शन तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में होंगे और यह जोड़ी थॉमस कप में अच्छे नतीजों के बाद इस टूर्नामेंट में आ रही है, जहां उन्होंने भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने में मदद की थी।

### एलेक्जेंड्रा एला इटैलियन ओपन के तीसरे राउंड में एलेना रायबाकिना से हारी

**रोम, वार्ता।** कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलिपींस की एलेक्जेंड्रा एला को हराकर इटेलियन ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। वर्ल्ड नम्बर दो एलेना रायबाकिना, जिन्होंने जनवरी में आर्यना सबालेंका को हराकर अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था, ने बीएनपी परिबास एरिना में पहला सेट 6-4 से जीता और रविवार को अपनी पहली डब्ल्यूटीए टूर में तीसरे दौर के मुकाबले में सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से जीत पक्की की।

### स्क्वैश: वीर चोटरानी की हार: वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का अभियान समाप्त

**गीजा (मिस्र), वार्ता।** वीर चोटरानी के दूसरे राउंड में दुनिया के नम्बर वन मुस्तफा असल खिलाफ हार के साथ वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। पुरुषों की स्क्वैश रैंकिंग में 45वें नम्बर पर मौजूद वीर चोटरानी, रविवार को पाम हिल्स क्लब और पीजीसी गोल्फ सेंट्रल मॉल में लोकल फेवरेट और डिफेंडिग चैंपियन मुस्तफा असल से 3-0 (11-5, 11-2, 11-4) से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। गीजा में खेल रहे चार भारतीय स्क्वैश खिलाड़ियों में से 24 साल के चोटरानी अकेले ऐसे खिलाड़ी थे जो दूसरे राउंड में पहुंच पाए। वीर चोटरानी ने शुरुआती राउंड में अपने ही देश के और भारत के टॉप रैंक वाले खिलाड़ी अभय सिंह को 3-2 से हराकर आगे बढ़े। इस बीच, वेला.वन सेंथिलकुमार और रमित टंडन पहले ही राउंड में बाहर हो गए। वर्ल्ड नम्बर 50 वेलावन सेंथिलकुमार फ्रांस के छठे सीड और अभी के वर्ल्ड नम्बर 5 विक्टर क्रूइन से 3-0 से हार गए। दूसरी तरफ, 40वीं रैंक वाले रमित टंडन मिस्र के करीम एल टॉर्की से 3-1 से हार गए, जो उनसे 19 रैंक बेहतर खिलाड़ी हैं।

# मुम्बई इंडियंस को दो विकेट से हराकर RCB अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची

**रायपुर, वार्ता।** भुवनेश्वर कुमार (चार विकेट/ नाबाद सात रन) और क्रुणाल पांड्या (73) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 54वें मुकाबले में आखिरी गेंद पर मुम्बई इंडियंस को दो विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ आरसीबी अंक तालिका में शीर्ा पर पहुंच गई है।

इसी के साथ मुम्बई इंडियंस प्ले ऑफ की रेस बाहर हो गई है। आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए 15 रनों जरुरत थी। रोमारियो शेफर्ड आखिरी ओवर में 11 गेंद पर 4 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद भुवी ने छक्का लगाकर एक बार फिर मैच को रोमांचक बना दिया। आखिरी गेंद पर दो रन चाहिए थे और रसिख सलाम ने मिड ऑन की तरफ खेलकर दो रन लेकर आरसीबी को मैच जिता दिया। आरसीबी ने आईपीएल में दूसरी बार मुम्बई इंडियंस को लीग चरण में दो बार हराया। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 39 के स्कोर तक अपने तीन विकेट खो दिए। पहले ही ओवर की चौथी गेंद पर दीपक चाहर ने विराट कोहली (शून्य) को बोल्ड कर मुम्बई को पहली सफलता दिलाई। तीसरे ओवर में चाहर ने देवदत्त पड्डिक्कल (12) को अपना शिकार बना लिया। कप्तान रजत पाटीदार (आठ) को कार्बिन बॉश ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए क्रुणाल पांड्या ने जेकब बेथेल के साथ चौथे विकेट लिए 55 रन जोड़े। कार्बिन बॉश ने 13वें ओवर में बेथेल (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। बॉश ने 16वें ओवर में जितेश शर्मा (18) और टिम डेविड (शून्य) को आउट किया। 18वें ओवर में एम गजनफर ने क्रुणाल पांड्या आउट कर आरसीबी को संकट में डाल दिया। क्रुणाल पांड्या ने 46 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के लगाते हुए 73 रनों की पारी खेली।



## मोहम्मद शमी के अनुभव के साथ उतरेगी सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स

**कोलकाता (पश्चिम बंगाल), वार्ता।** हाल ही में हुई बंगाल टी20 लीग पुरुष नीलामी में सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने कई अहम खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया है, जिसमें भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी सबसे बड़ा नाम रहे, इसके अलावा आलराउंडर करण लाल को भी टीम ने अपने साथ जोड़ा है। आगामी सीजन से पहले घरेलू क्रिकेट के कई प्रमुख खिलाड़ियों के लिए फेंचाइजियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

इसी क्रम में सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने भी अनुभव, घरेलू प्रदर्शन और उभरती प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण तैयार करते हुए अपनी टीम को अंतिम रूप दिया। सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की खरीद में सबसे चर्चित नाम भारतीय तेज गें.दबाज मोहम्मद शमी का रहा, जिन्हें 5-20 लाख रुपये में टीम में शामिल किया गया। वहीं बंगाल के तेज गेंदबाज ईशान पोरेल को 2-50 लाख रुपये में खरीदा गया। फेंचाइजी ने करण लाल के लिए भी जोरदार बोली लगाते हुए उन्हें 8 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा, जिससे वह बंगाल टी20 लीग पुरा नीलामी के शीा 10 सबसे महंगे खिलाड़ियों में शामिल रहे। नीलामी को लेकर सर्वोटेक स्पोर्ट्स के डायरेक्टर ऋषभ भाटिया ने कहा कि, हम सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के लिए नीलामी के परिणाम से बेहद संतुट हैं।

## 21 विकेटों के साथ भुवनेश्वर ने जमाया पर्पल कैप पर कब्जा

**रायपुर, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट झटकर पर्पल कैप पर अपना कब्जा कर लिया। 2016 और 2017 में लगातार पर्पल कैप जीतने वाले भुवनेश्वर कुमार ने 36 साल की उम्र में भी अपनी कला नहीं खोई है, बल्कि ऐसा लग रहा है कि वह और भी बेहतर होते जा रहे हैं।



उन्होंने मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ उनके चार विकेट ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को रोमांचक जीत दिलाई। इसी के साथ यह इस सीजन में उनके विकेटों की संख्या 21 तक पहुंच गई है और वह पर्पल कैप तालिका में शीा पर पहुंच गए है। शनिवार को कगिसो रबाडा 18 और रविवार को दिन के पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ दो विकेट लेकर अंशुल कम्बोज 19 विकेट तक पहुंच गए थे। ए दोनों क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर है। इसके बाद एलएसजी के प्रिस यादव और सनराइर्स हैदराबाद के इशान मलिगा 16-16 विकेट के साथ आते हैं। फिर गुजरात टाइटंस के राशिद खान और राजस्थान रॉयल्स के जोफा आर्चर 15-15 विकेट वाले गेंदबाज हैं। वहीं ऑरेंज कैप तालिका के मामले में पिछले मैच में एलएसजी के खिलाफ दो गेंदों पर शून्य पर आउट होने के बाद विराट कोहली, एमआई के खिलाफि भी पहली ही गेंद पर आउट हो गए और इसी वजह से वह अब भी दसवें स्थान पर अटके हुए हैं।

## एसआरएच की पावर का सामना गिल की दमदार जीटी से होगा

**अहमदाबाद, वार्ता।** विस्फोटक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन अगुवाई वाली सनराइजर्स हैदराबाद की पावर का सामना शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस से मंगलवार को होगा। दोनों टीमों की सबसे बड़ी ताकत और सबसे बड़ा रिस्क उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जानी जाती है जोकि आईपीएल 2026 में सबसे खतरनाक लाइनअप में से एक रहा है। हेनरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ी हैं, जिनकी मध्यवर्ती ओवरों में पावर-हिटिंग कुछ ही ओवरों में गेंदबाजी आक्रमण को खत्म कर सकती है,

और अभिोक शर्मा, जिन्होंने बार-बार धमाकेदार शुरुआत दी है जिससे बड़े स्कोर का माहौल बना है। उनके साथ, ट्रैविस हेड टॉप पर निडर इरादा लाते हैं, जबकि ईशान किशन मिडिल ऑर्डर में आक्रामक और स्थिरता का मिश्रण लाते हैं। अधिकतर मैदानों पर, यह कॉम्बिनेशन विरोधी गें.दबाजी आक्रमण को विफल करने के लिए काफी है। लेकिन अहमदाबाद ज्यादातर ग्राउंड्स जैसा नहीं है।




नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, सनराइजर्स हैदराबाद ने बार-बार खुद को एक ऐसे पैटर्न में फंसा हुआ पाया है जिसे वे आसानी से नहीं तोड़ सकते। बल्लेबाजी के लिए अच्छी जगह होने के बावजूद, गुजरात टाइटन्स की स्थिति, मैच रफ्तार और दबाव वाले पलों पर कंट्रोल हमेशा उनके पक्ष में रहा है। नम्बर इसे साफ दिखाते हैं: गुजरात टाइटन्स का एसआरएच के खिलाफ 5-1 का हेड-टू-हेड रिकॉर्ड है, और एसआरएच को अहमदाबाद में मौकों को जीत में बदलने में हमेशा मुश्किल हुई है। इस बार, गुजरात टाइटन्स इस विश्वास के साथ मुकाबले में उतर रही है जो सोचा हुआ नहीं बल्कि कमाया हुआ लगता है। शुभमन गिल की अगुवाई में, उन्होंने टॉप पर निरंत.रता और बीच के ओवरों में अनुशासन के आस-पास अपना अभियान बनाया है।

## एएफसी अंडर-17 एशियन कप में भारतीय टीम उज्बेकिस्तान से हारी

**जेद्दा, वार्ता।** भारत का एएफसी अंडर17 एशियन कप सऊदी अरब 2026 का कैंपेन निराशाजनक रूप से खत्म हुआ, जब उसे यहां किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी हॉल स्टेडियम में अपने आखिरी ग्रुप डी मैच में डिफेंडिग चैंपियन उज्बेकिस्तान से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही भारतीय टीम इस टूर्नामेंट से बाहर हो गई, बल्कि एआईएफए अंडर17 वर्ल्ड कप कतर 2026 के लिए ऐतिहा.सिक क्वालिफिकेशन हासिल करने की भारत की उम्मीदें भी खत्म हो गईं।



उज्बेकिस्तान की जीत ने उनके और ऑस्ट्रेलिया दोनों के लिए क्वालिफिकेशन पक्का कर दिया, जो अब ग्रुप विनर तय करने के लिए मिलेंगे। ऑस्ट्रेलिया से शुरुआती 4-0 की हार के बाद यह जानते हुए कि सिर्फ जीत ही उनके वर्ल्ड कप के सपने को जिदा रख सकती है, भारत ने रविवार को सावधानी से मुकाबला शुरू किया। उज्बेकिस्तान ने शुरुआती स्तर नियंत्रण बनाए रखा और बार-बार सीधे अटैकिंग रन और आखिरी थर्ड में तेज मूवमेंट के साथ भारतीय डिफेंस को तोड़ने की कोशिश की। दबाव के बावजूद, भारत पहले हाफ में ज्यादातर समय डिफेंस में लगा रहा। बैकलाइन ने अपनी शेप अच्छी बनाए रखी, जबकि गोल.कीपर राजरूप सरकार ने डिफेंडिग चैंपियन को दूर रखने के लिए कई जरूरी बचाव किए। हालांकि, 32वें मिनट में एक महंगी गलती के बाद भारत का प्रतिरोध टूट गया। सरकार उज्बेक आक्रमण को रोकने की कोशिश में अपनी लाइन से बाहर निकले, लेकिन पेनल्टी एरिया के अंदर लाजजि अब्दुरईमोव को गिरा दिया। रेफरी ने तुरंत स्पॉट की ओर इशारा किया।

## मैड्रिड को हराकर बार्सिलोना ने जीता ला लीगा का खिताब

**मैड्रिड, वार्ता।** फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 2-0 से हराकर ला लीगा चैंपियन 2025-26 का खिताब अपने नाम किया। यह बर्सिलोना का लगातार दूसरा खिताब है मार्कस रैशफोर्ड ने नौवें मिनट में एक जबरदस्त फ्री किक से स्कोरिंग शुरू की, और फेरान टोरेस ने रविवार को फर्मिन लोपेज और डैनी ओल्मो के शानदार मूव के बाद 18वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। रियल मैड्रिड कभी भी गेम में वापसी करता हुआ नहीं दिखा, और बार्सिलोना दूसरे हाफ में मैच को कंट्रोल करने में कामयाब रहा।

यह बार्सिलोना का 29वां ला लीगा खिताब है। गोलकीपर थिबॉट कोर्टुआ ने आखिरी पलों में रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और राफिन्हा के अच्छे बचाव किए। मैच के बाद बार्सिलोना के मिडफील्डर पेड्री ने कहा कि यहां रियल मैड्रिड के खिलाफ टाइटल जीतना गर्व का अनुभव है।

बार्सिलोना के कोच हैंसी फ्लिक, जिनके पिता की मौत की खबर दिन में पहले ही आ चुकी थी, ने मैच के बाद के जश्न में भावुक होकर कहा हम एक शानदार टीम हैं और हमने बहुत अच्छा खेला और बहुत अच्छा डिफेंस किया।



# डकैती की घटना से दहला नागफनी क्षेत्र

## कारोबारी परिवार को बंधक बनाकर बदमाश ले गए नकदी और जेवर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के नागफनी थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के हुई बड़ी डकैती की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। हथियारों से लैस बदमाशों ने पीतल कारोबारी के घर में घुसकर परिवार को बंधक बनाया और करोड़ों रुपये की नकदी व आभूषण लेकर फरार हो गए। वारदात के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए।घटना बंगला गांव स्थित अकबर कंपाउंड की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार तड़के करीब साढ़े तीन बजे कुछ नकाबपोश बदमाश कारोबारी मोहम्मद इमरान के घर में दाखिल हुए। उस समय परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। बदमाशों ने घर में घुसते ही परिवार के लोगों को हथियारों के बल पर कब्जे में ले लिया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। बताया जा रहा है कि बदमाशों के कुछ साथी घर के बाहर भी मौजूद थे।पीड़ित परिवार के मुताबिक घर में बड़ी रकम रखी हुई थी। परिवार का कहना है कि हाल ही में एक नए मकान की खरीद को लेकर नकदी घर में रखी गई थी। बदमाश घर में रखी करीब एक करोड़ बीस लाख रुपये की नकदी के साथ सोने-चांदी के जेवरात भी समेट ले गए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बड़ी चालाकी से घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी उखाड़कर अपने साथ ले गए, ताकि पुलिस को कोई सुराग न मिल सके।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। डीआईजी मुनिराज जी, एसएसपी सतपाल अंतिल और एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार से पूछताछ कर पूरी जानकारी ली, जबकि आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई गई।फोरेंसिक टीम ने मौके से फिंगरप्रिंट और अन्य अहम साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। सूत्रों के अनुसार पुलिस कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है और आशंका जताई जा रही है कि वारदात में किसी करीबी व्यक्ति की भूमिका हो सकती है, जिसे घर में रखी रकम की जानकारी थी। एसपी सिटी ने दावा किया है कि घटना के खुलासे के लिए कई टीमें लगाई गई हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।








### अकबर कंपाउंड डकैती कांड

#### एडीजी रमित शर्मा पहुंचे घटनास्थल पर, जल्द खुलासे के दिए निर्देश

**मुरादाबाद।** शहर के नागफनी थाना क्षेत्र स्थित अकबर कंपाउंड में हुई सनसनीखेज डकैती की वारदात के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। नगर के बीचों-बीच हुई इस बड़ी वारदात के बाद सोमवार को एडीजी रमित शर्मा स्वयं घटना स्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और डीआईजी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। एडीजी रमित शर्मा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से अब तक की जांच और कार्रवाई की रिपोर्ट भी तलब की। घटना स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात रहा और आसपास के इलाके में सघन जांच अभियान चलाया गया।प्राथमिक जांच में पुलिस की शक की सुई पीड़ित परिवार के करीबियों और परिचितों की ओर घूम रही है। पुलिस का मानना है कि बदमाशों को घर और परिवार की गतिविधियों की पहले से जानकारी थी। इसी आधार पर पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन व अन्य तकनीकी साक्ष्यों को खंगालने में जुटी है।एडीजी रमित शर्मा ने अधिकारियों को घटना का जल्द से जल्द खुलासा करने और दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डकैती की इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।



## जन चौपाल में पुलिस ने अपराध मुक्त गांव बनाने का दिलाया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव बगरूआ में सोमवार को पुलिस प्रशासन द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में गांव के मौलाना, ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, संभ्रांत नागरिकों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया।



कार्यक्रम के दौरान लोगों को अपराध नियंत्रण में सहयोग करने और गांव को जुआ, सट्टा, अवैध शराब बिक्री समेत अन्य अपराधों से मुक्त बनाने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग तथा सड़क सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की अपील की। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, मोबाइल पर आने वाले फर्जी कॉल और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्टों से सावधान रहने के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। चौपाल में मौजूद लोगों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। वहीं गांव के अपराध प्रवृत्ति के लोगों को अपराध छोड़ने की सख्त चेतावनी भी दी गई। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा।

## निजी स्कूलों के खिलाफ अभिभावकों में रोष, महंगी किताबों और फीस बढ़ोतरी को लेकर डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में निजी विद्यालयों द्वारा एनसीई आरटी पुस्तकों के स्थान पर महंगी निजी प्रकाशकों की किताबें अनिवार्य करने और फीस में भारी बढ़ोतरी के खिलाफ अभिभावकों ने जिलाधिकारी एवं जिला शुल्क नियामक समिति के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।अभिभावक संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि जिला शुल्क नियामक समिति की 10 मई 2025 की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि सत्र 2026-27 में कक्षा 1 से 12 तक जिन विषयों की एनसीईआरटी पुस्तकें उपलब्ध हैं, उन्हीं को लागू किया जाए। इसके बावजूद कई निजी विद्यालयों ने एनसीईआरटी के साथ-साथ निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें भी लागू कर दीं, जिससे बच्चों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है।ज्ञापन में कहा गया कि कई स्कूलों ने केवल औपचारिकता के लिए बुक लिस्ट में एनसीईआरटी पुस्तकों का नाम दर्ज किया, लेकिन निर्धारित दुकानों पर अभिभावकों को सिर्फ निजी प्रकाशकों की किताबें ही उपलब्ध कराई गईं। कई दुकानदारों ने यह कहकर एनसीईआरटी पुस्तकें देने से मना कर दिया कि स्कूल में उन्हीं पुस्तकों से पढ़ाई नहीं होगी।अभिभावकों ने आरोप लगाया कि कुछ विद्यालय एक ही विषय की दो-दो किताबें लगाकर छात्रों को 15 से 25 पुस्तकें खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं। साथ ही विद्यालयों द्वारा विशेष दुकानों से ही किताबें खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है, जो उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 का उल्लंघन है।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि स्कूलों ने फीस के अलग-अलग स्लैब बनाकर कक्षा बदलते ही 30 से 40 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी है, जबकि जिला शुल्क समिति ने अधिकतम चार स्लैब रखने और अत्यधिक फीस वृद्धि न करने के निर्देश दिए थे। अभिभावक संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी विद्यालयों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा शीघ्र जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक बुलाकर अभिभावकों को राहत दी जाए। ज्ञापन पर सचिव अंकित अग्रवाल एडवोकेट और अध्यक्ष अनुज गुप्ता एडवोकेट के हस्ताक्षर हैं।



## टीएमयू में नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर बीटेक सीएस के स्टुडेंट्स का जलवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग-सीओई एवम् कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सीसीएसआईटी की ओर से नेशनल टेक्नोलॉजी डे- 2026 पर हार्डवेयर एंड सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन, पोस्टर प्रजेंटेशन, टेक्निकल ब्लॉग राइटिंग, कोडिंग कंटेस्ट, टेक्निकल क्विज आदि की प्रतियोगिताओं बीटेक सीएस के स्टुडेंट्स का जलवा रहा। सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन में बीटेक एआई की सृद्धि गुप्ता अव्वल रहीं। हार्डवेयर प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन में इलेक्ट्रिकल इजीनियरिंग के अनमोल कुमार, अंश शर्मा और शिवम राज का ग्रुप विजेता रहा। पोस्टर प्रजेंटेशन में बीएससी एनीमेशन की तनिषा सक्सेना ने बाजी मारी। टेक्निकल ब्लॉग राइटिंग में बीटेक साइबर सिक्योरिटी के अभिवंश विजेता रहे। कोडिंग कंटेस्ट में बीटेक एआई के यशवीर सैनी, जबकि टेक्निकल क्विज में बीटेक आईबीएम के तन्मय सेठी और बीटेक एआई की दिपाली जैन विजेता रहे। प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन के विज. ेताओं को दो-दो हजार रुपए की धनराशि और सर्टिफिकेट्स, जबकि अन्य सभी विजेताओं को केवल सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया गया। नेशनल टेक्नोलॉजी डे की थीम रेसपांसिबल इन्नोवेशन फॉर इन्क्लूसिव ग्रोथ रही। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के संग कार्यक्रम का शंखनाद हुआ। इस मौके पर एसेंचर के डिसीजन साइंस एनालिस्ट श्री स्वतंत्र जैन बतौर मुख्य वक्ता, सीओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी, प्रो. अनुराग वर्मा, प्रो. गुलिस्ता खान, श्री आरपी पांडे, डॉ. रूपल गुप्ता, श्री प्रशांत कुमार, डॉ. अलका वर्मा आदि मौजूद रहे। तकनीकी सत्रों में भविष्य की संचार प्रणालियों, उभरती टेलीकॉम तकनीकों एवम् वैश्विक डिजिटल कनेक्टिविटी पर सवाल भी हुए। संचालन स्टुडेंट्स- आशीष उपाध्याय और वर्णिका ने किया। एसेंचर के डिसीजन साइंस एनालिस्ट श्री जैन ने कहा, टेक्नोलॉजी आज देश के विकास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, डिजिटल सेवाएं और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में भारत लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। तकनीक केवल मशीनों और सॉफ्टवेयर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आम जनजीवन को बेहतर बनाने, रोजगार के नए अवसर सृजित करने और देश की आर्थिक प्रगति को गति देने का माध्यम है। ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं और साइबर सुरक्षा जैसी चुनौतियों का समाधान भी टेक्नोलॉजी के माध्यम से संभव हो रहा है। एलटीटीसी के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री कृष्ण कुमार सिंह यादव ने लाइव टेलीकॉम एंड फ्यूचर कम्युनिकेशन टोपोलॉजी पर ऑनलाइन बोलते हुए आईपी साफ्ट स्विच टेक्नोलॉजी, शहरों के लोकल ट्रंक सिस्टम और देश के विभिन्न टेलीकॉम क्षेत्रों की कार्यप्रणाली स्टुडेंट्स को दूरसंचार संचालन समझाया। श्री यादव ने ऑप्टिकल फाइबर कम्युनिकेशन सिस्टम पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा, उच्च गति डेटा ट्रांसमिशन और आधुनिक दूरसंचार अवसंरचना में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने कहा, वर्तमान समय तकनीकी क्रांति का दौर है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस एवम् ऑटोमेशन भविष्य की दिशा तय कर रहे हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स को शोध, नवाचार एवम् स्टार्टअप संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम में सुश्री इंदु त्रिपाठी, डॉ. संदीप वर्मा, सुश्री शिखा गंभीर, डॉ. रवि जैन, डॉ. शुभेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार, श्री वैभव शर्मा, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. प्रीति रानी, डॉ. मिथिलेश कुमार, श्री अजय रस्तोगी, श्री ज्योति रंजन लाभ, श्री अरून कुमार, श्री गौरी शंकर राय, श्री विकास कुमार, श्री उमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## गैंगस्टर एक्ट के मामले में अभियुक्त को सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट)/अपर सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी के न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले की सुनवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। अदालत में विच. ाराधीन मामले में अभियुक्त सालिम उर्फ मुल्ला पुत्र हनीफ निवासी ग्राम थांवला, थाना बिलारी, जिला मुरादाबाद के विरुद्ध धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत अभियोजन चलाया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन किया। सभी तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त सालिम उर्फ मुल्ला को दोषसिद्ध पाया। इसके बाद न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने अभियुक्त को इस प्रकरण में जेल में बिताई गई अवधि 3 वर्ष 1 दिन के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही अभियुक्त पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया।

## भाकियू ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से की वार्ता

**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की वार्ता बिजली विभाग के सभागार में की गई जिसमें एस ई अधिशासी अभियंता देहात फर्स्ट सेकंड थर्ड मौजूद रहे। बैठक में बिजली समस्या शटडाउन खराब मीटर अधिक रीडिंग अधिक बिल स्मार्ट मीटर की शिकायतें रखी गई। बैठक में ऋषिपाल सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज चौधरी अंगद चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष अनुज कुमार रामकला जिला सचिव धर्मपाल सैनी पिंकी चौधरी अजय कुमार रणजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



## दो मासूम बच्चों को छोड़कर घर से गई विवाहिता

**चन्दौसी।** नगर के मौलागढ़ क्षेत्र से एक विवाहिता के घर छोड़कर जाने का मामला सामने आया है। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी नाराज होकर घर से चली गई और अपने दोनों मासूम बच्चों को उसके पास छोड़ गई। मामले को लेकर परेशान पति दोनों बच्चों को साथ लेकर कोतवाली पहुंचा और पुलिस से मदद की गुहार लगाई। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर मौलागढ़ निवासी बंटू पुत्र इंदल की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व आदमपुर गांव की युवती से हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं, जिनकी उम्र लगभग 10 वर्ष और 8 वर्ष बताई गई है। बंटू ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है तथा रात के समय मंडी समिति में पल्लेदारी का कार्य भी करता है। पति बंटू का आरोप है कि उसकी पत्नी देर रात मोबाइल फोन पर किसी व्यक्ति से बातचीत करती थी। उसने बताया कि दोनों बच्चों ने भी उसे इस संबंध में जानकारी दी थी। बंटू के अनुसार एक युवक का घर पर आना-जाना भी था, जो रामपुर जनपद क्षेत्र का बताया जा रहा है। बताया गया कि रविवार रात किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई थी। इसके बाद सोमवार सुबह पत्नी घर से चली गई। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। पति के अनुसार विवाहिता अपने मायके भी नहीं पहुंची है।

सबसे चिंताजनक बात यह रही कि महिला अपने दोनों बच्चों को साथ नहीं ले गई, जिसके बाद परेशान पति बच्चों को लेकर कोतवाली पहुंचा और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया।

### एक नजर

#### लखनऊ से मुरादाबाद पहुंचनें पर एआईएमआईएम प्रदेश सचिव वकी रशीद का किया गया जोरदार स्वागत

**मुरादाबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के नव-नियुक्त प्रदेश सचिव वकी रशीद एडवोकेट के सोमवार को लखनऊ से मुरादाबाद पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। शहर में जगह-जगह समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर और पुष्प वर्षा कर जोरदार इस्तकबाल किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला।पार्टी नेतृत्व द्वारा वकी रशीद को प्रदेश सचिव बनाए जाने के बाद मुरादाबाद समेत आसपास के जिलों में AIMIM कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने संगठन में उनकी सक्रियता और मेहनत को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि वकी रशीद लंबे समय से संगठन को मजबूत करने में जुटे हुए हैं और उनके अनुभव का लाभ पार्टी को आगामी चुनावों और जनसंपर्क अभियानों में मिलेगा।मुरादाबाद पहुंचने पर वकी रशीद ने पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह पार्टी द्वारा दिए गए दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी साहब के मिशन और पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव और शहर-शहर तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। उन्होंने युवाओं और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर समाज के मुद्दों पर काम करने की अपील भी की।स्वागत कार्यक्रम में सोहेल एजाज, समीर मंसूरी, अबु अंसारी, रहीम खान, सय्यद मो. हसिन, हरीश सैफी, अफजल खान, अरहान अंसारी, सलमान अंसारी, शहबाज अंसारी, नावेद अंसारी और सुहेल खान समेत करीब 100 से अधिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।



#### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनपदीय शुल्क नियामक समिति की बैठक

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय शुल्क नियामक समिति के सदस्यों, पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन और विद्यालयों के संचालकों के साथ बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि कक्षा 09 से 12 तक की कक्षाओं में एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य रूप से लागू होनी चाहिए, इसमें किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। कक्षा 01 से 08 तक के लिए भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों का गंभीरतापूर्वक पालन करना होगा और 01 से 08 तक के लिए चिन्हित विषयों की अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने के लिए अभिभावकों को प्रकाशक एवं पुस्तक विक्रेता के लिए विकल्प देने होंगे और उन विकल्पों में बहुत अधिक महंगी पुस्तकें शामिल नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि विद्यालय द्वारा निर्धारित किसी विक्रेता से पुस्तकें, जूते, मोजे, ड्रेस आदि खरीदने हेतु अभिभावकों को बाध्य नहीं किया जाएगा, यदि ऐसे प्रकरण की पुष्टि होती है तो कठोर कार्यवाही होगी। पुस्तक माफियाओं से दूरी बनाएं और निर्धारित मानकों का पालन करते हुए विद्यालयों का संचालन किया जाए। उन्होंने कहा कि पुस्तक माफियाओं को भी चिन्हित कराया जाएगा और उन पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति और अन्य मानकों के अनुपालन का सत्यापन कराने के लिए जिला स्तरीय टीम गठित की जा रही है। यह टीम विगत 03 वर्षों के रिकार्ड का सत्यापन करेगी। टीम 15 दिवस में अपनी जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराएगी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री शक्ति दुबे, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री देवेंद्र पांडे सहित अन्य अधिकारी गण, विद्यालय संचालक, प्रधानाचार्य, पीटीए के सदस्यगण आदि मौजूद रहे।

#### गोवंश संरक्षण को डीएम की अपील: एक दिन का वेतन स्वेच्छा से दान करें अधिकारी-कर्मचारी



**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों से मई 2026 के वेतन से एक दिन का वेतन स्वेच्छा से गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष में दान करने की अपील की है। डीएम ने बताया कि जनपद में 35 स्थाई/अस्थाई गो आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें अब तक कुल 7800 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। योजना की सफलता के लिए जन सहभागिता आवश्यक है। उ.प्र. गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष नियमावली 2019 के तहत जनपद में "गौ संरक्षण एवं संवर्धन कोष" के नाम से खाता संचालित है। इस कोष में दान, चंदा, केंद्र/राज्य सरकार, गैर सरकारी संगठनों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों व धमार्थ संस्थाओं से प्राप्त धनराशि जमा की जाती है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों- कर्म चारियों से इस पुनीत कार्य में आगे आकर सहयोग करने का आह्वान किया है।

#### विकास शर्मा ने गोशाला की निर्माणाधीन बाउंड्री बाल का लिया जायजा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** गौ रक्षक एवं जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य विकास शर्मा आज रमपुरा की गौशाला पहुंचे और बीमार गोवंशों का उपचार कराया। गौशाला में चल रहे बाउंड्री वॉल के निर्माण को भी उन्होंने देखा उन्होंने बताया कि बाउंड्री वॉल के टूट जाने के कारण गोवंश की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया था इसके निर्माण के लिए उन्होंने अधिकारियों से कई बार मांग की थी लेकिन अब मांग पूरी करते हुए दिवार निर्माण शुरू हुआ है गौशाला में 150 से ज्यादा पशु संरक्षित हैं उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गौशालाओं की बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त रखें जाने की मांग भी उठाई है।






# मोदी की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में तेलंगाना के दौरे पर थे। हैदराबाद में जहां उन्होंने एक सरकारी समारोह में कई विकास परियोजनाओं की घोषणा की वहीं सिकंदराबाद में एक जनसभा को संबोधित किया। सिकंदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने लोगों से विदेशी मुद्रा बचाने की अपील की। इसके लिए उन्होंने कई रास्ते भी बताए हैं। पीएम मोदी ने इस दौरान एक साल तक सोना न खरीदने और खाने का तेल कम इस्तेमाल करने की अपील की। कांग्रेस ने पीएम मोदी के बयान की निंदा की है। कांग्रेस का कहना है कि पीएम मोदी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए आपातकालीन कदम उठाने की जगह जनता को ही मुश्किल में डाल रहे हैं। पीएम मोदी ने जनसभा में कहा सप्लाई चेन की इन मुश्किलों के बीच पिछले दो महीने से ही हमारे पड़ोस में इतना बड़ा युद्ध चल रहा है। इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ा है और भारत पर तो और भी गंभीर असर पड़ा है। भारत के पास बड़े बड़े तेल के कुएं नहीं हैं। हमें अपनी जरूरत के पेट्रोल-डीजल-गैस ये सभी बहुत बड़ी मात्रा में दुनिया के दूसरे देशों से मंगाने पड़ते हैं। युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में पेट्रोल, डीजल, गैस और फर्टीलाइजर के दाम बहुत अधिक बढ़ चुके हैं। आसमान को भी पार कर गए हैं। पड़ोस के देशों में क्या है वो तो अखबारों में आता है। पीएम मोदी ने कहा, भारत सरकार इस युद्ध के पिछले दो महीनों से देशवासियों को इस संकट से बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नागरिकों पर बोझ ना पड़े, इसके लिए सरकार सारा बोझ खुद अपने कंधे पर उठा रही है। पीएम मोदी ने सप्लाई चेन का हवाला देते हुए कहा कि सप्लाई चेन पर लगातार संकट बना रहे तो हम कितने भी उपाय कर लें मुश्किलें बढ़ती ही जाती हैं। इसलिए अब देश को सर्वोपरि रखते हुए, हमें एकजुट होकर लड़ना होगा। देश के लिए मरना ही देशभक्ति नहीं होती है, देश के लिए जीना और देश के लिए अपने कर्तव्यों को निभाना वो भी देशभक्ति होती है। ऐसे ही खाने के तेल का भी है। इसके आयात के लिए भी बहुत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। हर खाने में तेल का उपयोग में कुछ कमी करे तो वो भी देशभक्ति का काम है। इससे देश सेवा भी होगी और देह सेवा भी होगी। इससे देश के खजाने का स्वास्थ्य भी सुधरेगा और परिवार के लोगों का भी स्वास्थ्य सुधरेगा। पीएम मोदी ने विदेशी मुद्रा बचाने को लेकर कहा कि जो भी रास्ते अपना सकते हैं वो अपनाना होगा। उन्होंने कहा सोने की खरीद एक और पहलू है जिसमें विदेशी मुद्रा बहुत खर्च होती है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि ईरान-अमेरिका युद्ध को तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन पीएम मोदी को अब भी यह समझ नहीं आ रहा है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए। वेणुगोपाल ने एक्स पर लिखा, यह बेहद शर्मनाक, गैर-जिम्मेदाराना और पूरी तरह से अनैतिक है कि पीएम इस वैश्विक संकट से हमारी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए कोई आपातकालीन योजना बनाने के बजाय, आम नागरिकों को ही मुश्किल में डाल रहे हैं।

# नर्सों के बिना अधूरा है चिकित्सा का आकाश


योगेश कुमार गोयल

नर्सें किसी भी राष्ट्र की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं, फिर चाहे वह सार्वजनिक हो अथवा निजी। चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए नर्सें डॉक्टरों के साथ सांझेदारी करती हैं और चिकित्सा संस्थान में प्रवेश करने से लेकर बाहर निकलने तक अपने मरीजों की भलाई के लिए जिम्मेदार रहती हैं। वे मरीजों के स्वास्थ्य और महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी करती हैं। यही कारण है कि नर्सिंग का पेशा दुनियाभर में सबसे भरोसेमंद पेशों में से एक पेशा माना जाता है।

सामान्य दिनों में जब पेशेवर डॉक्टर दूसरे मरीजों को देखने में व्यस्त रहते हैं, तब अस्पतालों में भर्ती मरीजों की चौबीसों घंटे देखभाल का उत्तरदायित्व नर्सों पर ही रहता है। इसलिए उनसे उम्मीद की जाती है कि वे रोगियों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ उनकी बीमारी को नियंत्रित करने में मित्रवत व्यवहार करें तथा उनके प्रति स्नेहशीलता का परिचय दें। इसीलिए रोगियों की उचित देखभाल के लिए नर्सों का शारीरिक, मान. सिक तथा सामाजिक स्तर पर शिक्षित, प्रशिक्षित तथा अनुभवी होना बहुत महत्त्वपूर्ण माना जाता है। समाज के लिए नर्सों के योगदान को चिन्हित करने के लिए ही प्रतिवर्ष 12 मई को विश्व नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति में दुनियाभर में 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस विषय का उद्देश्य सुरक्षित वातावरण, उचित वेतन और नेतृत्व के अवसरों के माध्यम से नर्सों को सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि रोगी देखभाल और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार किया



जा सके। जैसे-जैसे स्वास्थ्य सेवा प्रणालियां विकसित होती हैं और नई चुनौतियों का सामना करती हैं, नर्सों का योगदान अपूरणीय बना रहता है। यह दिवस मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों के अमूल्य योगदान, मेहनत और समर्पण के लिए उन्हें सराहना मिले तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली नर्सों को पुरस्कृत किया जाए। नर्सिंग ऐसा कार्यक्षेत्र है, जिससे जुड़े लोग कभी बेरोजगार नहीं रहते। सरकारी और निजी अस्पतालों, सैन्य बलों, नर्सिंग होम, अनाथालयों, वृद्धाश्रमों तथा कुछ अन्य क्षेत्रों में ऐसे लोगों को रोजगार उपलब्ध हो ही जाता है। वैसे नर्सों का कार्य केवल मरीजों की देखभाल तक ही सीमित नहीं होता बल्कि योग्य नर्सों के लिए शैक्षिक, प्रशासनिक और शोध कार्यों से संबंधित अवसर भी उपलब्ध होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में अमीर और गरीब दोनों प्रकार के देशों में प्रशिक्षित नर्सों की कमी है लेकिन विक. ासशील देशों में यह कमी कुछ अधिक देखने को मिलती है। विकसित देश अपने यहां नर्सों की कमी को अन्य देशों से नर्सें बुलाकर पूरा कर लेते हैं और उनको वहां पर अच्छा वेतन और सुविधाएं देते हैं, जिससे नर्सें विकसित देशों में जाने में देर नहीं करती। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अच्छे वेतनमान और सुविधाओं के लोभ में आज भी विकासशील देशों से बड़ी संख्या में नर्सें विकसित देशों में नौकरी के लिए जाती हैं, जिससे विकासशील देशों को प्रशिक्षित नर्सों की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विकासशील देशों में नर्सों को अधिक वेतन और सुविधाओं की कमी रहती है और आगे का भविष्य भी अधिक उज्ज्वल नहीं दिखाई देता, जिससे वे विकसित देशों के बुलावे पर नौकरी के लिए चली जाती हैं। भारत में महानगरों तथा बड़े शहरों में चिकित्सा व्यवस्था कुछ ठीक होने के कारण इन इलाकों में नर्सों की संख्या में इतनी कमी नहीं है, जितनी कि छोटे शहरों और गांवों में है। किसी भी देश में नर्सों की कमी उस देश की खराब चिकित्सा व्यवस्था को बताती है। नर्सों की कमी का सीधा प्रभाव नवजात शिशु और बाल मृत्यु दर पर भी पड़ता है। अच्छे वेतन और सुविधाओं के लिए पहले जितनी अधिक संख्या में प्रशिक्षित नर्सें विदेश जाती थी, आज उसमें कुछ कमी आई है। दरअसल आज सरकारी अस्पतालों में नर्सों को अच्छा वेतन और अन्य सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे उनकी स्थिति सुदृढ़ हुई है और यही कारण है कि भारत से प्रशिक्षित नर्सों का पलायन कुछ हद तक रुका है। हालांकि तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि कुछ राज्यों तथा गैर-सरकारी क्षेत्रों में नर्सों की स्थिति आज भी संतोषजनक नहीं है, जहां उन्हें लंबे समय तक कार्य करना पड़ता है और फिर भी वे सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पातीं, जिनकी वे हकदार हैं। भारत में विदेश के लिए नर्सों के पलायन में पहले की अपेक्षा कमी आने के बावजूद रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण रोगी और नर्स के अनुपात में अंतर बढ़ा है।

## श्रीमुख से...

### लोग केवल राजनीतिक जुगाड़ मानेंगे



मंत्रिमंडल का घटाना-बढ़ाना और विस्तार सत्तारूढ़ दल का आंतरिक राजनीतिक विषय होता है, इसलिए इस पर ज्यादा टिप्पणी करना उचित नहीं है, लेकिन इसका असर आमजन, खासकर गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक रूप से दिखना चाहिए, सरकार और मंत्रियों के कामकाज में समाज के हर वर्ग, विशेषकर कमजोर तबकों की जान-माल और मजहब की सुरक्षा सुनिश्चित होती दिखाई देनी चाहिए, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो लोग इसे केवल राजनीतिक जुगाड़ और सरकारी संसाधनों पर बढ़ा बोझ मानेंगे।

**-सुश्री मायावती**
**अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**
पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

# विश्वास, उम्मीद व सेहत का जीव विज्ञान

अमेरिकी लेखक और एक्टिविस्ट हेलन केलर इंसानी क्षमता और संभावना की एक अंतर्राष्ट्रीय मिसाल हैं। बहरेपन और अंधेपन से ग्रसित हेलन केलर ने लिखा था, आशावाद वह विश्वास है जो कामयाबी की ओर ले जाता है। उम्मीद और भरोसे के बिना कुछ भी नहीं किया जा सकता। आशावाद को भविष्य में अच्छा और हितकर होने की सकारात्मक उम्मीद रखने के रूप में समझा जा सकता है। यह एक इंसानी खूबी है जिसे बेहतर सेहत और बेहतर जिंदगी से भी जोड़ कर देखा जाता है। आशावाद तय करता है कि हम भविष्य को कैसे देखते-सोचते हैं। यह एक मॉड्युलेटर की तरह काम करता है जो सकारात्मक संभावनाओं को थोड़ा बढ़ा-चढ़ा देता है और नकारात्मक विचारों और ख्यालों को दूर रखता है।

इस्राइली-ब्रिटिश तंत्रिका विज्ञानी ताली शारोट का अनुमान है कि लगभग 80 प्रतिशत मनुष्य आशावादी हैं, लेकिन अधिकतर लोग 'थोड़े ही' आशावादी होते हैं। यह कहा जा सकता है कि आशावाद वास्तविकता से अलग, एकतरफा सोच दिखाता है। जैव-विकास ऐसी खूबी को क्यों तरजीह देगा जो आपको पूरी तरह निष्पक्ष रखने की बजाय एकतरफा ढंग से पूर्वाग्रह से लैस करे? वैज्ञानिकों के बीच आम राय यह है कि आशावाद की बदौलत अनुकूलन काफी ज़्यादा होता है, अर्थात आशावाद किसी जीव की उत्तरजीविता को बढ़ाता है। कल्पना कीजिए कई हजार साल पहले कोई महिला जिस



तरह रहती थी। मान लीजिए वह एक गुफा के अंदर रहती है और उस समय उस क्षेत्र में सूखा पड़ रहा है। अगर वह बाहर भोजन (कोई खरगा. ेश या फल से लदी झाड़ी) मिलने की संभाविता निकालकर निर्णय करे, तो शायद ही भोजन की तलाश में बाहर जाए।

ऐसे में निष्क्रिय रहना उसके लिए सही चुनाव रहता, क्योंकि इससे यहां-वहां भटकने में खर्च होने वाली ऊर्जा बचती। दूसरी ओर, (कुछ-न-कुछ मिल जाने की) उम्मीद उसे भोजन की तलाश के लिए बाहर निकलने की हिम्मत दे सकती है। बाहर कुछ-न-कुछ भोजन मिल जाने की संभावना ज्यादा मानकर, उसके पास कोशिश करने की ज्यादा संभावना होगी। किसी एक तरफ यह थोड़ा अधिक झुकाव उसे कोशिश करने के लिए बढ़ावा देता है, जिससे उसके जीने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि, इसकी भी एक सीमा है कि आप कितने आशावादी होकर इससे फायदा उठा सकते हैं। फायदे के लिए जो तरीका सबसे अच्छा काम करता है वह है एक सामान्य सकारात्मक सोच रखना, जिसे आशावादी स्वभाव कहा जाता है। असल जिंदगी में कुछ बुरा होने पर किसी निराशावादी व्यक्ति की प्रतिक्रिया होगी मैं जानता था, ऐसा ही होगा, जबकि आशावादी लोग कहेंगे कल बेहतर होगा। वर्ष 2007 में नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार यह लचीलापन आशावादी पूर्वाग्रह ऑप्टिमिज्म बायस से बना रहता है, जो मस्तिष्क में सूचनाओं की प्रोसेसिंग में गैर-बराबरी का परिणाम है मस्तिष्क द्वारा अच्छी बातों को ज्यादा अहमियत दी जाती है और बुरी बातों को कम। मस्तिष्क के अग्र और मध्य भाग का एक क्षेत्र है रोस्ट्रल एंटीरियर सिंगुलेट कॉर्टेक्स ACC जब आशावादी लोग अच्छे और सुखद भविष्य की कल्पना करते हैं तब यह क्षेत्र बहुत सक्रिय होता है। इस हिस्से में अधिक सक्रिय न्यूरॉन अच्छी संभावनाओं की एन्कोडिंग को आसान बनाते हैं। इसके विपरीत, नकारात्मक जानकारियों पर rACC कम प्रतिक्रिया देता है, परिणामस्वरूप असफलताओं का व्यक्ति की भविष्य की उम्मीदों पर कम असर पड़ता है। रिवाइज्ड लाइफ ओरिएंटेशन टेस्ट एक छोटा-सा परीक्षण है जिसका इस्तेमाल यह मापने के लिए किया जाता है कि किसी व्यक्ति में आशावादिता है या नहीं। इसमें स्थिति आधारित 10 वक्तव्य होते हैं जिन्हें आपको 0 से 4 के बीच अंक देने होते हैं पूरी तरह असहमत के लिए 0 से पूरी तरह सहमत के लिए 4 तक। मसलन, ऐसे वक्तव्य होते हैं कठिन परिस्थितियों में, अमूमन मैं अच्छे की उम्मीद रखता हूं और यदि कुछ बुरा होना है, तो होकर रहेगा। जिन लोगों में आशावादिता अधिक होती है, उनका हृदय अधिक स्वस्थ पाया गया है। बुजुर्गों में, आशावादी स्वभाव को न्यूरॉन्स का सुरक्षा कवच माना जाता है, जो मस्तिष्क को बुढ़ापे की मार से बचाता है। वर्ष 2024 में एजिंग एंड डिसीज जर्नल में प्रकाशित नतीजों के अनुसार ब्रेन-डेराइव्ड न्यूरोट्रॉफिक फैक्टर का उच्च स्तर बुढ़ापे में लचीलापन बढ़ाता है। बुढ़ाने के कारण भले ही कुछ न्यूरॉन्स खत्म होते जाते हैं, लेकिन BDNF बचे हुए न्यूरॉन्स को ज्यादा असरदार तरीके से एक-दूसरे से जोड़ने में मदद करता है, जिससे व्यक्ति की इंद्रियां चाक-चौबंद रहती हैं और दिमाग समझदार बना रहता है।

**-स्रोत फीचर्स**
**( डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन, सुशील चंदानी )**

# दयालुता मानवता का सबसे बड़ा सौंदर्य, इसे बनाए रखें

आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की



अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिकारिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनीतिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि ह्मैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह्न इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।



गुरुग्राम। हरियाणा में राज्य सरकार के खिलाफ अपनी मांगों के समर्थन में आयोजित विरोध रैली के दौरान गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) के कर्मचारी बर्तन बजाते हुए।

## ईयू जल्द यूक्रेन को 90 अरब यूरो के कर्ज की पहली किस्त जारी करेगा

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) की कमिश्नर फॉर इनलार्जमेंट मार्टा कोस ने सोमवार को कहा कि अगले सप्ताह संघ यूक्रेन को 90 अरब यूरो (105.7 अरब अमेरिकी डॉलर) के कर्ज पैकेज की पहली किस्त जारी करेगा। सुकोस ने कहा कि हम सही रास्ते पर हैं और मुझे उम्मीद है कि अगले सप्ताह हम पहली किस्त जारी कर पाएंगे। ईयू के सदस्य देशों ने 23 अप्रैल को यूक्रेन के लिए 90 अरब यूरो के कर्ज पैकेज को औपचारिक रूप से मंजूरी दी थी। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने पहले कहा था कि यूक्रेन को इस कर्ज को तभी चुकाना होगा, जब उसे रूस से हर्जाने की रकम मिलेगी।

## एमवी होंडियस पर सवार अमेरिकी नागरिकों में से एक हंता वायरस से संक्रमित

**वाशिंगटन।** एमवी होंडियस क्रूज जहाज से स्वदेश लौटे 17 अमेरिकी नागरिकों में से कम से कम एक हंता वायरस से संक्रमित है। अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के 17 नागरिकों और यहां रहने वाले एक ब्रिटिश नागरिक को हंता वायरस संक्रमण की आशंका के बीच सोमवार तड़के विशेष निगरानी और चिकित्सकीय मूल्यांकन के लिए नेब्रास्का लाया गया। ये सभी यात्री एमवी होंडियस क्रूज जहाज पर सवार थे, जहां एंडीज वैरिएंट हंता वायरस संक्रमण का प्रकोप सामने आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सामान्यत: कृन्तकों (रोडेंट्स) से फैलने वाला यह वायरस संभवत: जहाज पर मानव से मानव में भी फैला हो सकता है। अब तक जहाज से जुड़े तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

# ईरान के जवाबी प्रस्ताव को ट्रम्प ने पूरी तरह अस्वीकारा

### मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित 'प्रतिनिधियों' की प्रतिक्रिया पढ़ी: ट्रम्प

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पश्चिम एशिया में युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान के जवाबी प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया और उसकी प्रतिक्रिया को 'पूरी तरह अस्वीकार्य' करार दिया है। ट्रम्प ने सोमवार को एक पोस्ट में लिखा कि मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित 'प्रतिनिधियों' की प्रतिक्रिया पढ़ी है।

मुझे यह पसंद नहीं आई-पूरी तरह अस्वीकार्य! यह फटकार ऐसे समय में आई है जब दोनों पक्ष (जो अप्रैल से बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं) ईरान के परमाणु कार्यक्रम और किसी भी संभावित युद्धविराम समझौते की शर्तों पर

■ राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट कर दिया है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा और वह दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को बंधक नहीं बना सकता



एक समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। पाकिस्तान के मध्यस्थों के माध्यम से प्रस्तुत ईरान के जवाबी प्रस्ताव में कई व्यापक मांगें शामिल हैं जिनमे अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाना, ईरान की जब्त संपत्तियों को मुक्त करना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की संप्रभुता को औपचारिक मान्यता देना शामिल है। तेहरान ने अपने बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को तत्काल समाप्त करने और ईरानी क्षेत्र पर आगे कोई हमला न करने की गारंटी देने की भी मांग की। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट कर दिया है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा और वह दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को बंधक नहीं बना सकता। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने 'फॉक्स न्यूज संडे' पर बोलते हुए कहा कि वाशिंगटन ने अपने प्रस्ताव में एक 'बहुत स्पष्ट लक्ष्मण रेखा' खींच दी है। ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं मुख्य मुद्दा बनी हुई हैं। ट्रम्प ने जोर देकर कहा है कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, इस रुख का नेतन्याहू ने भी समर्थन करते हुए कहा है कि संघर्ष की समाप्ति की घोषणा से पहले ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को 'नष्ट' किया जाना चाहिए।

# ईरान ने अमेरिकी योजना को किया खारिज

### अमेरिकी शांति प्रस्ताव का मतलब अमेरिकी सरकार की अत्यधिक मांगों के आगे झुकना

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को दिए अपने जवाब में अमेरिकी शांति प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इसका मतलब अमेरिकी सरकार की अत्यधिक मांगों के आगे झुकना होगा। प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने पहले बताया था कि अमेरिकी संदेश पर ईरान की प्रतिक्रिया युद्ध समाप्त करने और फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रित थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संघर्ष समाधान के लिए अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। प्रेस टीवी के अनुसार, ईरान की प्रतिक्रिया योजना में इस बात पर जोर दिया गया है कि अमेरिका को इस्लामिक गणराज्य को युद्ध क्षतिपूर्ति का भुगतान करना होगा। मई की शुरुआत में ईरानी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि तेहरान को इस्लामिक गणराज्य के नए 14 सूत्री प्रस्ताव के संबंध में पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका से जवाब मिला है। ईरान की तसनीम समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि अमेरिका के साथ बातचीत के लिए ईरान के प्रस्तावों का पाठ, जिसे तेहरान ने वाशिंगटन को भेजकर जवाब दिया था, में प्रतिबंध हटाने, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का पूर्ण नियंत्रण और विदेशों में ईरानी संपत्तियों को मुक्त



■ पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए ईरान का प्रस्ताव उदार और तार्किक

करने के प्रावधान शामिल हैं। 28 फरवरी को, अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए, जिसमें 3000 से अधिक लोग मारे गए। वाशिंगटन और तेहरान ने 8 अप्रैल को दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की। इस्लामाबाद में बाद की बातचीत बेनतीजा रही, शत्रुता के फिर से शुरू होने की कोई खबर नहीं मिली, लेकिन अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी। मध्यस्थ बातचीत के एक नए दौर का आयोजन करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं ईरान ने यह भी कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए उसका प्रस्ताव 'उदार और तार्किक' था, जबकि अमेरिका अब भी इजरायल की सोच से प्रभावित 'अवास्तविक मांगों' पर अड़ा हुआ है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ईरान की ओर से अमेरिकी प्रस्ताव के जवाब में जो योजना भेजी गई, वह 'हद से ज्यादा' नहीं थी और उसका उद्देश्य पूरे क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता स्थापित करना था। उन्होंने कहा कि हमने किसी प्रकार की रियायत की मांग नहीं की। हमने केवल ईरान के वैध अधिकारों की बात की है। बघाई ने सवाल किया कि क्या क्षेत्र में युद्ध समाप्त करने, ईरानी जहाजों के खिलाफ 'समुद्री डकैती' रोकने तथा वर्षों से अवरुद्ध ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने की मांग अनुचित कही जा सकती है। उन्होंने कहा कि क्या होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने का हमारा प्रस्ताव अवास्तविक है? क्या पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्थापित करना गैर-जिम्मेदाराना है? इससे पूर्व, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा और उसे 'पूरी तरह अस्वीकार्य' पाया। ट्रम्प ने समाचार पोर्टल एक्सियोस को दिए साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने ईरान के जवाब पर बेंजमिन नेतन्याहू से भी चर्चा की है।

## होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा पर रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे ब्रिटेन-फ्रांस

**लंदन।** होर्मुज स्ट्रेट में व्यापार को सुरक्षित रूप से शुरू करने के इरादे से सैन्य नियोजन पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस मंगलवार से 40 देशों के विदेश मंत्रियों की मेजबानी करेंगे। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, रक्षा सचिव जॉन हीली और फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह इस बहुराष्ट्रीय समुद्री मिशन की पहली रक्षा मंत्री बैठक होगी। इस बीच, ईरान ने सभी देशों को होर्मुज में अपने युद्धपोत उतारने के खिलाफ चेतावनी दी है। ईरान के उप-विरेध मंत्री काजम ग़रीबाबादी ने ब्रिटेन एवं फ्रांस को चेतावनी दी है कि अगर वे होर्मुज जलडमरमूध्य के पास अपने युद्धपोत तैनात करते हैं तो स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है। ब्रिटेन ने पिछले सप्ताह यह ऐलान किया था कि वह पश्चिम एशिया में एचएमएस ड्रैगन को एक 'पूर्णत: रक्षात्मक' मिशन के तहत तैनात करेगा। इस तैनाती का उद्देश्य समुद्री बारूदी सुरंगों को होर्मुज से निकालना और क्षेत्र में व्यवसायिक नौवहन को बहाल करना होगा। इस बीच, फ्रांस ने पुष्टि की कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित सुरक्षा अभियान की तैयारी के तहत अपना नौसैनिक बेड़ा लाल सागर में तैनात कर दिया है।

## बिग कैट संरक्षण के लिए कॉर्पोरेट सहयोग जरूरी: भूपेंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि बिग कैट के प्राकृतिक वास के पुनर्स्थापन, प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी और सामुदायिक संरक्षण के लिए कॉर्पोरेट वित्तपोषण बेहद आवश्यक है। यादव ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के तत्वाधान में आयोजित 'वैश्विक अर्थव्यवस्था, उद्योग और समाज का भविष्य तथा विजन फॉर इंडिया-100' सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि भारत एक और दो जून को पहले अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। उन्होंने कहा है कि बिग कैट के प्राकृतिक वास के पुनर्स्थापन, प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी और सामुदायिक संरक्षण के लिए कॉर्पोरेट वित्तपोषण बेहद आवश्यक है। उन्होंने उद्योग जगत से बिग कैट संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल है, जिसका उद्देश्य दुनिया की सात बड़ी बिल्ली प्रजातियों बाघ, शेर, चीता, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, जगुआर और प्यूमा का संरक्षण करना है।

## चीनी तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की ओर प्रक्षेपित

**बीजिंग।** चीन ने सोमवार को तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की ओर प्रक्षेपित किया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने इसकी घोषणा की।

एजेंसी के बयान में कहा गया कि चांग झेंग-7 वाई11 प्रक्षेपण यान, जो तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को लेकर था, इसे बीजिंग समयानुसार सुबह 8:14 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 5:44 बजे) वेंचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से प्रक्षेपित किया गया। लगभग 10 मिनट बाद, तियानझोउ-10 ने यान से सफलतापूर्वक पृथक्करण किया और अपने निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया। बयान में कहा गया कि यह प्रक्षेपण सफल रहा।

अंतरिक्ष यान में बाहरी अंतरिक्ष गतिविधि के लिए एक स्पेससूट, अंतरिक्ष यात्रियों के रहने के लिए आवश्यक सामग्री, ईंधन और प्रयोगात्मक उपकरण हैं। यह यान बाद में तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक करेगा। यह प्रक्षेपण चांग झेंग ('लॉन्ग मार्च') शृंखला के 641वें और तियांगोंग परियोजना के 39वें प्रक्षेपण का

■ लगभग 10 मिनट बाद तियानझोउ-10 ने यान से सफलतापूर्वक पृथक्करण किया और अपने निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया
■ स्टेशन के प्राथमिक संयोजन का निर्माण तीन नवम्बर 2022 को पूरा हुआ

प्रतीक है। चीन ने तियांगोंग राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण 29 अप्रैल 2021 को शुरू किया, जब तियान्हे मुख्य मॉड्यूल सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। स्टेशन के प्राथमिक संयोजन का निर्माण तीन नवम्बर 2022 को पूरा हुआ। तियांगोंग स्टेशन की मौजूदा टी-आकार संरचना में तियान्हे मुख्य मॉड्यूल और इसके साथ जुड़े दो प्रयोगशाला मॉड्यूल, वेंतियान और मेंगतियान शामिल हैं। तीनों मॉड्यूल का संयुक्त वजन लगभग 69 टन है। स्टेशन का कुल आवासीय स्थल लगभग 110 घन मीटर है और इसमें एक समय में तीन अंतरिक्ष यात्री समायोजित कर सकता है या क्रू रोटेशन के दौरान छह लोग रह सकते हैं।

## चीनी कंपनियों पर अमेरिका के प्रतिबंध अवैध: चीन

**बीजिंग।** चीन ने ईरान से संबंध होने के कारण चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के अमेरिका के फैसले का विरोध करते हुए नई नीतियों को 'अवैध' एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का विरोधी करार दिया।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुए जियाकुन ने सोमवार को कहा कि चीन अमेरिका द्वारा थोपे गए एकतरफा प्रतिबंधों को नकारता है और ये संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त नहीं है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने चीन और हांगकांग की कंपनियों एवं लोगों पर ईरान की सेना की सहायता करने का आरोप लगाते हुए उन पर प्रतिबंध लगाए हैं। इस सूची में शामिल 12 लोगों एवं कंपनियों पर आरोप है कि उन्होंने ईरान की सेना के इस्तेमाल के लिए हथियार एवं तकनीक खरीदी हैं। उन्होंने कहा कि

■ जहां तक ईरान की स्थिति का सवाल है, चीन ने बार-बार इस पर अपना दृढ़ रुख स्पष्ट किया है: गुओ

बीजिंग लगातार चीनी कंपनियों से यह अपेक्षा करता है कि वे कानूनों और नियमों के अनुसार ही अपना कारोबार करें, और वह चीनी उद्यमों के वैध अधिकारों और हितों की पूरी मजबूती से रक्षा करने का इरादा रखता है। गुओ ने कहा कि जहां तक ईरान की स्थिति का सवाल है, चीन ने बार-बार इस पर अपना दृढ़ रुख स्पष्ट किया है। इस समय सबसे जरूरी काम यह है कि युद्ध को फिर से शुरू होने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं, न कि इस संघर्ष का दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल करके दूसरे देशों को बदनाम किया जाए।

# ईरान का क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों को समर्थन जारी: नेतन्याहू

### ईरान के साथ युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा, जब तक परमाणु मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया है कि ईरान के साथ युद्ध तब तक 'खत्म नहीं होगा', जब तक कि प्रमुख रणनीतिक मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता जिनमें ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार को हटाना, परमाणु केंद्रों को नष्ट करना और ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव पर अंकुश लगाना शामिल है।

सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम '60 मिनट्स' को दिए साक्षात्कार में नेतन्याहू ने कहा कि यह अभी खत्म नहीं हुआ है, क्योंकि अब भी वहां परमाणु सामग्री और संवर्धित यूरेनियम मौजूद है। इसे ईरान से बाहर निकालना होगा। अब भी वहां संवर्धन केंद्र हैं, जिन्हें नष्ट करना बाकी है। उन्होंने कहा कि ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों का समर्थन



■ ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों का समर्थन करना जारी रख रहा है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं को बढ़ा रहा है

करना जारी रख रहा है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं को बढ़ा रहा है। अमेरिका-इजरायल के ईरान पर किए गए हमलों के बाद हुई प्रगति को स्वीकार करते हुए नेतन्याहू ने इस बात पर जोर दिया कि अब भी बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं, विशेष रूप से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर। उन्होंने सुझाव दिया कि किसी भी व्यावहारिक व्यवस्था के तहत संवर्धित यूरेनियम को वहां से से हटाना होगा। उन्होंने कहा कि अगर आपके पास कोई समझौता है और आप अंदर जाकर उसे बाहर निकाल लेते हैं, तो क्यों नहीं? यही सबसे अच्छा तरीका है। नेतन्याहू इस बात से सहमत हैं कि समझौता होना चाहिए, लेकिन परमाणु मुद्दा समझौता-योग्य नहीं है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका का रुख है कि किसी भी व्यापक शांति ढांचे के तहत ईरान को यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह से रोकना होगा।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में शांति प्रस्ताव पर ईरान की नवीनतम प्रतिक्रिया को 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' बताया था। वहीं ईरान ने संवर्धन को पूरी तरह से रोकने की मांगों को खारिज कर दिया है। खबरों के अनुसार, ईरानी अधिकारियों ने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को कम करने और अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के तहत कुछ सामग्री को किसी तीसरे देश में स्थानांतरित करने का सुझाव दिया है। नेतन्याहू ने एक संभावित दृष्टिकोण की रूपरेखा भी पेश की है। इसमें कूटनीति अगर विफल रहती है तो संवर्धित यूरेनियम को भौतिक रूप से हटाया जा सकता है, लेकिन उन्होंने 'सैन्य विकल्पों' का खुलासा करने से इनकार कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने सीमित अवधि के लिए संवर्धन स्थगित करने की इच्छा जताई है, हालांकि यह अमेरिका के प्रस्तावित 20 साल के प्रतिबंध की तुलना में कम अवधि के लिए है। साथ ही ईरान ने अपने परमाणु बुनियादी ढांचे को नष्ट करने की बात को खारिज कर दिया है।

## टर्किश एयरलाइंस के लैंडिंग गियर में लगी आग

**काठमांडू।** टर्किश एयरलाइंस के एक विमान के लैंडिंग गियर में आग लगने की घटना के बाद सोमवार सुबह नेपाल के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को लगभग 98 मिनट तक के लिए बंद रखा गया, जिससे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान सेवाएं प्रभावित हुईं। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के सहायक प्रवक्ता ज्ञानेंद्र भुल के अनुसार सुबह 6:34 बजे विमान के दाहिने मुख्य लैंडिंग गियर में आग लगने के बाद हवाईअड्डे पर उड़ान संचालन रोक दिया गया था।



## कुब्रा सैत ने फिल्म 'रेडी' से की बड़ी शुरुआत

**मुंबई।** अभिनेत्री कुब्रा सैत आज भले ही 'सैक्रेड गेम्स' में अपने यादगार किरदार 'कुकू' के लिए जानी जाती हों, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब वह मुंबई में अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं। हाल ही में एक वीडियो में कुब्रा सैत ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें किस तरह फिल्म 'रेडी' में अपना पहला मौका मिला। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बघ्मी ने किया था और इसमें मुख्य भूमिका में थे सलमान खान। कुब्रा ने बताया कि उन्होंने इस रोल के लिए एक छोटी ब्लैक ड्रेस पहनकर ऑडिशन दिया था और बेसब्री से अनीस बज्मी के ऑफिस में उनके अप्रूवल का इंतजार कर रही थीं। शुरुआत में फिल्म में उनके किरदार के लिए कोई डायलॉग नहीं था और उन्हें एक मेड का रोल दिया गया था। लेकिन बाद में सलमान खान ने सुझाव दिया कि उनके किरदार को थोड़ा मजेदार बनाया जाए और वह टूटी-फूटी अंग्रेजी बोले। अनीस बज्मी को सलमान खान यह आइडिया काफी पसंद आया और इसी वजह से कुब्रा के किरदार में डायलॉग्स जोड़े गए।

## सीनी सब के यादें में अहम भूमिका निभाएगी डेलनाज ईरानी

**मुंबई।** अभिनेत्री डेलनाज ईरानी सोनी सब के शो यादें में अहम भूमिका निभाएगी। सोनी सब का शो यादें अपनी भावनात्मक कहानी और गहराई से बुने किरदारों के सफर के साथ दर्शकों को लगातार जोड़े हुए है। चल रही कहानी में एक नया दिलचस्प मोड़ जोड़ते हुए, अनुभवी अभिनेत्री डेलनाज ईरानी शो में खास भूमिका निभाने जा रही हैं। अपनी यादगार परफॉर्मेंस और जीवंत स्क्रीन प्रेजेंस के लिए मशहूर डेलनाज ईरानी का 'चांदनी' के रूप में शो में आना कहानी को एक नया आयाम देने वाला है। कभी लाखों लोगों की चहेती रही चांदनी आज भी अपने ग्लैमर, शोहरत और चाहने वालों की दुनिया में जीती है।




